Page 11



खेल

हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09

देश




**होंकी चैंपियनशिप में 15 साल की नौशीन नाज ने दो गोल दाग भारत को दिलाई जीत**

**बंगाल के औद्योगिक विकास को मिलेगी नई रफ्तार, शमिक बोले-टाटा को सिंगुर में वापस...**


मूल्य ₹ 2.00

कृष्ण पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • रविवार • 31 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 178 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,57,040 | ₹ 2,80,000 |

## आज का इतिहास

**1774** : भारत में पहला डाक सेवा कार्यालय खोला गया।

**1970** : इंदिरा गांधी ने बांग्लादेश, या पूर्वी पाकिस्तान में गृह युद्ध के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मदद का आह्वान किया था, दो मिलियन लोगों को शरणार्थियों में बदल दिया था। उनमें से कई हैजा और चेचक से पीड़ित थे। पश्चिम पाकिस्तान के अधिकारियों ने उनकी देखभाल करने से इनकार कर दिया, और भारत बर्दाश्त नहीं कर सका।

## न्यूज बाइट्स

### आज बिहार में भारी बारिश और तेज आंधी की चेतावनी

**पटना (नि.स.)**। बिहार में नौतपा के दौरान भी मौसम लगातार करवट बदल रहा है। भीषण गर्मी की जगह राज्य के कई हिस्सों में आंधी, बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज बिहार के कई जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की से भारी बारिश, तेज आंधी और वज्रपात की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार पटना, राजगीर, सिवान, भागलपुर समेत कई जिलों में शनिवार को मौसम खराब रह सकता है। कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि की भी संभावना है। तेज हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हो सकता है और खुले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पटना और आसपास के इलाकों में तेज आंधी चल सकती है।

**लक्ष्य :** गैस सब्सिडी के दुरुपयोग पर रोक लगाना और जरूरतमंदों तक कनेक्शन पहुंचाना

# एक जून से एक परिवार में केवल एक एलपीजी कनेक्शन ही होगा मान्य

- जरूरतमंदों को कनेक्शन, सब्सिडी दुरुपयोग रोकने का लक्ष्य।

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने एलपीजी कनेक्शन से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए साफ कर दिया है कि अब एक घर में केवल एक ही एलपीजी कनेक्शन मान्य होगा। सरकार ने गैस कंट्रोल ऑर्डर में संशोधन कर अतिरिक्त कनेक्शन रखने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही तेल कंपनियों ने उपभोक्ताओं से अतिरिक्त गैस कनेक्शन तुरंत सरेंडर करने की अपील की है। 1 जून से इस नियम को लेकर सख्ती शुरू की जाएगी। एचपीसीएल, इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम ने संयुक्त रूप से जारी सूचना में कहा है कि एक परिवार में पति-पत्नी, विवाहित बच्चे और आश्रित माता-पिता के लिए एक ही रसोई होने की स्थिति में केवल एक एलपीजी कनेक्शन वैध माना जाएगा। इससे अधिक कनेक्शन रखना नियमों का उल्लंघन होगा।




### अतिरिक्त कनेक्शन रखने पर बंद हो सकती है सप्लाई

सरकार के नए नियम के अनुसार यदि किसी उपभोक्ता के पास एक से अधिक एलपीजी कनेक्शन पाए जाते हैं, तो उसकी गैस सप्लाई बंद की जा सकती है। सप्लाई तभी दोबारा शुरू होगी जब सभी अतिरिक्त कनेक्शन सरेंडर कर दिए जाएंगे। यदि अतिरिक्त कनेक्शन सरेंडर करने के बाद उपभोक्ता के पास केवल एक कनेक्शन बचता है, तो उसे डबल बॉटल कनेक्शन (डीबीसी) में बदला जा सकता है। इससे उपभोक्ता जरूरत पड़ने पर दो सिलेंडर रखने की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

### पीएनजी उपभोक्ताओं को भी करना होगा सरेंडर

सरकार ने पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं के लिए भी नए निर्देश जारी किए हैं। जिन घरों में पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध है, उन्हें अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना होगा। 25 मई 2026 को जारी संशोधन के तहत पीएनजी कनेक्शन लेने के 30 दिनों के भीतर एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना होगा। हालांकि उपभोक्ता चाहें तो ट्रांसफर वाउचर प्राप्त कर सकते हैं, जिससे भविष्य में पीएनजी सुविधा न होने वाले क्षेत्र में एलपीजी कनेक्शन दोबारा सक्रिय कराया जा सकेगा। सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों तक नए एलपीजी कनेक्शन पहुंचाना, सब्सिडी वाले सिलेंडरों के दुरुपयोग और ब्लैक मार्केटिंग पर रोक लगाना तथा पीएनजी जैसे स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा देना है। तेल कंपनियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने नजदीकी डिस्ट्रीब्यूटर से संपर्क कर अतिरिक्त कनेक्शन सरेंडर करने की प्रक्रिया जल्द पूरी करें। यह सुविधा ऑनलाइन माध्यम से भी उपलब्ध कराई गई है।

### ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करना भी जरूरी




उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे अपने गैस कनेक्शन की स्थिति की जानकारी नजदीकी गैस एजेंसी से प्राप्त करें और आवश्यक होने पर अतिरिक्त कनेक्शन सरेंडर कर दें। साथ ही, सभी उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी प्रक्रिया पूरी करना भी जरूरी बताया गया है। जिन लोगों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं कराया है, उन्हें आधार कार्ड और गैस उपभोक्ता दस्तावेजों के साथ एजेंसी जाकर यह प्रक्रिया जल्द पूरी करने की सलाह दी गई है। हालांकि, उपभोक्ताओं को किसी भी कार्रवाई से पहले अपनी गैस एजेंसी या संबंधित तेल कंपनी से आधिकारिक जानकारी अवश्य प्राप्त करनी चाहिए, ताकि अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं से बचा जा सके।

विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्यव्यापी जागरूकता अभियान

# पांच जून को सभी ग्राम पंचायतों में होगी विशेष ग्राम सभा, पर्यावरण संरक्षण का दिया जाएगा संदेश

- स्वच्छता, जल संरक्षण, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन और वृक्षारोपण पर होगा विशेष जोर, 1 से 5 जून तक चलेगा 'स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु' अभियान

निज संवाददाता | पटना

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आगामी पांच जून को राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इन ग्राम सभाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण, ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन तथा जिम्मेदार सामुदायिक व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में पंचायती राज विभाग ने सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

विशेष ग्राम सभा के तहत ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, प्रभात फेरी, सामुदायिक बैठकें, स्थानीय घोषणाएं तथा सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) सामग्री के प्रदर्शन जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जाएगा। इन गतिविधियों में जिला प्रशासन, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से जुड़े कर्मी, स्वयं सहायता समूह, स्वच्छाग्रही, सफाईकर्मी, महिलाएं, युवा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के सदस्य तथा स्थानीय संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

### नियुक्त किये जायेंगे नोडल पदाधिकारी

विशेष ग्राम सभाओं में कचरा पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी, जैविक खाद निर्माण तथा स्थानीय स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया जाएगा। साथ ही सार्वजनिक स्थलों और जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर रहेगा। कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन के लिए जिला एवं प्रखंड स्तर पर नोडल पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। ये पदाधिकारी कार्यक्रमों के सफल आयोजन, विभिन्न विभागों एवं हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करने तथा निर्धारित गतिविधियों के क्रियान्वयन की निगरानी करेंगे।

ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2026 के तहत कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी दी जाएगी। उन्हें गीले, सूखे, सैनिटरी एवं विशेष देखभाल वाले कचरे जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और दवाइयों के पृथक्करण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा खुले में कचरा फेंकने और जलाने पर रोक, गीले कचरे के स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण, उपयोगकर्ता शुल्क के भुगतान तथा पंचायत स्तर पर आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के विकास जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। वार्ड सदस्यों और मुखिया को स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन के लिए लीड फैसिलिटेटर की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इधर, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 1 जून से 5 जून तक 'स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु' अभियान भी चलाया जाएगा। अभियान के दौरान प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और जल संरक्षण से संबंधित व्यवहारगत बदलाव को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही 'कचरा से धन' की अवधारणा, सामुदायिक स्वच्छता परिसंपत्तियों के संचालन एवं रखरखाव तथा जनभागीदारी पर विशेष बल दिया जाएगा।

अभियान के तहत 1 जून को पंचायत प्रतिनिधियों और प्रमुख हितधारकों का उन्मुखीकरण, 2 जून को सामुदायिक परिसंपत्तियों एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों का निरीक्षण, 3 जून को बल्क वेस्ट जनरेटर की पहचान, 4 जून को वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान तथा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। राज्य सरकार का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप प्रदान करते हुए स्वच्छ, हरित और सतत ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना है।

# बिहार में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

निज संवाददाता | पटना

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि बिहार में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा पूरे राज्य में इनकी आपूर्ति बिना किसी बाधा के सामान्य रूप से जारी है। तेल कंपनियों ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और आवश्यकतानुसार ही ईंधन एवं गैस की खरीद करने की अपील की है। तेल कंपनियों के अनुसार राज्य भर में सभी पेट्रोल पंप, एलपीजी वितरक, टर्मिनल और डिपो सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं। ईंधन आपूर्ति श्रृंखला पूरी तरह मजबूत बनी हुई है और सभी भंडारण एवं वितरण केंद्रों पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आपूर्ति की जा रही है। कहीं भी किसी प्रकार की कमी या व्यवधान की स्थिति नहीं है। घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को भी नियमित रूप से गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। उपभोक्ता अपने-अपने गैस वितरकों के माध्यम से सामान्य तरीके से सिलेंडर की बुकिंग करा सकते हैं। गैस बुकिंग के लिए फोन, मोबाइल ऐप या ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए उपभोक्ताओं को वितरक के कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। वहीं राज्य के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। तेल उद्योग से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए लॉजिस्टिक्स, परिवहन और खुदरा वितरण नेटवर्क के बीच लगातार समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

तीनों तेल विपणन कंपनियां वास्तविक समय में स्टॉक की निगरानी कर रही हैं ताकि आपूर्ति श्रृंखला के किसी भी स्तर पर कोई व्यवधान उत्पन्न न हो। तेल कंपनियों ने आम जनता से अपील की है कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की खरीद और बुकिंग करें तथा घबराहट में अतिरिक्त भंडारण या अनावश्यक खरीदारी से बचें।

# एक जून से 30 जून तक देशभर में चलेगा खेत बचाओ अभियान

**नई दिल्ली(ए.)**। किसानों को वैज्ञानिक खेती, मिट्टी संरक्षण और संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार एक जून से 30 जून तक देशव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' चलाएगी। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह केवल जागरूकता कार्यक्रम नहीं, बल्कि खेत, किसान और गांव को जोड़ने वाला राष्ट्रीय जनअभियान होगा। नई दिल्ली में आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य खेतों की उर्वरता बनाए रखना, कृषि लागत को नियंत्रित करना तथा किसानों को समय पर वैज्ञानिक सलाह उपलब्ध कराना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र, राज्य और पंचायतों की साझी भागीदारी से इस अभियान को प्रभावी बनाया जाएगा। अभियान के दौरान रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को कम करने पर विशेष बल दिया जाएगा। किसानों को मृदा परीक्षण आधारित खेती, संतुलित खाद उपयोग, हरी खाद, जैविक उत्पादों और एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन (आईएनएम) के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके लिए प्रशिक्षण शिविर, प्रदर्शन कार्यक्रम और किसान संवाद आयोजित किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और मौसम की अनिश्चितताओं को देखते हुए किसानों को क्षेत्रवार कृषि सलाह भी दी जाएगी। उन्हें यह जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी कि किस क्षेत्र में कौन-सी फसल अधिक उपयुक्त है, किन परिस्थितियों में फसल विविधीकरण अपनाया जा सकता है और कम पानी या जोखिम वाली परिस्थितियों में कौन-से विकल्प लाभकारी होंगे।







## संक्षिप्त समाचार

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में मुख्य रसोइया एवं सहायक रसोइया पद हेतु काउंसलिंग 04 एवं 05 जून को आयोजित होगी

**नवादा**। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के निर्देश के आलोक में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में मुख्य रसोइया एवं सहायक रसोइया पद पर नियोजन प्रक्रिया के अंतर्गत अभ्यर्थियों की काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी, नवादा द्वारा काउंसलिंग की तिथि, समय एवं स्थल निर्धारित कर दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य रसोइया पद के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग दिनांक 04.06.2026 तथा सहायक रसोइया पद के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग दिनांक 05.06.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), नवादा में आयोजित की जाएगी।मुख्य रसोइया पद हेतु अभ्यर्थी क्रमांक 01 से 118 तक तथा सहायक रसोइया पद हेतु अभ्यर्थी क्रमांक 01 से 250 तक के अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर काउंसलिंग में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। सभी अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति तथा मूल प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु साथ लाना अनिवार्य होगा। काउंसलिंग हेतु अभ्यर्थियों की सूची जिले की आधिकारिक वेबसाइट https://nawada.nic.in पर प्रकाशित कर दी गई है। संबंधित अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट से अपनी काउंसलिंग की तिथि, समय एवं स्थान संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### एक माह से फरार मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**नरहट (नवादा)**: नरहट थाना क्षेत्र की पुलिस ने मारपीट के एक मामले में पिछले एक माह से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गंगटा गांव निवासी बाजो यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि बाजो यादव के विरुद्ध मारपीट से संबंधित कांड दर्ज था। मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गंगटा गांव में छापेमारी कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है।

### विनय कुशवाहा को रालोमो का जिलाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**कौआकोल**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के नवादा जिलाध्यक्ष पद पर विनय कुशवाहा उर्फ विनय मेहता के निर्विरोध चयन होने पर कौआकोल प्रखंड क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके समर्थकों एवं विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रखंड भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा,जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा,समाजसेवी यदुनन्दन पासवान,अवधेश राउत,सत्येंद्र यादव,सुधीर पांडेय सहित कई लोगों ने विनय कुशवाहा को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक मोर्चा नवादा जिले में और अधिक मजबूत होगी तथा संगठन का विस्तार नए आयाम स्थापित करेगा। वहीं विनय कुशवाहा ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है,उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

### रजौली में पुलिस को देख बोरा फेंककर भागा शराब तस्कर, 36 बोतल शराब व बियर जब्त

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र में बिहार मद्यनिषेध अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीते शाम गश्ती के दौरान कनगोबिगहा गांव के पास पुलिस को देखकर एक बाइक सवार शराब तस्कर प्लास्टिक का बोरा फेंककर फरार हो गया। बोरे की तलाशी में पुलिस ने 15.534 लीटर विदेशी शराब और बियर बरामद की है। प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार ने बताया कि थाने में एएसआई जयप्रकाश चौधरी पुलिस बलों के साथ संध्या गश्त में थे। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि शराब कारोबारी मोहकामा जंगल की ओर से अंग्रेजी शराब लेकर कानगोबिगहा गांव की ओर आ रहे हैं। सत्यापन के लिए टीम कनगोबिगहा पहुंची तो एक बाइक सवार पीछे बोरा लादे आता दिखा। पुलिस वाहन देखते ही वह बाइक घुमाकर भागने लगा। पुलिस ने खदेड़कर पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी कानगोबिगहा के एक घर के पास प्लास्टिक का बोरा फेंककर गली से बाइक लेकर फरार हो गया। जब्त शराब में झारखंड में बेचे जाने वाले किंगफिशर के 500 एमएल वाले 18 केन,आइकॉनिक व्हिस्की के 375 एमएल वाले 12 बोतल, रॉयल स्टैग एवं मैजिक मोमेंट्स के 375 एमएल वाले 3-3 बोतल शामिल है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब एवं बियर के अलावे फरार शराब तस्कर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस शराब तस्कर की गिरफ्तारी को लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

### घर में इनवर्टर जोड़ते समय जोरदार करंट की चपेट में आई 19 वर्षीय युवती, अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती

**रजौली**। रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर बी में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। घर में इनवर्टर को बिजली से कनेक्ट करने के दौरान 19 वर्षीय युवती बिजली के जोरदार करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। आनन-फानन में परिजनों ने उसे रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार की देखरेख में इलाज जारी है। घायल युवती की पहचान आलिया परवीन, उम्र 19 वर्ष, के रूप में हुई है। वह हरदिया सेक्टर बी निवासी डॉ. रुस्तम की भांजी है। परिजनों ने बताया कि आलिया कुछ दिन पहले ही अपने मामा के घर आई थी। घायल युवती के मामा डॉ. रुस्तम ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार सुबह करीब 9 बजे आलिया घर में लगे इनवर्टर को बिजली से कनेक्ट कर रही थी। इसी दौरान अचानक तार में आए करंट से उसे जोरदार झटका लगा। करंट इतना तेज था कि वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ी। शरीर के हाथ और पैर के हिस्से में झुलसने के निशान हैं। घटना के तुरंत बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजन बिना देर किए आलिया को लेकर रजौली अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार ने तुरंत प्राथमिक इलाज शुरू किया। डॉ. परितोष ने बताया कि युवती को बिजली का झटका लगा है। समय पर अस्पताल लाने से बड़ी अनहोनी टल गई। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है और इलाज जारी है। उसे निगरानी में रखा गया है। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने इस घटना के बाद बिजली उपकरणों का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतने की अपील की है। खासकर बारिश के मौसम में नंगे तार या गीले हाथों से बिजली के उपकरण छूने से बचने की सलाह दी जा रही है।

### मध्य विद्यालय अरिहाना में डिजिटल त्रैमासिक पत्रिका 'प्रेरणा' का हुआ विमोचन

**कटिहार**। जिले के आजमनगर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय अरिहाना में शनिवार को शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें दर्जनों अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्धारित थीम के अनुरूप बच्चों के भावनात्मक एवं मानसिक विकास पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान शिक्षकों एवं अभिभावकों ने अपने विचार साझा करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय और परिवार की संयुक्त भूमिका पर बल दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की डिजिटल त्रैमासिक पत्रिका 'प्रेरणा' के विमोचन के साथ हुई। पत्रिका में छात्र-छात्राओं द्वारा लिखी गई कविताएं, कहानियां तथा अन्य रचनात्मक सामग्री को स्थान दिया गया है। साथ ही प्रत्येक अंक में शिक्षकों एवं अभिभावकों की रचनाओं एवं विचारों को भी प्रकाशित किया जाएगा। पीटीएम के दौरान विद्यालय की ओर से दो अभिभावकों राजेश यादव एवं मीना देवी को उनके अनुकरणीय सहयोग एवं बच्चों की शिक्षा के प्रति सकारात्मक योगदान के लिए 'पेरेंट्स ऑफ द मंथ' सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

# रजौली अस्पताल में 50 वर्षीय अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली**। रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार सुबह इलाज के दौरान एक 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। मृतक के पास कोई परिजन मौजूद नहीं था। सूचना पर एएसआई जयप्रकाश चौधरी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मृतक की वास्तविक पहचान की जांच में जुटी है।

अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि बीते शुक्रवार को एक होटल संचालक बीमार हालत में अधेड़ को इलाज के लिए अस्पताल लाया था। डॉ. रौशन कुमार एवं डॉ. परितोष कुमार ने उसका इलाज शुरू किया। इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात उसकी मौत हो गई।

अस्पताल पर्ची के अनुसार मृतक की पहचान रजौली के सन्नी भुइयां के पुत्र कैलाश कुमार के रूप में हुई है। लेकिन अब तक कोई परिजन अस्पताल नहीं पहुंचा है, जिससे पुलिस को मृतक की वास्तविक पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर चौकीदार की देखरेख में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक की पहचान के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

**पहचान को लेकर असमंजस में पुलिस**



अस्पताल परिसर में मौजूद पुलिस बल

## तेज आंधी में कई पोल क्षतिग्रस्त बिजली आपूर्ति हुआ बाधित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

नारदीगंज( नवादा) प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार की सुबह में तेज गति से आंधी के साथ झमाझम वर्षा के साथ व्रजपात हुई। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। ऐसे में बिजली बाधित होने से कई गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। बिजली उपकरण शोभा की बस्तु बनी हुई है। ग्रामीणों ने जल्द बिजली आपूर्ति करने की मांग विभागीय अधिकारियों से की है। इस बाबत गोतरायन गांव के ग्रामीणों का कहना है कि शुक्रवार की सुबह में तेज आंधी के साथ वर्षा हुई है। आकाशीय बिजली भी गिरी है। ऐसे में गांव के महादेव स्थान के समीप शीशम का वृक्ष बिजली के पाल पर गिर गया,जिससे पाल क्षतिग्रस्त होने से इस गांव के अलावा आसपास गांव में बिजली बाधित है।

वही बिजली विभाग के कनीय अभियंता नवीन कुमार सिंह ने कहा आंधी पानी से नारदीगंज में पेट्रोल पंप रामे के समीप बिजली का एक पाल गिर गया और क्रॉसिंग तार टूट गया है। इसके अलावा हंडिया पचेया में नौ बिजली का पाल गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। जगदीशपुर ,ओड़ो स्टेशन ,बहोरी बिगहा गांव में,नारदीगंज कालेज के समीप पीन एक्सलेटर क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके अलावा भागलपुर गांव के समीप कहुआ का पेड़ गिरने से तार व डिस एक्सलेटर ध्वस्त हुए हैं। भेलू बिगहा गांव के रेलवे क्रॉसिग के पास केबल का अर्थ कटा है। वही नारदीगंज में डिस पंक्चर हुआ है।

धनियावां पहाड़ी पर ट्रांसफार्मर का एलए क्षतिग्रस्त हुआ है। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी बिजली का तार व पाल की क्षति पहुंची है। कनीय अभियंता ने कहा फिलहाल इचुआकरणा पंचायत में बिजली बाधित है,अन्य पंचायत के कई गांव में बिजली आपूर्ति की गई है। बहुत जल्द सभी गांवों में निर्बोध तरीके से बिजली आपूर्ति कर दिया जाएगा। विभागीय अधिकारी के साथ अन्य कर्मी बिजली का पाल,तार व अन्य तकनीकी खराबी को दूर करने में लगे हुए हैं।

## कौआकोल अंचल कार्यालय में जनता दरबार तीन मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कौआकोल**। आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से शनिवार को कौआकोल अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद एवं अन्य राजस्व संबंधी मामलों की सुनवाई की गई,जिसमें कुल छह मामलों को प्रस्तुत किया गया।सुनवाई के दौरान तीन मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जिससे संबंधित पक्षों को तत्काल राहत मिली। वहीं शेष तीन मामलों में आवश्यक जांच-पड़ताल,अभिलेखों की समीक्षा एवं साक्ष्यों के आधार पर अगली तिथि निर्धारित करते हुए सुनवाई के लिए रखा गया। जनता दरबार की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता है तथा भूमि एवं राजस्व से जुड़े विवादों को स्थानीय स्तर पर निपटाने के लिए नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह,राजस्व अधिकारी अनीश कुमार,राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू,नरेंद्र कुमार,प्रकाश कुमार,दीपक कुमार,आदित्य कुमार, नितेश कुमार मिश्रा एवं लिपिक नीतीश कुमार सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## जनता दरबार में आए चार में तीन मामलों का हुआ निष्पादन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)**। भूमि संबंधी विवादों के निपटारे को लेकर शनिवार को नरहट अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार की अध्यक्षता अंचलाधिकारी मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने संयुक्त रूप से की।

अंचलाधिकारी ने बताया कि जनता दरबार में कुल चार फरियादियों ने आवेदन प्रस्तुत किया था। सभी मामलों में दोनों पक्षों को नोटिस भेजकर उपस्थित होने के लिए बुलाया गया था। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के दस्तावेजों का अवलोकन एवं तथ्यों की जांच की गई। सुनवाई के बाद चार में से तीन मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि एक मामले में आगे की कार्रवाई के लिए नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि भूमि विवादों के त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, जिससे लोगों को न्याय मिल सके।



जनता दरबार में उपस्थित पदाधिकारी एवं अन्य

## मेयर एवं विधान पार्षद ने नयी सशक्त समिति के सदस्यों को दी बधाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार**। मेयर उषा देवी अग्रवाल ने नगर निगम, कटिहार की सशक्त स्थायी समिति के चुनाव में विजयी होने वाले सभी नवनिर्वाचित सम्मानित सदस्यों को हार्दिक बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की अनंत शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि इनके कुशल नेतृत्व, कर्मठता और दूरदर्शिता से नगर निगम क्षेत्र विकास के नए आयाम छुएगा। जन-जन की आकांक्षाओं को पूरा करने और शहर के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे| मेयर ने कहा कि सशक्त समिति के सदस्यों का निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव इस बात का संकेत है,कि निगम के विकास के लिए सभी पार्षद पूरी तरह प्रतिबद्द हैं और उनका एकमात्र उद्देश्य निगम क्षेत्र की जनता तक बुनियादी सुविधाओं को पहुंचाना है| विकास के सभी छोटे-बड़े फैसले आम जनता के हित में लिए जायेंगे।

उधर,कटिहार के विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल ने नगर निगम, कटिहार की सशक्त स्थायी समिति के चुनाव में विजयी हुए सभी नवनिर्वाचित सम्मानित सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह जीत केवल सदस्यों की नहीं, बल्कि नगर निगम क्षेत्र के विकास और जनविश्वास की जीत है।

विधान पार्षद ने विश्वास जताया कि सभी सदस्य अपनी कार्यकुशलता, अनुभव और दूरदर्शी सोच के साथ निगम क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि शहर की मूलभूत समस्याओं के समाधान, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, सड़क एवं अन्य नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में समिति पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि सशक्त स्थायी समिति का शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव यह दर्शाता है कि सभी पार्षद नगर निगम के विकास को लेकर गंभीर और प्रतिबद्ध हैं। जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विकास से जुड़े सभी निर्णय आम लोगों के हित को ध्यान में रखकर लिए जाएंगे।

## छह गाड़ी चोर अरेस्ट, दिल्ली से लेकर बिहार तक वारदात को देते थे अंजाम, स्कॉर्पियो सहित कार जब्त

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा**। नालंदा की लहेरी थाना पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय गाड़ी चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन अपराधियों के तार बिहार के कई जिलों से लेकर दिल्ली और झारखंड तक जुड़े हुए थे। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी की गई स्कॉर्पियो और होंडा सिटी जैसी महंगी गाड़ियां, दर्जनों फर्जी नंबर प्लेट और कई मोबाइल फोन बरामद किए हैं। सदर डीएसपी वन संकेत कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि इस पूरे मामले की जांच तब शुरू हुई जब 23 मई 2026 को लहेरी थाना क्षेत्र के मंगला स्थान स्थित वैष्णवी मैरेज हॉल की पार्किंग से एक स्कॉर्पियो (BR01JD-6245) की चोरी हो गई थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश पर सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-01) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और जांच के आधार पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए जाल बिछाया।

सघन जांच के दौरान पुलिस टीम ने सबसे पहले मुजफ्फरपुर से अजय कुमार और बिट्टू कुमार व वैशाली जिले से अमन कुमार और रजनीश कुमार को धर दबोचा। पूछताछ में इन चारों ने अपना जुर्म कबूल किया। इसके बाद इनकी ही निशानदेही पर पुलिस ने झारखंड की राजधानी रांची के लोअर बाजार इलाके में छापेमारी की। वहां से पुलिस ने मोहम्मद असफान और अनस जमील नामक दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से लहेरी थाना क्षेत्र से चोरी गई स्कॉर्पियो को सफलतापूर्वक बरामद कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों के पास से पुलिस को भारी मात्रा में चोरी के गाड़ी और अन्य सामान मिले हैं। पुलिस ने लहेरी से चोरी गई स्कॉर्पियो के अलावा, दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी इलाके से चुराई गई एक होंडा सिटी कार (DL3CCN0474) और जहानाबाद से चोरी की गई एक अन्य स्कॉर्पियो भी बरामद की है। इसके साथ ही बदमाशों के पास से राजगीर सहित कई अन्य जगहों से चुराए गए चार पहिया और दो पहिया वाहनों के ढेरों नंबर प्लेट जब्त किए गए हैं। पुलिस ने इनके पास से कुल सात मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं, जिनमें चार एंड्रॉइड और तीन एप्पल आईओएस डिवाइस शामिल हैं। पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस गिरोह के सदस्यों का एक लंबा और संगीन आपराधिक इतिहास रहा है। पकड़े गए इन शातिर बदमाशों पर बिहार के बेलसर, पियरा, हिसुआ, जहानाबाद और राजगीर थानों के साथ-साथ दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी थाने में भी गाड़ी चोरी और अन्य गंभीर धाराओं में पूर्व से ही कई मामले दर्ज हैं।

फिलहाल पुलिस इन सभी से गहन पूछताछ कर रही है ताकि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी हो सके और चोरी गए अन्य वाहनों की बरामदगी की जा सके। इस सफल छापेमारी अभियान में नालंदा की डीआईयू टीम, लहेरी थानाध्यक्ष, दारोगा नीतीश रंजन, ऋतु रंजन, सर्वेश कुमार और सिपाही दीपक कुमार ने अहम भूमिका निभाई।



## त्रिवेणी बी0 एड0 कॉलेज में सेमिनार सह मेधा सम्मान समारोह का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा**। नगर स्थित मॉडर्न शैक्षणिक समूह द्वारा संचालित त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कुंती नगर, नवादा में "बच्चों की उत्कृष्ट उपस्थिति" विषय पर मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सचिव सह एसोसिएशन ऑफ़ टीचर्स ट्रैनिंग इन इंस्टिट्यूट पटना बिहार के महासचिव डॉ शैलेश कुमार ने अपना विचार प्रस्तुत करते हुए कहे कि विद्यालय में नियमित उपस्थिति केवल एक नियम नहीं, बल्कि सफलता की पहली सीढ़ी है। जो बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आते हैं, वे पढ़ाई में अधिक रुचि लेते हैं, अनुशासन सीखते हैं और जीवन में आगे बढ़ते हैं। नियमित रूप से विद्यालय आने से बच्चों का ज्ञान बढ़ता है, आत्मविश्वास मजबूत होता है और शिक्षकों के साथ उनका अच्छा संबंध बनता है। जो विद्यार्थी प्रतिदिन कक्षा में उपस्थित रहते हैं, वे पढ़ाई को अच्छी तरह समझ पाते हैं तथा परीक्षा में भी अच्छे अंक प्राप्त करते हैं। उत्कृष्ट उपस्थिति केवल विद्यार्थियों की मेहनत से नहीं, बल्कि माता-पिता और शिक्षकों के सहयोग से भी संभव होती है। यदि अभिभावक बच्चों को समय पर विद्यालय भेजें और शिक्षक उन्हें प्रेरित करें, तो हर बच्चा नियमित रूप से विद्यालय आने लगेगा। हमें यह समझना चाहिए कि एक दिन की अनुपस्थिति भी सीखने में बाधा बन सकती है। इसलिए हमें प्रतिदिन विद्यालय आकर शिक्षा का लाभ उठाना चाहिए और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाना चाहिए। अंत में, मैं यही कहना चाहूँगा कि नियमित उपस्थिति ही सफलता की कुंजी है। आइए, हम सभी प्रतिदिन विद्यालय आने का संकल्प लें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। उत्कृष्ट उपस्थिति वाले प्रशिक्षुगण जिन्हे महाविद्यालय द्वारा मोमेंटों तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया पिंकी कुमारी, मनीषा कुमारी, श्रेयशीसुकृति, सुंबुल सफिक, चम्पा कुमारी, कोमल कुमारी, सुलेखा चौरसिया, सोभा कुमारी, नेहा कुमारी, सुमन कुमारी, इसके बाद माननीय सचिव महोदय ने कहा कि हम सभी यहाँ "मेधा सम्मान समारोह" के प्रतिभागियों को भी सम्मानित करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह समारोह केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि मेहनत, लगन और सफलता का उत्सव है।

हर विद्यार्थी अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है, लेकिन सफलता उसी को मिलती है जो कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ता है। आज जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है, उन्होंने अपनी मेहनत और प्रतिभा से यह सिद्ध कर दिया है कि निरंतर प्रयास करने वाला व्यक्ति कभी असफल नहीं होता। मेधा सम्मान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इससे न केवल सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है, बल्कि अन्य छात्र भी आगे बढ़ने और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित होते हैं। यह समारोह हमें सिखाता है कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। मैं उन सभी अभिभावकों और शिक्षकों को भी धन्यवाद देना चाहता हूँ, जिनके मार्गदर्शन और सहयोग से विद्यार्थी सफलता प्राप्त करते हैं। गुरु का आशीर्वाद और माता-पिता का समर्थन ही बच्चों को ऊँचाइयों तक पहुँचाता है। प्रियs बच्चों, हमें हमेशा याद रखना चाहिए कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर अभ्यास, ईमानदारी और सकारात्मक सोच ही हमें अपने लक्ष्य तक पहुँचाती है। अंत में, मैं सभी सम्मानित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। आशा है कि आप सभी आगे भी अपने विद्यालय, परिवार और देश का नाम रोशन करेंगे। महाविद्यालय द्वारा मेधा सम्मान समारोह में मोमेंटों तथा मेडल से सम्मानित किये गये प्रशिक्षुगण पिंकी कुमारी, मनीषा कुमारी, श्रेयशीसुकृति, सुंबुल सफिक, चम्पा कुमारी, सोनू कुमार, सोनू कुमार, रवि कुमार, राज कुमार वर्मा, नीरज कुमार, चंदन कुमार, संजीव कुमार, रौशन कुमार आदि है। तत्पश्चात सचिव महोदय ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम के बाद हम सभी यहाँ अभ्यास पाठ के लिए रवाना करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण चरण है, क्योंकि अभ्यास पाठ केवल शिक्षण कार्य नहीं, बल्कि हमारे ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास की वास्तविक परीक्षा भी है। हमने अब तक जो सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त दिया है, उसे विद्यालय के वास्तविक वातावरण में लागू करने का अवसर हमें मिलने जा रहा है। यह अनुभव आपको एक अच्छे शिक्षक बनने की दिशा में आगे बढ़ाएगा। अभ्यास पाठ के दौरान हमें केवल पढ़ाना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की भावनाओं को समझना, अनुशासन बनाए रखना और शिक्षा को रोचक बनाना भी सीखना होगा। एक शिक्षक का कार्य केवल किताबों तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह समाज और राष्ट्र निर्माण का आधार होता है। मैं आप सभी प्रशिक्षुओं से कहना चाहूँगा कि आप पूरे उत्साह, अनुशासन और समर्पण के साथ इस कार्य को करें। अपने व्यवहार, समय पालन और मेहनत से अपने संस्थान का नाम गौरवान्वित करें। अंत में, मैं सभी

गुरुजनों का हृदय से धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने आप सभी को इस योग्य बनाया कि आप इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाने जा रहे हैं। हम चाहेंगे कि आप सभी आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ अभ्यास पाठ के लिए रवाना हों और सफलता प्राप्त करें। इस शुभ अवसर पर त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नवादा के प्रचार्य डॉ राम नरेश झा, विभागाध्यक्ष डॉ फिरंगी यादव, सहायक प्राध्यापक राम प्यारे यादव, मनीष कुमार यादव, मनीष कुमार, नवेन्दु धीरज तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### 'शिक्षकों के ओरिजिनल वेतनमान-पेंशन की लड़ाई लड़ेंगे'

**नालन्दा**। बिहार विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) प्रोफेसर नवल किशोर यादव ने कहा है कि शिक्षकों के हितों के लिए जो भी जरूरत पड़ेगी, वह हर लड़ाई लड़ेंगे। शिक्षकों को ओरिजिनल वेतनमान और पुरानी पेंशन दिलाने के लिए भी संघर्ष किया जाएगा। ये बातें उन्होंने नालंदा के रहुई प्रखंड स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय पतासंग (हाई स्कूल) में आयोजित 'शिक्षक सम्मान समारोह' में शिरकत करने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहीं। इससे पहले विद्यालय परिसर पहुंचने पर शिक्षकों की ओर से उनका गाजे-बाजे और धूमधाम के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे। मीडिया से मुखातिब होते हुए प्रो. यादव ने राजनीति, शिक्षा और शिक्षकों के मुद्दे पर बेबाकी से अपनी राय रखी। चुनावों में विपक्ष की दावेदारी के सवाल पर चुटकी लेते हुए नवल किशोर यादव ने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को दावा करने का अधिकार है, लेकिन असली फैसला मतदाताओं के हाथ में होता है। उन्होंने कहा, "पिछले विधानसभा चुनाव में भी सारे लोगों ने बड़ी-बड़ी दावेदारी की थी, लेकिन सबकी लुटिया साफ हो गई। इस बार के चुनाव में भी उनकी लुटिया पूरी तरह साफ हो जाएगी।" राबड़ी आवास को खाली करने के लिए दिए गए नोटिस और उस पर हो रही ओछी राजनीति के सवाल पर प्रो. यादव ने स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी आवास किसी का परमानेंट नहीं होता। उन्होंने मुख्यमंत्री का उदाहरण देते हुए कहा कि नीतीश कुमार भी जब एक नंबर में थे, तो उन्होंने उसे खाली किया था। सरकारी आवास या लुटियंस जोन आने-जाने की चीज है। राबड़ी से पहले भी वहां लोग थे और उनके बाद भी लोग रहेंगे। शिक्षकों के प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज के मुद्दे पर सरकार का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने ही 5-6 हजार रुपये पर बहाल हुए शिक्षकों को 'विशिष्ट शिक्षक' का दर्जा देकर उनका मान बढ़ाया है। लाठीचार्ज की बात को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षक अभ्यर्थियों के नाम पर कुछ लोग अनावश्यक रूप से गदर मचाते हैं, जिसके कारण पुलिस को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बल प्रयोग करना पड़ता है। सूबे में फर्जी मदरसों और संस्कृत विद्यालयों को बंद करने के शिक्षा मंत्री के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए नवल किशोर यादव ने अपनी ही सरकार के मंत्री को नसीहत दे डाली। उन्होंने कहा कि जांच के लिए इतना ढोल पीटने की क्या जरूरत है? उन्हें जांच करने से कौन रोक रहा है? राज्य में पहले भी एनडीए की ही सरकार थी और आज भी है। आपको जहां ठीक लगता है, वहां जांच कीजिए और काम कीजिए।" जब उनसे फर्जी मदरसों के विशेष कारणों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने इससे पल्ला झाड़ते हुए कहा कि वे शिक्षा मंत्री के प्रवक्ता नहीं हैं, इस बारे में मंत्री ही बेहतर बता पाएंगे।

### नालंदा के 15 नगर निकायों में चुनाव खत्म, सातों सदस्यों का निर्वाचन, प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला दिखा



**नालन्दा**। बिहार नगर पालिका अधिनियम, 2007 की धारा-24 के तहत बिहारशरीफ नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति के सातों पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निर्धारित समय-सारणी के बीच गुप्त मतदान के जरिए सातों सदस्यों का निर्वाचन किया गया। मतदान के बाद मतगणना हुई और तुरंत चुनाव परिणामों की आधिकारिक घोषणा कर दी गई। इसके बाद सभी विजयी उम्मीदवारों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र सौंपकर उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस चुनाव के साथ ही नगर निगम में सत्ता और विकास कार्यों की रूपरेखा का नया समीकरण पूरी तरह से स्पष्ट हो गया है। चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए प्रशासन ने एक सुव्यवस्थित कार्ययोजना लागू की थी। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार, कार्रवाई के शुरुआती दो घंटों में वार्ड पार्षदों की उपस्थिति दर्ज की गई और सातों पदों के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किए गए। इसके बाद महज तीस मिनट के भीतर नामांकन पत्रों की संवीक्षा (स्क्रूटनी) का कार्य पूरा कर लिया गया। संवीक्षा प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मतपत्र तैयार करने के लिए एक घंटे का समय निर्धारित था। मतपत्र तैयार होते ही सदस्य संख्या एक से लेकर सात तक के लिए सभी वार्ड पार्षदों ने गुप्त मतदान के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान की अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद क्रमानुसार और पदवार मतों की गिनती शुरू की गई। मतगणना के दौरान सातों पदों के लिए प्रत्याशियों के बीच सीधा और कड़ा मुकाबला देखने को मिला। घोषित परिणामों के अनुसार, सदस्य संख्या एक के लिए संजय कुमार ने 25 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी नरेश प्रसाद को हराया, जिन्हें 22 मत मिले। वहीं, सदस्य संख्या दो के पद पर धनंजय कुमार 29 वोट पाकर भारी अंतर से विजयी रहे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी खालीद आलम को 17 मतों से संतोष करना पड़ा। सदस्य संख्या तीन के लिए सरफराज अहमद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 29 वोट हासिल किए और अंजनी कुमार (18 वोट) को शिकस्त दी। इसी कड़ी में सदस्य संख्या चार के पद पर अंबिका सोनी ने 26 मतों के साथ जीत दर्ज की, उन्होंने पुष्पा देवी (20 मत) को हराया। इस पद की मतगणना के दौरान दिलचस्प बात यह रही कि दो मतों को रद्द भी घोषित किया गया। सदस्य संख्या पांच के लिए आसमा खातून 25 वोट पाकर विजयी घोषित हुईं, उनके खिलाफ चुनाव लड़ रहीं इस्मत प्रवीण को 21 मत हासिल हुए। सदस्य संख्या छह के लिए विनोद रविदास ने 25 मत हासिल कर अली अहमद (20 मत) पर जीत दर्ज की। सदस्य संख्या सात के लिए संजय कुमार ने 25 मत हासिल किए और राज कुमार (21 मत) को हराकर समिति में अपनी जगह पक्की कर ली। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी नवगठित सदस्यों ने शहर के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और लंबित योजनाओं में गति लाने का संकल्प लिया।

### बिहार शरीफ कोर्ट का फैसला, हत्या के आरोपी को उम्रकैद, 20 हजार का लगा जुर्माना

**नालन्दा**। नालंदा के हरनौत थाना क्षेत्र में साल 2021 में हुई एक सीआरपीएफ जवान की हत्या और लूट के मामले में न्यायालय ने अपना फैसला सुना दिया है। आज कोर्ट के एडीजे-08 बिहारशरीफ, नालंदा ने पुलिस की ओर से प्रस्तुत सबूत और चार्जशीट के आधार पर हरनौत थाना कांड संख्या 308/21 के मुख्य आरोपी बबलू कुमार उर्फ बबलू यादव को दोषी करार दिया है। जोरारपुर, थाना हरनौत निवासी नारायण यादव के बेटे बबलू यादव को हत्या के इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इस पूरे प्रकरण में सरकार और पुलिस का पक्ष लोक अभियोजक अजय कुमार रस्तोगी ने न्यायालय के समक्ष मजबूती से रखा। न्यायालय ने आरोपी को अलग-अलग धाराओं में कठोर सजा मुकर्रर की है। IPC की धारा 302 के तहत दोषी पाते हुए बबलू यादव को आजीवन कठोर कारावास और 20,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। अर्थदंड की यह राशि नहीं देने पर उसे 6 महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके साथ ही, भादवि की धारा 394 (लूटपाट के दौरान चोट पहुंचाना) के तहत भी उसे 10 साल के सश्रम कठोर कारावास और 10,000 रुपये के अर्थदंड की सजा दी गई है। इस अर्थदंड को न चुकाने की स्थिति में 3 माह के अतिरिक्त साधारण कारावास का प्रावधान किया गया है। घटना 23 जुलाई 2021 की सुबह घटी थी, जब सकसोहरा (पटना) निवासी 25 साल के सीआरपीएफ जवान सोनू कुमार अपनी मोटरसाइकिल से पटना लौट रहे थे। सुबह करीब 4:00 बजे हरनौत में केन्द्रीय विद्यालय के पास तीन अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने उनकी बाइक रुकवाकर उन्हें देसी कट्टा सटा दिया था और उनका ओप्पो मोबाइल लूट लिया था। जब सोनू कुमार ने विरोध करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश की, तो एक बदमाश ने गाली देते हुए उन्हें पीछे से गोली मार दी थी। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल जवान को पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनौत और फिर वहां से पीएमसीएच पटना ले जाया गया था। बाद में इलाज के दौरान जवान की मौत हो जाने पर मामले में धारा 302 जोड़ी गई थी। 5 साल के बाद पीड़ित परिवार को न्याय मिल गया है।

# म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग गयाजी पहुंचे राज्यपाल हसनैन, मंत्री विजय सिन्हा ने किया रिसीव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**गयाजी**। म्यांमार के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार सुबह करीब 9 बजे गयाजी एयरपोर्ट पहुंचे। बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन और बिहार सरकार के मंत्री विजय सिन्हा ने उन्हें रिसीव किया। एयरपोर्ट से म्यांमार के राष्ट्रपति बोधगया के होटल वेलकम के लिए रवाना हुए। उनके साथ कई कैबिनेट मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं सहित एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी है। राष्ट्रपति यहां से महाबोधि मंदिर पहुंचेंगे। वहां पूजा-अर्चना के बाद, बर्मीज विहार का भी भ्रमण कर सकते हैं। यह विहार बोधगया के पुराने विहारों में से एक है। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर गयाजी की सड़कों, खासकर महाबोधि मंदिर जाने वाले रास्तों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

शनिवार को पूरे दिन ट्रैफिक को डाइवर्ट किया गया है। बोधगया प्रखंड क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध है। राष्ट्रपति की सुरक्षा में जिले के तमाम अधिकारी तैनात हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। दोपहर में भोजन के बाद दोपहर करीब 3 तीन बजे राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग वापस गया एयरपोर्ट लौटेंगे और दिल्ली रवाना होंगे। उनकी ये यात्रा नई दिल्लीऔर म्यांमार के बीच बढ़ते संबंधों को उजागर करती है, जो भारत की एक्ट ईस्ट नीति और नेबरहुड फर्स्ट पहल के अनुरूप है। रविवार को वे नई दिल्ली में उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता और रणनीतिक बैठकों में हिस्सा लेंगे।

**इन इलाकों में सभी तरह की गाड़ियों की आवाजाही पर रहेगी रोकः** जिला प्रशासन के अनुसार, शनिवार को शाम चार बजे तक एयरपोर्ट से पहले पांच नंबर गेट, हवाई अड्डा, टेकुना फार्म, दोमुहान, नोड वन, महाबोधि मंदिर, पचहट्टी और बकरौर स्थित मतंगवापी के सुजाता मंदिर तक जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों के आवाजाही पर पूरी तरह रोक रहेगी। हालांकि एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। इसके अलावा नोड वन से वेलकम होटल और महाबोधि मेडिटेशन सेंटर तक भी आम वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। इस मार्ग पर सिर्फ इमरजेंसी सेवा से जुड़े वाहन ही चल सकेंगे। प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि बिना जरूरी काम के प्रतिबंधित रूट पर जाने से बचें।

**यातायात व्यवस्था को सामान्य रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तयः** गया और बोधगया के बीच यातायात व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तय किया गया है। वाहन चालक शेरघाटी-चेरकी-गुलरियाचक-सिकरिया मोड़ मार्ग का उपयोग कर आवागमन कर सकेंगे। ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन की टीम विभिन्न चौक-चौराहों पर तैनात रहेगी ताकि लोगों को परेशानी न हो। इधर, म्यांमार के राष्ट्रपति के आगमन को लेकर गया जी एयरपोर्ट पर सुरक्षा तैयारियों की व्यापक समीक्षा की गई। डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसएसपी सुशील कुमार, एयरपोर्ट डायरेक्टर अवधेश कुमार, सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट वीएस ठाकुर समेत जिला प्रशासन, पुलिस, खुफिया एजेंसियों, इमिग्रेशन, कस्टम, एयरलाइन ऑपरेटर और एयरपोर्ट ऑपरेटर के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद एयरपोर्ट परिसर में सीआईएसएफ द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान आपात स्थिति से निपटने की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय का परीक्षण किया गया। पुलिस प्रशासन का कहना है कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

**इबोला अलर्टः गया एयरपोर्ट पर यात्रियों की होगी स्क्रीनिंग** : गया एयरपोर्ट पर इस समय इंटरनेशनल उड़ाने बंद हैं। सीधी उड़ानों के नहीं रहने से चार्टर्ड या कनेक्टिंग उड़ानों से विदेशी टूरिस्ट बोधगया आते हैं। इस लिए इबोला के संभावित खतरे को भारत में प्रवेश करने से रोकने के लिए बुधवार को एयरपोर्ट पर एक उच्चस्तरीय बैठक हुई थी। इसमें संक्रमण से बचाव और यात्रियों की स्क्रीनिंग को लेकर फैसले लिए गए।

बैठक में यह निश्चित किया गया कि गया एयरपोर्ट पर दिल्ली और कोलकाता से आने वाली डोमेस्टिक उड़ानों के यात्रियों की भी जांच होगी। यही नहीं उन यात्रियों की ट्रैवल हिस्ट्री खंगाली जाएगी, जो हाल में अफ्रीकी देशों की यात्रा करके भारत लौटे हैं और कनेक्टिंग फ्लाइट से गया पहुंच रहे हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए मगध मेडिकल अस्पताल में छह बेड का एक विशेष आइसोलेशन वार्ड पहले ही तैयार कर लिया है, ताकि संदिग्ध मरीज को तुरंत आइसोलेट किया जा सके।

# नगरनौसा डिग्री कॉलेज का विवाद गहराया कॉलेज को लोदीपुर शिफ्ट करने का विरोध

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा के नगरनौसा प्रखंड में बहुप्रतीक्षित डिग्री कॉलेज की स्थापना के बाद अब इसके स्थान चयन को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया है। शनिवार को कॉलेज को नगरनौसा मुख्यालय से हटाकर लोदीपुर में संचालित किए जाने के विरोध में आक्रोशित युवाओं और स्थानीय लोगों ने नगरनौसा बस स्टैंड के पास एनएच 431 (चंडी-दनियावां मुख्य मार्ग) को दूसरी बार जाम कर उग्र प्रदर्शन किया। सड़क जाम होने से मुख्य मार्ग पर दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। धरना-प्रदर्शन के दौरान मौजूद 'भारत की छात्र फेडरेशन' (SFI) की राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी ने बताया कि एक लंबे संघर्ष और 2024 से लड़ी जा रही लड़ाई के बाद नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की स्थापना संभव हो सकी है। लेकिन, कुछ लोगों द्वारा इसे नगरनौसा मुख्यालय में न बनाकर प्रखंड की कैला पंचायत अंतर्गत लोदीपुर गांव स्थित हाई स्कूल में शुरू कर दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि डिग्री कॉलेज का संचालन तत्काल प्रभाव से नगरनौसा बाजार स्थित बालिका उच्च विद्यालय से किया जाए। साथ ही, प्रखंड मुख्यालय के आसपास मौजूद सरकारी जमीनों पर से कुछ व्यक्तिगत लोगों का अवैध कब्जा हटाकर वहां कॉलेज का नया भवन बनाया जाए।

**दो खेमों में बंटे लोग, लोदीपुर के पक्ष में भी उठी आवाजेंः** विवाद में अब स्थानीय लोग दो खेमों में बंट गए हैं। एक पक्ष जहां मुख्यालय में कॉलेज की मांग पर अड़ा है, वहीं स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों का एक बड़ा वर्ग लोदीपुर के पक्ष में खड़ा है। लोदीपुर समर्थकों का तर्क है कि वहां स्थित मगध विद्यापीठ उच्च विद्यालय में 4 एकड़ 63 डिसमिल जमीन है और कॉलेज संचालन के लिए 20 कमरे उपलब्ध हैं, जो एक बेहतरीन आधारभूत संरचना है। उनका कहना है कि कई अन्य प्रखंडों में भी मुख्यालय से दूर कॉलेज का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है, इसलिए सुविधा के लिहाज से लोदीपुर ही सबसे उपयुक्त स्थान है। नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की मांग लंबे समय से चल रही थी। बीते 11 मई को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंतर्गत 'कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एंड साइंस, पटना' के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रो. संजय कुमार ने नगरनौसा डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसके बाद कॉलेज का शुभारंभ लोदीपुर स्थित उच्च विद्यालय परिसर से किया गया। इस फैसले के विरोध में 20 मई को युवाओं ने पहली बार सड़क जाम कर प्रदर्शन किया था। इसके अगले ही दिन 21 मई से प्रखंड कार्यालय पर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू हो गई और फिर 30 मई को एक बार फिर युवाओं का आक्रोश सड़क पर फूट पड़ा और उन्होंने बस स्टैंड के समीप चक्का जाम कर दिया।

**जाम की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिसः** आंदोलन और भारी सड़क जाम की सूचना मिलते ही नगरनौसा थानाध्यक्ष शशी कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि कॉलेज स्थानांतरण को लेकर छात्रों के एक गुट की ओर से सड़क जाम किया गया है। पुलिस मौके पर कैंप कर रही है और आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय अधिकारियों को भी इससे अवगत करा दिया गया है। प्रशासन दोनों पक्षों के बीच संवाद स्थापित कर यातायात बहाल करने की कोशिश में जुटा है।

# गयाजी के मंदिर कैंपस में कागज में लिपटी मिली हड्डी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**◆ घटना को लेकर दो समुदाय के लोगों के बीच तनाव, घटनास्थल पर 3 थानों की पुलिस मौजूद**

**गयाजी**। गयाजी जिले के इमामगंज में एक गांव के मंदिर कैंपस में शनिवार सुबह हड्डी मिलने के बाद गांव के लोगों ने जमकर बवाल काटा। हड्डी मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में गांव के लोग मंदिर पहुंचे और कैंपस में हड्डी फेंके जाने की घटना पर नाराजगी जताई। गांव के लोगों ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी और घटना की निष्पक्ष जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग भी की।

घटना मैरा गांव की है। गांव के लोगों के मुताबिक, शनिवार सुबह कुछ लोग पूजा के लिए मंदिर पहुंचे थे। इसी दौरान मंदिर कैंपस में एक कागज के टुकड़े में कुछ लपेटा हुआ देखा गया। कुछ लोगों ने देखा तो पाया कि कागज के अंदर हड्डी का टुकड़ा था।

इस बात की सूचना पूजा करने आए लोगों ने गांव के अन्य लोगों को दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। बवाल काटने लगे। बवाल की सूचना के बाद इमामगंज, भदवर और मैगरा थाने की पुलिस मंदिर कैंपस में पहुंची और जांच पड़ताल कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही।

सूचना के मुताबिक, मंदिर कैंपस में हड्डी फेंके जाने की सूचना के बाद दूसरे समुदाय के लोग भी वहां पहुंचे और उन्होंने कहा कि मंदिर से हड्डी का टुकड़ा हम लोग उठाकर बाहर फेंक देते हैं, लेकिन मंदिर में मौजूद कुछ लोगों ने ऐसा करने से रोक दिया, जिसके बाद कुछ देर तक दोनों समुदाय के लोगों के बीच बहस भी हुई।

**गांव के लोग बोले- बकरीद के दौरान पशु की हड्डी को मंदिर में फेंकाः** कुछ ग्रामीणों ने कहा कि हमें आशंका है कि बकरीद के दौरान पशु की कुर्बानी के बाद उसके हड्डी को साजिश के तहत मंदिर कैंपस में कागज के टुकड़े में लपेटकर फेंका गया है। हालांकि ऐसा करते हुए किसी ने किसी को देखा नहीं है। हड्डी किस जानवर की है, ये भी अभी क्लियर नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने मौके पर पहुंची पुलिस से मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की मांग की है।

वहीं, घटना को लेकर इमामगंज थाना के थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि बरामद हड्डी किस मवेशी की है और उसे वहां किसने फेंका। पुलिस ने कहा कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जाएगी। फिलहाल दोनों पक्ष को समझाया जा रहा है।

पुलिस और प्रशासन ने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा है कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और पुलिस लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लुटुआ के पहाड़ी इलाके में पुलिस-सीआरपीएफ का संयुक्त ऑपरेशन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी के लुटुआ थाना क्षेत्र में पुलिस व सीआरपीएफ ने जंगल मे रखे गए हथियार व आर्म्स बरामद किए हैं। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से एरिया डोमिनेशन अभियान के दौरान पहाड़ी इलाके में छापेमारी कर नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियार और कारतूस बरामद किए गए। इस कार्रवाई के बाद इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जानकारी के अनुसार, लुटुआ थाना की पुलिस व सीआरपीएफ डी-215 नागोबार की टीम संयुक्त रूप से अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के एकरुपैयवा गांव के पास कुंवारा पहाड़ी इलाके में संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं। सूचना मिलते ही संयुक्त टीम सक्रिय हो गई और पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया।

**दो देसी कट्टा और 315 बोर की दो जिंदा कारतूस बरामदः** तलाशी के दौरान जवानों ने झाड़ियों में छिपाकर रखे गए दो देसी कट्टा और 315 बोर की दो जिंदा कारतूस बरामद की। बरामद हथियारों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। इसके बाद आसपास के इलाके में भी घंटों सर्च ऑपरेशन चलाया गया। हालांकि मौके से किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बरामद हथियार नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए थे। आशंका जताई जा रही है कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी चल रही थी। समय रहते हथियार बरामद होने से सुरक्षाबलों ने बड़ी साजिश नाकाम कर दी।

**पिछले सप्ताह बरामद हुई थी 5 किलो की आईईडी बमः** लुटुआ एसएचओ सिंटू कुमार ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इलाके में लगातार एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया जा रहा है। असामाजिक और नक्सली गतिविधियों पर पुलिस की कड़ी नजर है। बीते सप्ताह भी लुटुआ थाना क्षेत्र के सिंघवा पहाड़ी इलाके से नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखा गया 5 किलो आईईडी बरामद किया गया था। जिसे बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही डिड्यूज कर दिया था। लगातार हो रही कार्रवाई के बाद मिल रहे हथियार व केन व आईईडी के बाद नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षाबलों की गतिविधियां और तेज कर दी गई हैं।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा के गयाजी जिलाध्यक्ष बने बंटी कुशवाहा, कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया, कहा- पार्टी को मजबूत करने के लिए करेंगे काम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता






**गयाजी**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने डॉ. राजीव प्रकाश उर्फ बंटी कुशवाहा को गयाजी का नया जिलाध्यक्ष चुना है। शनिवार को गयाजी शहर के कुजापी स्थित एक निजी होटल में जिला अध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें बंटी कुशवाहा निर्विरोध निर्वाचित हुए। यह चुनाव संगठनात्मक विस्तार और आने वाले राजनीतिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया था। चुनाव प्रक्रिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी प्रोफेसर गोपाल प्रसाद की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस दौरान अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार राम, जिला पर्यवेक्षक डॉ. अंजलि कुशवाहा और आदित्य जुगनू विशेष रूप से उपस्थित रहे। सुबह 11 बजे नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें केवल डॉ. राजीव प्रकाश उर्फ बंटी कुशवाहा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

**निर्विरोध निर्वाचित घोषित कियाः** निर्धारित समय तक किसी अन्य उम्मीदवार की ओर से नामांकन दाखिल न किए जाने के कारण, निर्वाचन पदाधिकारी ने उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। घोषणा के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और पार्टी के समर्थन में नारे लगाए। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव प्रकाश उर्फ बंटी कुशवाहा ने अपने संबोधन में पार्टी नेतृत्व और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वे उसके लिए सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा को जिले के हर पंचायत, गांव और बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए पूरी लगन से काम किया जाएगा।

**सिद्धांतों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए चलेगा अभियानः** बंटी कुशवाहा ने यह भी कहा कि पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने जोर दिया कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। आने वाले समय में युवाओं, किसानों, मजदूरों और समाज के सभी वर्गों को जोड़कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया। सभी नेताओं ने नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में संगठन के और मजबूत होने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम के अंत में संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर भी चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिले में जनसरोकारों के मुद्दों को मजबूती से उठाएगा और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाया जाएगा। डॉ. राजीव प्रकाश उर्फ बंटी कुशवाहा के निर्विरोध निर्वाचन को पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक उपलब्धि माना जा रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पंचायती राज व्यवस्था के तहत लगी शौर्य लाइट की हुई चोरी

**काराकाट/ रोहतास** । काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत अमरथा वार्ड नंबर 10 से बिजली के खंभे पर लगा शौर्य लाइट की हुई चोरी वार्ड सदस्य फुलवंती देवी ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के तहत रास्ते में लाइट व्यवस्था करने के लिए शौर्य लाइट लगाया गया था जिसको अज्ञात चोरों ने रात्रि में चोरी कर ले गए श्री कुमारी ने बताया कि काराकाट थाना में शौर्य लाइट चोरी की मामला का लिखित सूचना दी गई है थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है मामले की जांच कर अज्ञात चोरों की विरोध मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है आपको बता दें कि पंचायत बेनसागर काराकाट अमरथा गांव के वार्ड नम्बर दस स्थित विद्युत पोल पर लगे सौर्य लाइट अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। वार्ड सदस्या फूलवन्ती कुमारी के अनुसार घटना गत गुरुवार की रात घटी।इसकी जानकारी सुबह ग्रामीणों से मिली। मोबाइल टावर से अमरथा बाल तक जाने वाले रास्ते पर लोगों को रोशनी की सुविधा के ख्याल से पंचायती राज व्यवस्था के तहत लगाया गया था।चोरों ने बिजली के पोल पर चढ़ बैटरी समेत पूरा सेट खोल लिया गया है। प्राथमिकी के लिए थाना में आवेदन दे दिया गया है।

### कंडाडीह में विभाग ने दो लोगों को बिजली की चोरी करते पकड़ा, प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज / रोहतास**। बिक्रमगंज प्रक्षेत्र के कंडाडीह गांव में बिजली विभाग ने छापेमारी कर दो लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। इन उपभोक्ताओं पर कुल 62,744 रुपए का जुर्माना लगाया गया है, और उनके खिलाफ बिक्रमगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज द्वारा बिजली चोरी रोकने और बिलिंग व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शनिवार को विभागीय अधिकारियों और कनीय विद्युत अभियंताओं की टीम ने कंडाडीह गांव में छापेमारी की। जांच के दौरान पाया गया कि दोनों उपभोक्ता मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। पकड़े गए उपभोक्ताओं की पहचान कंडाडीह निवासी साहेब सिंह (पिता भिखारी सिंह) और रामबचन सिंह (पिता रामरुप सिंह) के रूप में हुई है। साहेब सिंह पर 27,675 रुपए और रामबचन सिंह पर 35,069 रुपए जुर्माना लगाया गया है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज, राजकुमार ने बताया कि टीम ने मौके पर ही अवैध कनेक्शन हटा दिए। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में भी लगातार छापेमारी अभियान चलाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस जांच अभियान में कनीय विद्युत अभियंता नवदीप गोयल, विद्युत कर्मी अविनाश कुमार, रंजन कुमार, सोनू कुमार सिंह, शिवनाथ सिंह सहित अन्य विभागीय कर्मी शामिल थे।

### विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला, सूचना पर पहुंचे विवाहिता का माता पिता को भी पीटा

**बिक्रमगंज /रोहतास**। थाना क्षेत्र के मैधरा गांव में विवाहिता और उसके माता पिता के साथ मारपीट किये जाने की एक प्राथमिकी शनिवार को बिक्रमगंज थाने में दर्ज कराई गई है। विवाहिता गोल्डी कुमारी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा गया है कि पति से विवाद के कारण लगभग दो वर्ष से अपने पिता के घर काराकाट थाना क्षेत्र के करूप में रह रही थी। 24 मई को उसके पति सनीकांत सिंह उर्फ छोटू, ससुर राम प्रवेश सिंह पिता स्व. चंद्रमा सिंह उसके मायके से उसे अपने गांव यानि उसके ससुराल मैधरा लेकर आये। शुक्रवार की रात लगभग 08 बजे उसके पति, ससुर, चचेरी सास चिन्ता देवी पति सुनिल सिंह उर्फ गांधी और परिवार के अन्य सदस्य मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए घर से बाहर कर दिये तथा उसका गहना जिसकी कीमत लगभग डेढ लाख रुपया है छीन लिए। उसने इस घटना की सूचना मोबाइल द्वारा अपने पिता को सुचना दी। लगभग एक घण्टा बाद उसके पिता तथा मम्मी, चाचा और भाई वहां पहुंचे और पूछताछ करने लगे तो इन सभी लोगों के साथ भी सभी अभियुक्त मिलकर मारपीट किये। सभी लोग किसी तरह से वहां से जान बचा कर भागे। थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि इस मामले प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### नालंदा में 84 करोड़ के फ्लाईओवर से जाम से राहत, लटकती शटरिंग-खुले पाइपों से दहशत में लोग



**नालन्दा**। नालंदा के बिहारशरीफ को जाम की समस्या से राहत मिल गई है। भरावपर से सोगरा कॉलेज तक बनाए गए शहर के पहले फ्लाईओवर का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से 26 मार्च को किया गया। 84 करोड़ रुपये की भारी-भरकम लागत से बने इस फ्लाईओवर के चालू होने से शहरवासियों को आवागमन में सुविधा तो हो रही है, लेकिन निर्माण काम में बरती गई लापरवाही ने पुल के नीचे से गुजरने वाले राहगीरों के मन में खौफ पैदा कर दिया है। तमाम बाधाओं और विरोधों को पार करते हुए शहर की यह नई पहचान 26 मार्च 2026 को पूरी तरह से बनकर तैयार हुई है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बने इस फ्लाईओवर की कुल लंबाई लगभग 1.6 किलोमीटर और चौड़ाई 8.9 मीटर है। साल 2022 में शुरू हुए इस निर्माण कार्य का मुख्य उद्देश्य शहर के प्रमुख जाम वाले स्थानों—कारगिल चौक, एलआईसी मोड़ और भरावपर पर यातायात का दबाव कम करना था, जिसमें यह काफी हद तक सफल भी रहा है।

**राहत के बीच हादसे का डर और एजेंसी की लापरवाही:** फलाईओवर के ऊपर से भले ही गाड़ियां सरपट दौड़ रही हों, लेकिन नीचे से गुजरने वाले लोगों और स्थानीय दुकानदारों के लिए यह जानलेवा साबित हो सकता है। निर्माण एजेंसी की लापरवाही का आलम यह है कि पुल के नीचे की शटरिंग प्लेटें, लोहे के खंभे और छड़ें अभी भी उसी तरह लटक रही हैं। इसके साथ ही जल निकासी वाले पाइपों को भी खुला छोड़ दिया गया है। स्थानीय निवासी नवीन कुमार बताते हैं कि ऊपर से लगातार गाड़ियों का आना-जाना हो रहा है और लटकते लोहे के खंभे कब नीचे गिर जाएं, इसका कोई ठिकाना नहीं है। पाइपों के अधूरे काम के कारण दुर्घटना का भय हमेशा बना रहता है। वहीं, एक अन्य स्थानीय दुकानदार अशोक कुमार ने अपना डर जाहिर करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति नीचे खड़ा हो और ऊपर से कोई भारी वस्तु गिर जाए, तो सीधे तौर पर उसकी जान जा सकती है। उन्होंने बताया कि पानी के पाइप भी आपस में जुड़े नहीं हैं, जिससे पानी सीधा सड़क पर गिरता है और आने वाले बरसात के दिनों में यह एक बड़ी मुसीबत बन जाएगा। स्थानीय निवासी रणजीत कुमार ने भी निर्माण कार्य में बरती गई इसे घोर लापरवाही करार दिया है। उनका कहना है कि पुल के नीचे की मुख्य सड़क पूरी तरह चालू है और भारी भीड़ इसी रास्ते से गुजरती है, ऐसे में जहां-तहां से निकली छड़ें किसी बड़े खतरे से कम नहीं हैं।

**प्रशासन ने दिया तुरंत कार्रवाई का आश्वासन:** लोगों की इन गंभीर शिकायतों और भय के माहौल पर संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त कुमार निशान्त विवेक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस मामले से संबंधित अधिकारी और निर्माण एजेंसी को तुरंत अवगत करा दिया जाएगा। नगर आयुक्त ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही फ्लाईओवर के नीचे लगी शटरिंग प्लेटों और लटकते लोहे को हटा लिया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। अब शहरवासियों को इंतजार है कि प्रशासन और संबंधित एजेंसी जल्द से जल्द इन खामियों को दुरुस्त करें, ताकि करोड़ों की लागत से बना शहर का यह पहला फ्लाईओवर लोगों के लिए सिर्फ सहूलियत का साधन बने।

# जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक डी आर डी ए सभागार सासाराम में हुई संपन्न





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**सासाराम /रोहतास**। आज दिन शनिवार को जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक डी आर डी ए सभागार सासाराम में हुई। जिसकी अध्यक्षता और अशोक चौधरी मंत्री खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग सह प्रभारी मंत्री रोहतास ने की। बैठक में अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया । साथ ही साथ समस्या और समाधान पर भी विचार विमर्श हुआ । तत्पश्चात जिला के अंतर्गत विभिन्न विभागों कार्यालयों के प्रगति प्रतिवेदन संबंधित विवरण सभा पटल पर रखी गई। विभागवार समीक्षा की गई। बीस सूत्री के सदस्यों ने सभा पटल पर अपने विचार सहित समस्याएं रख जिसका निष्पादन एवं आश्वासन अध्यक्ष एवं सचिव ने दिए। अध्यक्ष एवं सचिव ने सभी समस्याओं को गंभीरता से संज्ञान में लिया। समय अवधि के अंतराल में निदान का आश्वासन दिया। सचिव एवं जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने अपने कर्मचारियों पर भी पैनी नजर रखी।

जिले के सभी के विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिले के बीस सूत्री सदस्य नवीन चंद्र शाह ने अपने क्षेत्र के समस्याओं को सभा पटल पर रखा उनमें बिक्रमगंज बिस्कोमान में लूट का खसोट। जिले में अपंजीकृत रूप से होटल का चलना। केसठ 1 नहर की साफ-सफाई। पंचायत चुनाव में रोस्टर की पारदर्शिता इत्यादि। बैठक में सांसद शिवेश कुमार ,विधायक मुरारी गौतम, राजीव रंजन ,आलोक कुमार ,अशोक कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष सुशील कुमार चंद्रवंशी ,अजय कुशवाहा ,कपिल सिंह राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष, कमलेश पासवान ,सत्यनारायण पासवान ,सदस्य विजय सिंह ,आरती गुप्ता, संगीता सिंह, संतोष शुक्ला, रामप्रवेश राम ,असलम अंसारी ,अशोक शाह ,राजेंद्र प्रसाद सिंह, अभिषेक तिवारी, दीनानाथ राय ,कमलेश राय इत्यादि मौजूद रहे।

## विद्यालय मे शिक्षक अभिभावक की हुई गोष्ठी



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कोचस (रोहतास)**। प्रखंड क्षेत्र के सभी प्रारम्भिक विद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक कल्याण थीम पर शनिवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गयी। मध्यविद्यालय परसथुआ, शेख बहुआँरा, कथराई, डीघीटा बरहुतिकला, सरेया, हटना पटना आदि विद्यालयों में अभिभावकों के साथ विचार साझा किया गया। चर्चा के दौरान प्रधानाध्यापक बीरेंद्र सिंह ने कहा कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का आधार है। यह हमारी सोच, भावनाओं और दैनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता को निर्धारित करता है। मजबूत भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भावनाओं को पहचानना, उन्हें सही तरीके से व्यक्त करना और तनाव का प्रबंधन करना आवश्यक है।शेषनाथ कुमार ने कहा कि बेहतर मानसिक स्वास्थ्य हमें दूसरों के साथ मजबूत और स्वस्थ संबंध बनाने में मदद करता है।भावनात्मक तनाव कम होने से शारीरिक बीमारियां दूर रहती हैं।इसलिए अपनी भावनाओं को स्वीकार करें, चाहे वे सकारात्मक हों या नकारात्मक।ध्यान और गहरी सांस लेने के व्यायाम से मानसिक शांति मिलती है। कृश्नबिहारी सिंह ने कहा कि नियमित व्यायाम और अच्छी नींद मानसिक स्वास्थ्य को दुरुस्त रखते हैं। अपने करीबी दोस्तों या परिवार से अपनी भावनाएं साझा करें।मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का आधार है।मौके पर निर्भय राय, राकेश त्रिगन, अजय सिंह दिनेश प्रसाद, श्रीकवल सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

# हिंदी पत्रकारिता में उल्लेखनीय कार्य के लिए किया गया सम्मानित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**विक्रमगंज (रोहतास)**। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने के अवसर पर नव विहार टाइम्स दैनिक द्वारा बिहार एवं झारखंड के पत्रकारों-संवाददाताओं के लिए आयोजित सम्मान समारोह में बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के पत्रकार अनिल कुमार गिरी को उनके हिंदी समाचार पत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मालूम हो कि अनिल कुमार गिरी दावथ गांव निवासी श्री रामेश्वर गिरि के छोटे पुत्र हैं।विगत कई वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय अनिल कुमार गिरि विभिन्न विषयों पर निरंतर लेखन करते रहे हैं, जिसके कारण उन्होंने क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद बातचीत में उन्होंने कहा कि व्यक्ति को किसी भी कार्य को बिना परिणाम की चिंता किए पूरी लगन और तन्मयता से करना चाहिए, क्योंकि निष्ठापूर्वक किए गए कार्य से मिलने वाला सम्मान स्वतः प्राप्त हो जाता है। उनके इस उल्लेखनीय कार्य के लिए बिक्रमगंज अनुमंडल स्तर पर उन्हें सम्मान पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के अवसर पर पत्रकार पीके मिश्रा, चारों धाम मिश्रा, राजू पाठक सहित क्षेत्र के कई वरिष्ठ पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों ने अनिल कुमार गिरि को शुभकामनाएं और बधाइयां दीं। पत्रकारों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनिल गिरि की लेखनी ने समाज के विभिन्न पहलुओं को उजागर करने का कार्य किया है और उनकी कलम हमेशा जनहित के मुद्दों पर चलती रही है। नव विहार टाइम्स द्वारा आयोजित यह समारोह हिंदी पत्रकारिता की दो शताब्दियों की गौरवशाली यात्रा को समर्पित था, जिसमें क्षेत्रीय पत्रकारिता को मजबूत करने वाले पत्रकारों के योगदान को रेखांकित किया गया। अनिल गिरि का सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह ग्रामीण एवं अनुमंडल स्तर पर काम कर रहे उन सभी पत्रकारों के लिए प्रेरणा है जो संसाधनों की कमी के बावजूद पत्रकारिता के मूल्यों को जीवित रखे हुए हैं।

# सशक्त स्थायी समिति चुनाव शांतिपूर्ण तीन सदस्य निर्विरोध घोषित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**काराकाट / रोहतास** । नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति के गठन हेतु शनिवार को संपन्न चुनाव शांतिपूर्ण व सफल रहा; तीन रिक्त सदस्य पदों पर वार्ड पार्षद संजय राम, संतोष कुमार तिवारी उर्फ पिंटू तिवारी और मतरमाला देवी को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया। नाम वापसी की समय-सीमा समाप्त होने के बाद निर्वाची पदाधिकारी तथा जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने विजेताओं के नामों की आधिकारिक घोषणा की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों में निर्विरोध चुनाव को लेकर उत्साह दिखा। प्रबुद्ध नागरिकों ने इसे नगर पंचायत की राजनीति में सकारात्मक और विकासोन्मुखी संकेत करार दिया। नवनिर्वाचित सदस्य संतोष कुमार तिवारी ने सभी पार्षदों का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब नगर के सभी वार्डों में विकास की धारा बहेगी और मुख्यमंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री का भी आभार माना। संजय राम ने कहा कि पार्षदों के सहयोग से अब जो कार्य बाधित रहते थे वे आगे नहीं रुकेंगे तथा विकास कार्यों को गति मिलेगी।

मतरमाला देवी ने भी सभी वार्ड पार्षदों को धन्यवाद देते हुए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। उपमुख्य पार्षद रविश रंजन ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए उम्मीद जताई कि सभी पार्षद मिलकर नगर के विकास में तेजी लाएंगे। कार्यक्रम के दौरान सहायक निर्वाचन पदाधिकारी व बीडीओ राहुल कुमार सिंह, श्रम पर्वतन पदाधिकारी देवाशीष कुमार, बीपीआरओ रेणुका कुमारी, उपमुख्य पार्षद रविश रंजन, वार्ड पार्षद विपिन कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, अजय सिंह, गीता देवी, राधिका देवी, कलावती देवी तथा अन्य पार्षद प्रतिनिधि संतोष यादव, दिलीप कुमार, विनोद कुमार, विनेश कांत त्रिपाठी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# खड़ेज ने जीता नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

## फाइनल में शहर मेदनी को 5 रन से हराया, दिहंटर बने मैन ऑफ द सीरीज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर(रोहतास)**। अररूआं पंचायत के अकोढ़ी गांव में नवयुवक क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को उत्साह और रोमांच के बीच संपन्न हुआ। खड़ेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर मेदनी को 5 रन से पराजित कर टूर्नामेंट की ट्रॉफी अपने नाम कर ली।टूर्नामेंट का उद्घाटन चेयरमैन प्रतिनिधि मृत्युंजय भारती ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करता है। खिलाड़ियों को खेल को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना के साथ खेलना चाहिए।

फाइनल मुकाबले में खड़ेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 77 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में शहर मेदनी की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवरों में 72 रन ही बना सकी और 5 रन से मैच गंवा बैठी। प्रतियोगिता में शहर मेदनी के दिहंटर कुमार को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज तथा खड़ेज के छोटू कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दोनों खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में विजेता खड़ेज टीम को 10 हजार रुपये नगद, ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता शहर मेदनी की टीम को 6 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि, ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला पार्षद नीलम पटेल, प्रमोद पटेल, मुखिया जग नारायण पासवान, मुखिया प्रतिनिधि लालबाबू कुमार, पूर्व बीडीसी अरविंद कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में पूर्व पैक्स अध्यक्ष अमर प्रसाद कुशवाहा, धन्नंजय पांडेय उर्फ टाइगर बाबा तथा क्लब के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मैच में अंपायर की जिम्मेदारी अजय कुमार सोनी और रोहित कुमार सिंह ने निभाई।

## रोहतास में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक, मंत्री अशोक चौधरी ने की योजनाओं की समीक्षा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास**। समाहरणालय सभागार में बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों तथा जनहित से जुड़े मुद्दों की विभागवार गहन समीक्षा की गई।

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि जिले में अवैध बूचड़खानों के संचालन को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कृषि विभाग के कार्यों एवं किसानों से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। पत्रकारों द्वारा निगरानी विभाग की लगातार हो रही कार्रवाइयों को लेकर पूछे गए सवाल पर मंत्री ने कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति है कि भ्रष्टाचार एवं किसी भी प्रकार की अनियमितता में संलिप्त लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम कर रही है तथा गलत कार्य करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई और सिविल सर्जन के कार्यों को लेकर सवाल उठाए गए। वहीं, दिनारा विधायक आलोक सिंह ने गौवंश संरक्षण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बिक्रमगंज में सड़क किनारे गौमाताओं को बांधकर रखने की शिकायतें मिलती रही हैं, हालांकि अब ऐसी गतिविधियां बंद होती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने कहा कि गौवंश से जुड़े ऐसे सभी अवैध कार्यों पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए और प्रशासन को इस दिशा में लगातार कार्रवाई करनी चाहिए।

बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जिले के विकास कार्यों को गति देने तथा आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।

## श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर स्वर्गीय सिद्धेश्वर महतो को दी गई श्रद्धांजलि



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रोहतास**। जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. शैलेश सागर के पिता स्वर्गीय सिद्धेश्वर महतो जी के श्रद्धा कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सिकरिया (इंद्रपुरी) स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। रोहतास जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय, सासाराम नगर अध्यक्ष तौफीक अहमद मकरानी, राजेश्वर कुशवाहा, अश्विनी कुमार पासवान, मकसूद आलम, जफर आलम बीडीसी, डॉ. अख्तर, राम अवतार राय, जी.एम. अंसारी तथा राष्ट्रीय जनता दल पंचायती राज प्रकोष्ठ रोहतास के जिलाध्यक्ष मोहम्मद मकसूद आलम ने स्वर्गीय सिद्धेश्वर महतो जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर खिराज-ए-अकीदत पेश किया।

मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय सिद्धेश्वर महतो जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए उनके समाज के प्रति योगदान की सराहना की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# श्रीमद्भागवत कथा मे भगवान कृष्ण की बाल लीला की हुई वर्णन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोचस (रोहतास)**। कोचस प्रखंड के बलथरी पंचायत के सतसा गांव में चल रहे भागवत कथा के पांचवे दिन भगवान कृष्ण की बाल लीला की कथा सुनाई गयी। कथावाचक गंगापुत्र' के रूप में विख्यात और श्रीमद्भागवत कथा के प्रसिद्ध वक्ता श्री लक्ष्मीनारायण त्रिडंडी स्वामी जी महाराज (बक्सर वाले) अपनी कथा में बताते हैं कि श्रीकृष्ण का अवतार कोई साधारण घटना नहीं है। वे समझाते हैं कि जब-जब पृथ्वी पर पाप, अत्याचार और अनाचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की पुनर्स्थापना करते है। कहा कि कृष्ण का जीवन हमें प्रेम, कर्तव्य और अधर्म के नाश का आध्यात्मिक संदेश देता है।वासुदेव और देवकी मथुरा के कारागार में बंद थे। देवकी के सात पुत्रों को कंस ने मार डाला था। आठवें पुत्र के रूप में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। उसी समय गोकुल में नंदबाबा और यशोदा के घर एक कन्या योगमाया का जन्म हुआ था।कंस से बचाने के लिए वासुदेव जी नवजात कृष्ण को टोकरी में रखकर आधी रात में उफनती यमुना पार करके गोकुल ले गये।गोकुल में वासुदेव जी ने कृष्ण को यशोदा के पास सुलाया और वहां से योगमाया को उठा लाए। इसके बाद गोकुल में नंदोत्सव मनाया गया। उन्होंने कथा का विस्तार देते हुए कहा कि आकाशवाणी हुई जिसमें कंस की बहन देवकी के गर्भ से जन्मा बालक हीं कंस का नाश करेगा तो यह सुनकर कंस भयभीत हो गया और अपनी बहन को मारने के लिए आगे बढ़ा। तब वासुदेव जी ने उसे वचन दिया कि देवकी की जो भी संतान होगी, वे उसे कंस को सौंप देंगे।कंस मान गया और उसने वासुदेव-देवकी को कारागार में डाल दिया। कंस ने एक-एक करके देवकी की पहली सात संतानों को जन्म लेते ही मार डाला। जब देवकी के गर्भ से आठवीं संतान के रूप में स्वयं भगवान विष्णु ने अवतार लिया, तब कारागार में दिव्य प्रकाश छा गया। वासुदेव-देवकी के सामने चतुर्भुज रूप में प्रकट होकर उन्होंने अपनी लीला बताई और गोकुल (वृंदावन) में अपने मित्र नंद बाबा के यहाँ सुरक्षित पहुँचाने का निर्देश दिया।इस प्रकार गोकुल में बधाईया बजने लगी।अंत में बाल भगवान श्रीकृष्ण ने कंस समेत उसका साम्राज्य का नाश कर दिए।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# ट्रेन में लूट के विरोध में आरपीएफ जवान का मर्डर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर ।** भागलपुर में ड्यूटी के दौरान आरपीएफ जवान धर्मेंद्र कुमार (48) की 5 दिन पहले हत्या हुई थी। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को अरेस्ट किया है। इसने बताया कि लूटपाट का विरोध करने की वजह से इसने आरपीएफ जवान का अपहरण कर गला दबाकर उनका मर्डर किया था। डीएसपी नवनीत कुमार ने आज गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मामले के खुलासे के लिए एक विशेष टीम गठित की गई थी। जांच में यह बात सामने आई कि मृतक जवान ने ड्यूटी के दौरान ट्रेन में चोरी करने वाले गिरोह का विरोध किया था। यही वजह थी कि बदमीशों ने सबौर स्टेशन के पास से उनका अपहरण कर लिया। अकेला पाकर अपराधियों ने उनका गला दबाकर हत्या कर दी। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस पूछताछ में स्वीकार किया है कि आरपीएफ जवान की हत्या गला दबाकर की गई थी। अपहरण से लेकर हत्या तक की घटना में अन्य लोग भी शामिल है। पुलिस अभी आरोपी से पूछताछ कर रही है।


धर्मेंद्र कुमार
मृतक जवान



**आरपीएफ जवान की वर्दी का मोनोग्राम मिला**

गिरफ्तार आरोपी की पहचान सबौर के लैलख निवासी उपेंद्र यादव के बेटे चीकू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से मृत आरपीएफ जवान की वर्दी का मोनोग्राम, मिशन कोड और जला हुआ कपड़ा बरामद किया है। साथ ही अन्य शामिल बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। मृत आरपीएफ जवान 25 मई को मालदा डिवीजन के भागलपुर-साहिबगंज रेलखंड स्थित लैलख स्टेशन पर तैनात थे। रात के 8 बजे उनकी पत्नी से आखिरी बार बात हुई थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि स्टेशन पर उनकी अकेले ड्यूटी लगाई गई है और उनके अलावा वहां कोई नहीं है। अगले दिन यानी 26 मई को पत्नी ने फोन किया, तो उनका मोबाइल बंद बता रहा था। अधिकारियों से शिकायत की गई। 27 मई की शाम उनका शव भागलपुर के लैलख स्टेशन से करीब तीन किलोमीटर दूर एक तालाब से बरामद किया गया। शव नग्न अवस्था में मिला था। बॉडी की स्थिति ऐसी थी कि परिजन पहचान नहीं कर पाए। शाम करीब 5:30 बजे तालाब में शव मिलने के बाद परिजन वहां पहुंचे। चांदी की अंगूठी के आधार पर बाद में परिवार ने शव की पहचान की। धर्मेंद्र कुमार के शरीर और गले पर कई जख्म के निशान मिले थे। परिजनों ने भी आशंका जताई थी कि अपहरण के बाद पीट-पीटकर उनकी हत्या की गई होगी। डीएसपी नवनीत कुमार ने बताया कि 27 मई को एसएसपी प्रमोद कुमार यादव को सूचना मिली थी कि ड्यूटी के दौरान एक आरपीएफ जवान लापता हो गए हैं।

## योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाना कार्यकर्ता की जिम्मेदारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर ।** भागलपुर के नाथनगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हुई। इसके पहले दिन भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने जनधन योजना, कृषि, सिंचाई सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर बल दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने और उनकी समस्याओं के समाधान में सहयोग करने का आह्वान किया। चौबे ने कहा कि साल 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाना आवश्यक है। उन्होंने बिहार में केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय को विकास की गति बढ़ाने वाला बताते हुए भागलपुर में मरीन ड्राइव परियोजना और प्रस्तावित हवाई अड्डा निर्माण का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जिन विकास योजनाओं को कभी सपना माना जाता था, वे अब धरातल पर उतर रही हैं, जिससे क्षेत्र में पर्यटन, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिशन मोड में काम करते हुए जनसेवा को प्राथमिकता देने और राजनीति को सेवा का माध्यम मानकर जनता से निरंतर जुड़े रहने का आह्वान किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा समय पर पात्र लोगों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।



## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने अधिकारियों और कर्मियों को तंबाकू सेवन न करने की दिलाई शपथ

**अररिया।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शनिवार को डीएम विनोद दूहन ने अधिकारियों और कर्मियों को दिलाई तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने अपने जीवन में कभी भी धूम्रपान नहीं करने तथा किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करने का संकल्प लिया। साथ ही अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों को भी तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की प्रतिज्ञा ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी ने कहा कि तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है और यह कई गंभीर बीमारियों का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण के लिए जन-जागरूकता और व्यक्तिगत संकल्प दोनों आवश्यक हैं। प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं तंबाकू से दूर रहने के साथ-साथ दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर तंबाकू छोड़ने से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि तंबाकू का सेवन छोड़ने से हृदय की धड़कन और रक्तचाप सामान्य होने लगते हैं तथा रक्त में ऑक्सीजन का स्तर बेहतर होता है। इसके अलावा रक्त संचार एवं फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार होता है तथा खांसी, थकान और सांस फूलने जैसी समस्याएं कम होने लगती हैं। कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कर्मचारी मौजूद थे।

### डीएम ने डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी के गठन को लेकर की बैठक

**अररिया।** जिलाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में सीमावर्ती क्षेत्रों में डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी के गठन एवं दुग्ध संग्रहण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर शनिवार को बैठक हुई। जिसमें जिला गव्य विकास पदाधिकारी, सुधा डेयरी के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादकों को संगठित कर डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी के गठन पर चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने जिला गव्य विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आगामी 15 दिनों के अंदर डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी का गठन सुनिश्चित किया जाए तथा दुग्ध उत्पादकों को इससे जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही, सुधा डेयरी के अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश देते हुए कहा गया कि सोसाइटी गठन के उपरांत नियमित रूप से दूध उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसानों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो सके। डीएम ने कहा कि डेयरी कोऑपरेटिव सोसाइटी का गठन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे न केवल पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि स्वरोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें संगठित डेयरी व्यवस्था के माध्यम से बेहतर आर्थिक अवसरों में परिवर्तित किया जा सकता है।

### भाजपा प्रवक्ता बोले- यह जंगलराज नहीं, कानून का राज है

**बेगूसराय।** पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की ओर से सरकारी बंगला खाली नहीं किए जाने को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने बयान दिया है। नीरज कुमार ने तीखे लहजे में कहा कि बिहार में अब कानून का राज है, और हर हाल में बंगला खाली करना ही होगा। नीरज कुमार ने लालू परिवार पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि राबड़ी देवी यह जंगलराज नहीं, कानून का राज है और बिहार में एनडीए की सरकार है। जब इलाज कराना होता है, तो यह परिवार सिंगापुर जाता है। पोते का जन्मदिन मनाना हो, तो दिल्ली और नोएडा भागते हैं। लेकिन लूटने की बारी आती है, तो इन्हें बिहार में रहना होता है। नीरज कुमार ने पूछा कि आखिर उस बंगले में ऐसा क्या है, जिससे उन्हें इतना मोह है। आखिर आपने उस बंगले में ऐसा क्या छिपा कर रखा है। बंगला तो आपको किसी भी कीमत पर खाली करना ही पड़ेगा। अगर आपने बिहार की जनता की लूट का खजाना उस बंगले में छिपा रखा है, तो यह बात मान कर चलिए कि बिहार की पुलिस उसे भी ढूंढ निकालेगी। लालू परिवार पर पुराना इतिहास दोहराने का आरोप लगाते हुए नीरज कुमार ने कहा कि इस परिवार की कानून तोड़ने की पुरानी परंपरा रही है। राबड़ी देवी खुद बिहार की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं, इसलिए उन्हें खुद आगे आकर कानून का सम्मान करना चाहिए और आदर्श पेश करना चाहिए। अब बिहार में किसी की गुंडागर्दी या मनमानी नहीं चलने वाली है।

### आधी-अधूरी तैयारी के बीच बरारी से जाह्नवी घाट फेरी व मालवाहक सेवा शुरू, फंसे वाहन

**भागलपुर।** राष्ट्रीय जलमार्ग-1 के तहत भागलपुर के बरारी बियाडा घाट से नवगछिया के जाह्नवी चौक घाट के बीच शुक्रवार से बहुप्रतीक्षित फेरी एवं मालवाहक जहाज सेवा की शुरुआत तो हो गई, लेकिन प्रशासनिक लापरवाही और आधी-अधूरी तैयारियों ने पहले ही दिन वाहन चालकों में असंतोष दिखा। जिला प्रशासन जहां इसे सिल्क सिटी के व्यापार को बढ़ाने की दिशा में एक कदम बता रहा है, वहीं एप्रोच रोड की बदहाली को लेकर पहले ही दिन वाहन चालकों और ट्रक मालिकों में भारी आक्रोश देखा गया। घाट तक पहुंचने वाले एप्रोच रोड (पहुंच पथ) को पक्का और मजबूत बनाए बिना ही आनन-फानन में जहाजों का परिचालन शुरू कर दिया गया। शुक्रवार को उद्घाटन कार्यक्रम के ठीक बाद कई ट्रक चालकों ने जोखिम उठाकर अपने भारी वाहनों को मालवाहक जहाज पर लोड तो किया, लेकिन इसी बीच मौसम ने करवट ले ली। आंधी के साथ हुई तेज बारिश ने प्रशासन के तमाम दावों को बहा दिया। कच्चा रास्ता पहली ही बारिश में पूरी तरह दलदली हो गया, जिससे वहां दोपहिया वाहन तक फंसने लगे। ट्रक मालिकों का कहना है कि यदि एप्रोच रोड को तुरंत दुरुस्त नहीं किया गया, योजना महज एक दिखावा बनकर रह जाएगी।

### बिजली गुल होने से 4 दिन से सीएनजी पंप ठप, 500 से अधिक गाड़ियों के पहिए थमे

**भागलपुर ।** शहर से सटे बायपास इलाके में बीते सोमवार से जारी गंभीर बायपास स्थित मुख्य सीएनजी स्टेशन (पंप) बंद है। इसके कारण शहर और आसपास के इलाकों में दौड़ने वाले करीब 500 से अधिक ऑटो, कार और कमर्शियल वाहनों के परिचालन पर पूरी तरह ब्रेक लग गया है। पंप संचालकों के मुताबिक, बिजली गुल होने के बाद पेट्रोल और डीजल के नोजल तो बैकअप जेनरेटर की मदद से जैसे-तैसे चलाए जा रहे हैं, लेकिन सीएनजी री-फ्यूलिंग के लिए अत्यधिक हॉर्सपावर क्षमता वाले हाई-वोल्टेज कंप्रेशर मशीन की आवश्यकता होती है। यह मशीन सामान्य या छोटे कमर्शियल जेनरेटर के लोड से नहीं चल सकती।

### शिक्षकों को नए डिग्री कॉलेज में भेजने का विरोध

**भागलपुर।** टीएमबीयू के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षकों को प्रखंडस्तरीय डिग्री महाविद्यालयों में स्थानांतरित किए जाने पर टीएमबीयू अतिथि शिक्षक संघ ने नाराजगी जताई है। संघ के अध्यक्ष डॉ. आनन्द आजाद ने कहा कि अतिथि शिक्षक कक्षा-आधारित मानदेय पर कार्य करते हैं। ऐसे में नए डिग्री कॉलेजों में भेजे जाने से उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह निर्णय अतिथि शिक्षकों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि नए डिग्री महाविद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति से प्रशासनिक तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के संचालन में भी परेशानी होगी। बर्सर, परीक्षा नियंत्रक, क्रीड़ा प्रकोष्ठ अध्यक्ष, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर तथा एनसीसी के एनओ जैसी जिम्मेदारियां केवल स्थायी शिक्षक ही निभा सकते हैं। इसलिए विवि पुनर्विचार करे।

## पेंशन बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगजनों के जीवन की आधारशिला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**अररिया ।** अररिया में जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और विशेष रूप से पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में पेंशन योजनाओं, राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना, कबीर अंत्येष्टि योजना, मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना और विवाह प्रोत्साहन योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा हुई।

**योजनाओं के आवेदनों की जानकारी ली :** जिला पदाधिकारी ने सभी योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों, स्वीकृत मामलों और लाभ वितरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए ताकि पात्र लाभुकों को समय पर लाभ मिल सके। समीक्षा के दौरान सभी प्रकार के पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणीकरण (Life Certification) की प्रगति पर विशेष जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी विनोद दूहन ने सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग को तत्काल सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पत्र भेजने का निर्देश दिया।

## शराब मामले में दोषी को 8 साल की सजा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**भागलपुर ।** भागलपुर में विदेशी शराब के परिवहन से जुड़े एक मामले में आज विशेष उत्पाद कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए आठ साल के कारावास की सजा सुनाई है। जज शिव कुमार शर्मा ने सबौर विशेष उत्पाद वाद सुनवाई पूरी करने के बाद सोनू कुमार गोंड को दोषी पाया। कोर्ट ने धारा 30(ए) के तहत पांच साल के साधारण कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड साथ ही धारा 41(1) के तहत आठ साल के साधारण कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड नहीं देने पर प्रत्येक धारा में छह-छह महीने का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट ने दोनों सजाओं को साथ-साथ चलाने का आदेश दिया है। अभियोजन के अनुसार 17 अक्टूबर 2022 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सिल्वर रंग की महिंद्रा केयूवी गाड़ी से अवैध विदेशी शराब की खेप ले जाई जा रही है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने कोतवाली बांका रोड, गोराडीह के पास गाड़ी की घेराबंदी कर तलाशी ली। जांच के दौरान गाड़ी से कुल 87.5 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। छापेमारी के दौरान गाड़ी पर सवार तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने शराब, गाड़ी और अन्य सामग्रियों को जब्त कर प्राथमिकी दर्ज की और जांच शुरू किया। जांच पूरा होने के बाद न्यायालय में आरोप-पत्र समर्पित किया गया। विचारण के दौरान प्रस्तुत गवाहों और सबूतों के आधार पर आरोपों को संदेह से परे सिद्ध मानते हुए उसे दोषी करार दिया।

विशेष लोक अभियोजक भोला कुमार मंडल ने कहा कि मामले में अभियोजन पक्ष ने मौखिक और दस्तावेजी सबूतों को प्रभावी ढंग से पेश किया।

**भागलपुर–कटिहार–भागलपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेन तीन और ट्रिप के लिए चलेगी**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03407/03408 **भागलपुर–कटिहार–भागलपुर अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों** का आवागमन दिनांक 02.06.2026 **से** 04.06.2026 **तक** दोनों दिशाओं में संबंधित मौजूदा मार्ग, समयसूची, ठहराव और गठन के अनुसार प्रत्येक दिन जारी रहेगा। अन्य सभी निर्देश अपरिवर्तित रहेंगे।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

## रेयर ऑपरेशन से मां-नवजात सुरक्षित

**मुंगेर ।** मुंगेर जिला मुख्यालय स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में चिकित्सकों की एक टीम ने एक दुर्लभ और जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। इस ऑपरेशन में 28 सप्ताह की गर्भवती महिला और उसके बच्चे दोनों की जान बचाई गई। महिला चिकित्सक डॉ. कविता बरनवाल ने लगभग एक घंटे तक चले इस ऑपरेशन का नेतृत्व किया। ऑपरेशन की सफलता के बाद शहर ही नहीं, जिले के अन्य चिकित्सकों ने भी डॉ. बरनवाल को फोन कर बधाई दी। जानकारी के अनुसार, 21 साल की गर्भवती महिला धड़कन बढ़ने की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंची थी। परिजनों ने उसे कई अस्पतालों में दिखाया, लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अधिकांश चिकित्सकों ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया था। इसके बाद महिला को प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों को भी सहयोग के लिए बुलाया : अस्पताल में भर्ती होने के बाद महिला की सभी आवश्यक जांचें कराई गईं। जांच रिपोर्ट में महिला के शरीर में खून की कमी, पीलापन और पैरों में सूजन पाई गई। चिकित्सकों ने पहले दवाओं और इलाज के माध्यम से उसकी स्थिति को सामान्य किया। शुक्रवार दोपहर शहर के अन्य चिकित्सकों को भी सहयोग के लिए बुलाया गया और ऑपरेशन शुरू किया गया। ऑपरेशन के दौरान एक जीवित शिशु के साथ बड़ी मात्रा में मोलर मास निकाला गया। चिकित्सकों के अनुसार, यह एक अत्यंत दुर्लभ मेडिकल स्थिति होती है। ऑपरेशन से पहले एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. अमित विक्रम ने संभाली, जबकि डॉ. रमन, डॉ. अनिल सिंह और समर्पण अस्पताल के स्टाफ ने भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.–18 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं.–14–डीडीयू–व.मं.इंजी.–।।–26–27**
कार्य का नाम एवं लोकेशन : एडीईएन/मुख्यालय/डीडीयू के अंतर्गत डीडीयू में पीडी कॉलोनी में रेलवे इंटर कॉलेज का नवीनीकरण। कार्य का अनुमानित लागत: ₹4,40,86,459.02, धरोहर राशि: ₹8,81,700/–

**निविदा सं.–15–डीडीयू–व.मं.इंजी.–।।–26–27**
कार्य का नाम एवं लोकेशन : मानपुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय – उपकर मरम्मत कार्य – 17.66 ट्रैक कि.मी. (6 मीटर –16.26 ट्रैक कि. मी. और 3 मीटर –1.4 ट्रैक कि. मी.), कार्य का अनुमानित लागत: ₹8,15,13,086.82, धरोहर राशि: ₹16,30,300/–

**निविदा सं.–16–डीडीयू–व.मं.इंजी.–।।–26–27**
कार्य का नाम एवं लोकेशन : गया में कॉलोनियों के आसपास संवेदनशील स्थानों पर चारदीवारी/परिसर दीवार कर निर्माण। कार्य का अनुमानित लागत: ₹1,12,32,959.70, धरोहर राशि: ₹2,24,700.00/–

ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 18.06.2026 को 12:00 बजे तक। बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी: www.ireps.gov.in

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0325/डीडीयू/अभि./टी/26–27/44

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **सीनि. डीईएन/3/हावड़ा। (1) ई-निविदा सं.: 74 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** एईएन/कटवा के अधीन **जोन सं. 20 (जनरल जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकार: एईएन/कटवा के अधीन बीबी लूप में किमी. 89/0-107/0 तक के लिए जोनल कार्य - सभी सेवा भवनों, कॉलोनियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 85,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,70,000/-। **(2) ई-निविदा सं.: 75 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** एईएन/कटवा के अधीन **जोन सं. 21 (जनरल जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकार: एईएन/कटवा के अधीन बीबी लूप में किमी. 107/0 से 125/0 तक, ए-के एवं कटवा-बलगोना बीजी अनुभाग (बलगोना रहित) के साथ कटवा स्टेशन के लिए जोनल कार्य - सभी सेवा भवनों, कॉलोनियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 66,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,32,000/-। **(3) ई-निविदा सं.: 76 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन **जोन सं. 22 (जनरल जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकार: एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन बीबी लूप में किमी. 02/0 -89/0 तक के लिए जोनल कार्य - सभी सेवा भवनों, कॉलोनियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 88,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,76,000/-। **(4) ई-निविदा सं.: 77 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** एईएन/आजिमगंज के अधीन **जोन सं. 28 (जनरल जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकार: एईएन/आजिमगंज के अधीन आजिमगंज-नैहाटी अनुभाग में किमी. 2.2 से 43.74 तक के लिए जोनल कार्य - सेवा भवनों सहित, कॉलोनियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 60,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,20,000/-। **(5) ई-निविदा सं.: 78 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** एईएन/आजिमगंज के अधीन **जोन सं. 29 (जनरल जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकार: एईएन/आजिमगंज के अधीन आजिमगंज स्टेशन सहित किमी. 125/0 से 181/0 तक के लिए जोनल कार्य तथा एजेड सेवा भवन, कॉलोनियों की सभी सम्पत्तियों के साथ सभी सेवा भवन तथा अन्य ढांचे (एजेड लोको शेड कार्य तथा एजेड कोचिंग डिपो के लिए 2000000) में लकड़ी एवं सैनिटरी तथा कलर वाश/व्हाइट वाश तथा अन्य खुदरा मरम्मत कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 88,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,76,000/-। **(6) ई-निविदा सं.: 79_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/कटवा के अधीन **जोन सं. 33 (रोड जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)**, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागत:** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,12,000/-। **(7) ई-निविदा सं.: 80 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन **जोन सं. 34 (रोड जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)**, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागत:** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,12,000/-। **(8) ई-निविदा सं.: 81_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/आजिमगंज के अधीन **जोन सं. 35 (रोड जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)**, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागत:** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,12,000/-। **(9) ई-निविदा सं.: 82 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण: जोन सं. 45 (पुल जोन)** एईएन/कटवा अनुभाग के सभी पुलों के साथ एफओबी, आरयूबी/आरओबी इत्यादि, एईएन/कटवा के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न पुलों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागत:** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,12,000/-। **(10) ई-निविदा सं.: 83 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण: जोन सं. 46 (पुल जोन)** एईएन/नबद्वीप धाम अनुभाग के सभी पुलों के साथ एफओबी, आरयूबी/आरओबी इत्यादि, एईएन/नबद्वीपधाम के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न पुलों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागत:** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,12,000/-। **(11) ई-निविदा सं.: 84 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण: जोन सं. 47 (पुल जोन)** एईएन/आजिमगंज अनुभाग के सभी पुलों के साथ एफओबी, आरयूबी/आरओबी इत्यादि, एईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न पुलों की मरम्मत एवं रखरखाव कार्य, समापन अवधि 30.06.2027। **अनुमानित लागत:** रु. 56,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,12,000/-। **(12) ई-निविदा सं.: 96 _2026-27, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** एडीईएन/आजिमगंज के अधिकार क्षेत्र के अधीन विभिन्न लेवल क्रॉसिंग गेटों के लिए सबमर्शिबल पम्प की सुविधा द्वारा जल आपूर्ति का प्रावधान तथा एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन नबद्वीप धाम रेलवे कॉलोनी के लिए पम्प हाउस के साथ गहरे नलकूप (350x200 मिमी व्यास) धंसाने के साथ पाइपलाइन, अतिरिक्त विद्युतीय मीटर सह स्विच का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** रु. 93,35,379/-। **बयाना राशि:** रु. 1,86,700/-। **(13) ई-निविदा सं.: 97 _2026-27, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** हावड़ा मंडल - सीनि. डीईएन/3/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन टीएफटीआर-3.008 टीकेएम, बीडीसी-केडब्ल्यूएई: अप 12.625-13.100=0.475 किमी, 76.285-76.466=0.181 किमी, 11.930-12.820=0.890 किमी, 76.286-76.450=0.164 किमी, 79.597-80.310=0.713 किमी, 80.440-81.025=0.585 किमी। **अनुमानित लागत:** रु. 4,78,01,692.46। **बयाना राशि:** रु. 9,56,000/-। **समापन अवधि:** क्रमांक 1 से 11 के लिए समापन अवधि 30.06.2027, क्रमांक 12 के लिए स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 04 (चार) महीने तथा क्रमांक 13 के लिए स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 18.06.2026 को 14.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-113/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (2), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **सीनि. डीईएन/2/हावड़ा। (1) ई-निविदा सं.: 65 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/डीकेएई के अधीन **जोन सं. 11 (सड़क जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)**, समापन अवधि 30.06.2027; विवरण: सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2023 की दरों की कुल प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर। सभी अध्यायों के साथ नवीनतम संशोधनी स्लीप इत्यादि के अनुसार अभियांत्रिकी विभाग की सामग्रियाँ। (मूल्य रु. 6000000.00)। **अनुमानित लागत:** रु. 60,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,20,000/-। **(2) ई-निविदा सं.: 66 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** एईएन/डीकेएई के अधीन **जोन सं. 12 (साधारण जोन, सड़क जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र - एईएन/डीकेएई के अधिकार क्षेत्र में एचबीसी अनुभाग में किमी. 27/0 से 66/0 तक स्टेशनों, सेवा भवनों, कॉलोनियों, फॉर्मेशन, सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागत:** रु. 1,10,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 2,20,000/-। **(3) ई-निविदा सं.: 67 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** एईएन/डीकेएई के अधीन **जोन सं. 13 (साधारण जोन, सड़क जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र - एईएन/डीकेएई के अधिकार क्षेत्र में सीसीएल, सीसीआर, एसीसीएल अनुभाग सहित डानकुनी एवं डानकुनी में डीजल कम्पोनेंट फैक्टरी तथा एचबीसी अनुभाग में किमी. 10/0 से 27/0 तक के साथ स्टेशनों, सेवा भवनों, कॉलोनियों, फॉर्मेशन, सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागत:** रु. 1,00,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 2,00,000/-। **(4) ई-निविदा सं.: 68 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन **जोन सं. 14 (सड़क जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)**, समापन अवधि 30.06.2027; विवरण: सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2023 की दरों की कुल प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर। सभी अध्यायों के साथ नवीनतम संशोधनी स्लीप इत्यादि के अनुसार अभियांत्रिकी विभाग की सामग्रियाँ। (मूल्य रु. 6000000.00)। **अनुमानित लागत:** रु. 60,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,20,000/-। **(5) ई-निविदा सं.: 69_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन **जोन सं. 15 (साधारण जोन, सड़क जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र - एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधिकार क्षेत्र में एचबीसी अनुभाग में किमी. 66/0 से 104/0 तक, मसाग्राम से बांकुड़ा लाइन में 0 से किमी तथा मेन लाइन में किमी. 91/0 से 95/0 तक के साथ सभी स्टेशनों, सेवा भवनों, कॉलोनियों, लेवल क्रॉसिंगों, फॉर्मेशन, सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागत:** रु. 1,10,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 2,20,000/-। **(6) ई-निविदा सं.: 70 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन **जोन सं. 16 (साधारण जोन, सड़क जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र - एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधिकार क्षेत्र में बर्द्धमान में डीजल शेड, मलेरिया कॉलोनी, ट्रैफिक कॉलोनी, हेल्थ यूनिट, एटीपी स्कूल, लोको ट्रैफिक रनिंग रूम, लोको शेड, लोको यार्ड, आरपीएफ बैरकों, आमबागान कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी, लोको कॉलोनी, आरई कॉलोनी एवं बर्द्धमान (छोड़कर) से बलगोना तक सभी स्टेशनों, सेवा भवनों, कॉलोनियों, लेवल क्रॉसिंगों, फॉर्मेशन, सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागत:** रु. 1,60,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 3,20,000/-। **(7) ई-निविदा सं.: 71 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन **जोन सं. 17 (साधारण जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र - एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधिकार क्षेत्र में बर्द्धमान में एचबीसी अनुभाग में किमी. 104/0 से 120/64 तक एवं बीडब्ल्यूएन-केएएन अनुभाग में बीडब्ल्यूएन स्टेशन, डाउन यार्ड, पावर हाउस, एसएसपी, स्टेशन कॉलोनी, कम्बाइंड रनिंग रूम, रेलवे इंस्टीट्यूट, इंस्पेक्टर रेस्ट रूम, एईएन कार्यालय, केबिनों, गुड्स शेड एवं अन्य आवासीय एवं सेवा भवनों इत्यादि तथा केएएन-जेटीएल अनुभाग (अप एवं डाउन) में किमी. 0/0 से 2/5 तक सभी स्टेशनों, सेवा भवनों, कॉलोनियों, लेवल क्रॉसिंगों, फॉर्मेशन, सड़कों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागत:** रु. 1,35,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 2,70,000/-। **(8) ई-निविदा सं.: 72 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के अधीन **जोन सं. 43 (ब्रिज जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र - सीनि. डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एचबीसी अनुभाग में किमी. 66/0 से 104/0 तक, मसाग्राम से बांकुड़ा लाइन पर 0 से 1 किमी तक एवं मेन लाइन में किमी 91/0 से 95/0 तक साथ में स्टेशनों, एचबीसी अनुभाग में किमी 104/0 से 120/64 तक एवं बीडब्ल्यूएन-केएएन अनुभाग के साथ बर्द्धमान में बीडब्ल्यूएन स्टेशन तथा केएएन-जेटीएल अनुभाग (अप एवं डाउन) में किमी 0/0 से 2/5 सभी पुलों के साथ सभी स्टेशनों की मरम्मत एवं रखरखाव, एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन एचबीसी अनुभाग में विभिन्न पुलों के साथ एफओबी, आरयूबी एवं आरओबी तथा एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन अन्य सभी पुलों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागत:** रु. 51,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,02,000/-। **(9) ई-निविदा सं.: 73_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/2/हावड़ा के अधीन **जोन सं. 44 (ब्रिज जोन)**, समापन अवधि 30.06.2027; अधिकार क्षेत्र-सीनि डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एईएन/डीकेएई के अधीन एचबीसी अनुभाग में किमी. 27/0 से 66/0 तक सभी पुलों के साथ स्टेशनों की मरम्मत तथा रखरखाव, सीसीएल, सीसीआर, एसीसीएल अनुभाग में सभी पुलों के साथ डानकुनी में डानकुनी स्टेशन तथा एचबीसी अनुभाग में किमी. 10/0 से 27/0 तक के साथ स्टेशनों की मरम्मत तथा रखरखाव, एचबीसी अनुभाग में विभिन्न पुलों सहित एफओबी, आरयूबी एवं आरओबी तथा एईएन/डीकेएई के अधीन अन्य सभी पुलों की मरम्मत तथा रखरखाव। **अनुमानित लागत:** रु. 51,00,000/-। **बयाना राशि:** रु. 1,02,000/-। **निविदा प्रपत्र की लागत:** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधि:** प्रत्येक के लिए स्वीकृति पत्र जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दिनांक 18.06.2026 को 14.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-115/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### मोबाइल से 70 हजार की लूट में आरोपी गिरफ्तार

**आरा**| उदवंतनगर थाना पुलिस ने बक्सर जिले के एक सर्फ व्यवसायी से मोबाइल के जरिए 70 हजार रुपए लूटने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के सुढनी गांव से हुई। आरोपी की पहचान सुढनी गांव निवासी रामेश्वर चौधरी के बेटे सुमन चौधरी के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक सुमन चौधरी ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर सर्फ व्यवसायी के मोबाइल से 70 हजार रुपए अपने मोबाइल पर ट्रांसफर करा लिए थे। घटना के बाद सुमन चौधरी ने थाने में आवेदन दिया था। आवेदन मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई की। सुमन चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। बाकी तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है।

### ट्रक-बाइक टक्कर में युवक गंभीर रुप से घायल

**कोईलवर** । कोईलवर-छपरा सड़क पर जमालपुर के पास शुक्रवार देर शाम ट्रक और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान बबुरा थाना क्षेत्र के फुंहाँ गांव निवासी गुति साव के 25 वर्षीय बेटे सूरज कुमार के रूप में हुई है। सूरज कुमार बाइक से कोईलवर की ओर से अपने घर फुंहाँ लौट रहा था। जमालपुर के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। सूरज गंभीर घायल हुआ। वह सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए कोईलवर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

### जितेंद्र सिंह बने भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष, दी बधाई

**आरा**| भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने जितेन्द्र सिंह को भाजपा युवा मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया। आरा में खुशी का माहौल रहा। भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश सिंह के आवास पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल लगाया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। बधाई दी। प्रकाश सिंह ने कहा कि जितेंद्र सिंह लंबे समय से भाजयुमो में प्रदेश के विभिन्न दायित्व निभा चुके हैं। उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। संगठन को मजबूती मिलेगी। उनके अनुभव का लाभ संगठन को मिलेगा। मौके पर भाजपा नेता निलेश कुमार जैन, मुकेश सिंह, अंकित सिंह, अभिमन्यु सिंह, विक्की जी, मुन्ना जी, अनिल कुमार मौजूद रहे। सैकड़ों कार्यकर्ता भी रहे। कार्यकर्ताओं ने जितेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर केंद्रीय नेतृत्व का आभार जताया।

### जंक्शन रेल यात्री कल्याण समिति की नई कार्यकारिणी बनी

**आरा** । रेल यात्री कल्याण समिति आरा जंक्शन के संगठनात्मक विस्तार को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। अध्यक्षता समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने की। संचालन शाखा अध्यक्ष कुणाल कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से सत्र 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। हिमेन्द्र मोहन सिंह को संयोजक बनाया गया। अभिषेक मेहता अध्यक्ष बने। आलोक कुमार उर्फ मोनू तिवारी उपाध्यक्ष बने। राहुल कुमार उर्फ राजा पासवान सचिव बने। सोनू कुमार पासवान कोषाध्यक्ष बने। प्रीतम कुशवाहा महामंत्री बने। मो. सैफ को प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। महिला प्रकोष्ठ में राधा सिंह अध्यक्ष बनीं। रेखा कुमारी उपाध्यक्ष बनीं। कुंचन कुमारी सचिव बनीं। उषा चौबे महासचिव बनीं। सोवा देवी उपसचिव बनीं। डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने कहा कि समिति मंडल के सभी स्टेशनों पर रेल यात्रियों की मूलभूत सुविधाओं की बहाली को लेकर प्रतिबद्ध है। स्टेशन के चहुंमुखी विकास पर भी जोर रहेगा। ट्रेनों के ठहराव को लेकर भी काम होगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधाओं में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में पूर्व वार्ड पार्षद हैबी खान मौजूद रहे। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश चौबे भी शामिल हुए। धीरण सिंह, रमेश यादव, आशीष पासवान, राहुल गुप्ता, सूरज पासवान, सौरभ शीत, विवेक कुशवाहा, रितेश पासवान, प्रदुमन महतो, प्रिंस कुमार, पिंटू पासवान सहित कई लोग उपस्थित रहे। समिति ने कहा कि वह यात्रियों की आवाज बनकर ट्रेनों के ठहराव, साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए रेलवे प्रशासन से लगातार संघर्ष करती है। संगठन आम लोगों और रेल विभाग के बीच सेतु बनकर जनहित की मांगें उठाता है।

### अचानक ठंडा मौसम सेहत के लिए खतरा

**बक्सर** । जिले में इन दिनों मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। कभी तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच रहा है। कभी अचानक 10 डिग्री तक गिरावट के साथ बारिश हो रही है। ठंडक का अहसास भी हो रहा है। इसके बाद फिर से तेज धूप निकलती है। इससे लोगों की दिनचर्या और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजेश मिश्रा ने इस अस्थिर मौसम को स्वास्थ्य के लिए चुनौतीपूर्ण बताया है। उन्होंने विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अचानक गर्मी और ठंड के बीच बदलाव से सर्दी-खांसी, वायरल बुखार, डिहाइड्रेशन और एलर्जी जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ सकती हैं। डॉ. मिश्रा के अनुसार, दिन में तेज गर्मी रहती है। सुबह-शाम ठंडा मौसम रहता है। इससे शरीर को तापमान के अनुरूप ढलने में कठिनाई होती है। इम्युनिटी कमजोर पड़ सकती है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

### रक्तदान शिविर में 35 युवाओं ने किया महादान

**बक्सर** । युवा प्रेरक एवं सामाजिक कार्यकर्ता पवन सत्यार्थी के 26वें जन्मदिन को प्रेरणा फाउंडेशन ने सेवा और मानवता के रूप में मनाया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में 35 युवाओं ने रक्तदान किया। उन्होंने जरूरतमंदों के जीवन को बचाने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम में उत्साह और सामाजिक सेवा की भावना साफ दिखाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद की सभापति किरण उपाध्याय, रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन राजेश कुमार सिंह, सेक्रेटरी विभा कुमारी, मेडिकल अफसर डॉ. के. के. सिंह, ब्लड कोऑर्डिनेटर डॉ. दिनेश प्रसाद सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता गुड्डू सिंह बाबुवान, अभय विश्वास भट्ट, मुन्नू तिवारी एवं फिजिक्स शिक्षक मीणा सर के स्वागत के साथ हुई। मुख्य अतिथि किरण उपाध्याय ने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है। प्रेरणा फाउंडेशन की यह पहल कई जरूरतमंदों के लिए जीवनदान साबित होगी। सामाजिक कार्यकर्ता गुड्डू सिंह बाबुवान ने कहा कि समाज में रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना जरूरी है। ऐसे शिविर लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। संस्था लगातार बेहतर कार्य कर रही रेड क्रॉस की सेक्रेटरी विभा कुमारी ने प्रेरणा फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था लगातार बेहतर कार्य कर रही है और आगे भी समाजहित में इसी तरह सक्रिय रहेगी। प्रेरणा फाउंडेशन के फाउंडर भुवन पढ़ने ने कहा कि संस्था का उद्देश्य है कि ब्लड के अभाव में किसी की जिंदगी समाप्त न हो और हर जरूरतमंद को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम का संयोजन पवन सत्यार्थी ने किया जबकि संचालन प्रेरणा फाउंडेशन के अध्यक्ष बबलू सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव ऐसना राज ने किया। शिविर में कोषाध्यक्ष दीपू मिश्रा, बिट्टू पांडेय, सबदन पाण्डेय, जया कुमारी, शीतल कुमारी, अंशु मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### मूल्य संवर्धन आधारित उद्योग लगाएं : डीएम

**बक्सर** । कलेक्ट्रेट परिसर के सभाकक्ष में डीएम साहिला ने उद्यमी संवाद सह-वार्ता कार्यक्रम आयोजित किया। बैठक में उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, तथा बैंक प्रतिनिधियों को निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि परंपरागत उत्पादों की इकाइयों के बजाय ऐसी इकाइयों को बढ़ावा दिया जाए, जो उत्पादों में मूल्य संवर्धन करें। उन्होंने डेयरी प्रोसेसिंग इकाइयों में मोजरेला और रिकोटा चीज उत्पादन पर जोर दिया। उन्होंने टमाटर केचअप, प्यूरी, आलू चिप्स, जिंजर, अदरक, तथा प्याज पेस्ट निर्माण जैसी इकाइयों की स्थापना की संभावनाओं पर भी जोर दिया। बैठक में सेंटर ऑफ रेजिलिएन्स के प्रबंधक कुमार प्रशान्त ने स्वच्छ गंगा बक्सर अभियान तथा शहर के चौराहों और पार्कों के सौंदर्यीकरण को लेकर प्रस्तुतीकरण दिया। गंगा घाटों की सफाई, स्वच्छता बनाए रखने, तथा विभिन्न थीम आधारित सौंदर्यीकरण की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने कहा कि बक्सर के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व तथा बेहतर संपर्क व्यवस्था के कारण यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

# समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान एक युवक को लगी गोली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**♦ शादी समारोह में नाच देख रहा था, रीढ़ की हड्डी में फंसी बुलेट, पटना रेफर**

**आरा** । भोजपुर के नारायणपुर थाना क्षेत्र के डिहरी गांव में शुक्रवार की रात शादी समारोह के दौरान चल रहे डांस में हर्ष फायरिंग में एक युवक घायल हो गया। घायल युवक नारायणपुर थाना क्षेत्र के भलुही गांव का रहने वाला कृष्णा सिंह का बेटा 19 साल का बेटा चंदन कुमार है। युवक को दाहिने पंजरी में गोली लगी है, जो शरीर के अंदर फंसी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर हालत देखते हुए उसे डॉक्टरों ने पटना रेफर कर दिया।

**घायल के भांजे ने बताई घटना की पूरी कहानी** : घायल के रिश्ते में लगने वाले भांजा ने बताया कि मामा चंदन कुमार पवना गांव से डिहरी गांव बारात में शामिल होने गए थे। शादी समारोह में नाच का कार्यक्रम चल रहा था। बारात में शामिल लोग खाना खाने के बाद नाच देखने में व्यस्त थे। इसी दौरान अचानक किसी युवक ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग के दौरान निकली एक गोली चंदन कुमार के दाहिने पंजर में जा लगी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और दर्द से छटपटाने लगा।

**अगिआंव पीएचसी के बाद आरा सदर अस्पताल, फिर पटना रेफर किया** : घटना के बाद मौके पर भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई। हल्ला होने पर आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि चंदन खून से लथपथ जमीन पर पड़ा हुआ है और एक युवक उसका खून रोकने का प्रयास कर रहा है। इसके बाद दोस्तों और रिश्तेदारों ने आनन-फानन में उसे बाइक से इलाज के लिए अगिआंव पीएचसी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में इलाज के दौरान ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि युवक को पंजर में गोली लगी है। अधिक खून बहने के कारण उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। शरीर के अंदरूनी हिस्सों के भी क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। बेहतर इलाज के लिए उसे पटना रेफर कर दिया गया है। वहीं, भगिना ने बताया कि गोली चलाने वाले युवक की पहचान नहीं हो सकी है। इधर घटना को लेकर नारायणपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच कर रही है।

## नगर पंचायत कोईलवर की सशक्त स्थायी समिति का निर्वाचन सम्पन्न



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कोईलवर** । बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत नगर पंचायत, कोईलवर की सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का निर्वाचन शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। निर्वाचन प्रक्रिया गुप्त मतदान एवं बहुमत के आधार पर करायी गयी। निर्वाचन परिणाम के अनुसार सशक्त स्थायी समिति सदस्य संख्या-1 के लिए वार्ड संख्या 9 के पार्षद अरविंद कुमार सिंह, सदस्य संख्या-2 के लिए वार्ड संख्या 12 के पार्षद बिरेन्द्र प्रसाद राम तथा सदस्य संख्या-3 के लिए वार्ड संख्या 3 के पार्षद शिव कुमार सिंह विजयी घोषित किए गए। तीनों विजयी उम्मीदवारों को क्रमशः 9, 8 व 7 मत प्राप्त हुए। निर्वाचन के दौरान बिजयी बनाने में वार्ड संख्या 7 के पार्षद प्रतिनिधि राशिद मल्लिक व पूर्व नगर अध्यक्ष यादवेंद्र कुमार उर्फ विरमन्यु यादव का मुख्य भूमिका रहा। निर्वाचन कार्य की देखरेख सदर अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में की गयी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी, सीडीपीओ सहित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। निर्वाचन को लेकर सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न होने पर प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया।

# कुएं में गिरने से अधेड़ की मौत

**♦ टॉयलेट के लिए घर से निकले थे, अंधेरे में अंसतुलित होकर गिरे, बेटा बोला- कम दिखता था**



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा** । आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही गांव में कुएं में गिर जाने से एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई, जब अधेड़ अंधेरे में टॉयलेट करने निकले थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वे घर के पास मौजूद कुएं में गिर गए। कुएं में गिरने के बाद किसी को कुछ नहीं पता चला, इसलिए अधेड़ की कुएं में डूबकर मौत हो गई। शुक्रवार सुबह जब परिजन ने अधेड़ को अपने कमरे में नहीं देखा तो उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान किसी ने अधेड़ के कुएं में गिरने की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया।

**बेटे ने कहा- पापा को आंख से कम दिखाई देता था** : मृतक की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के बड़की सिंगही गांव के रहने वाले 56 साल के गिरिजा गोड़ के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक के बेटे रंजन गोड़ ने बताया कि उनके पिता घर के बाहर बने कमरे में रहते और वहीं सोते थे। घर के पास ही एक पुराना कुआं है। उन्होंने बताया कि उनके पिता को आंखों से कम दिखाई देता था। आशंका है कि वे लघुशंका के लिए उठे होंगे। इसी दौरान अंधेरा होने के कारण उनका पैर फिसल गया होगा और वे कुएं में गिर गए होंगे। कुएं में गिरने के बाद उनकी डूबने से मौत हो गई।

**पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा** : स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना तत्काल टाउन थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि मृतक की पत्नी की मौत कुछ वर्ष पहले ही हो चुकी थी। परिवार में उनके दो पुत्र निरंजन गोड़ और रंजन गोड़ हैं। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। गांव में भी घटना को लेकर शोक का माहौल है।

# मां मनोकामना मंदिर स्थापना दिवस पर चल रहा श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा** । शहर के विष्णु नगर बैंक कॉलोनी, मां मनोकामना मंदिर के तृतीय स्थापना दिवस पर सात दिवसीय श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज के मंगलानुशासन में संपन्न हो रहा है। व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान को केवल देख लेने या उनके साथ रहने मात्र से जीवन का कल्याण नहीं होता, बल्कि उनके बताए मार्ग और जीवन शैली को अपनाने से ही मनुष्य का उद्धार संभव है। उन्होंने कहा कि महाभारत में दुर्योधन भगवान श्रीकृष्ण के साथ रहकर भी लालच, झगड़ा और विनाश के मार्ग पर चलता रहा। इसलिए मनुष्य को अपने भीतर समर्पण, भक्ति और सदाचार का भाव रखना चाहिए। बच्चों को संस्कार देना जरूरी स्वामी जी ने कहा कि चरित्र ही इंसान का सबसे बड़ा धन है और चरित्रहीन व्यक्ति मृत समान होता है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने की अपील करते हुए कहा कि समय पर विवाह एवं अन्य संस्कारों का पालन कराना आवश्यक है। भगवान की भक्ति और सत्कर्म से ही जीवन सार्थक बनता है तथा मोक्ष की प्राप्ति संभव होती है। विधि-विधान से हुआ यज्ञ और पूजन इस अवसर पर क्रांतिकारी गोविंदाचार्य, गोपी शर्मा समेत अन्य विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ, पूजा-पाठ और अनुष्ठान संपन्न कराया। कथा पंडाल में मौजूद हजारों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर भक्ति रस का आनंद लिया। उद्घोषकों ने बांधा समां राष्ट्रीय स्तर के उद्घोषक रविरंजन राय और मुकेश राय ने अपनी ओजपूर्ण वाणी से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## झमाझम बारिश से गिरा तापमान, आज भी आंधी व बारिश का अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर** । जिले में सुबह अचानक झमाझम बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने 29 मई के लिए तेज आंधी, वज्रपात, वर्षा को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। सुबह होते ही आसमान में घने बादल छाए। तेज हवा के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। तेज आंधी और बारिश के कारण कई इलाकों में पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए। इससे आवागमन भी प्रभावित हुआ। वहीं शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से काफी राहत मिली है। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज धूप और गर्म हवाओं से लोग परेशान थे। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। विद्युत विभाग की टीम आपूर्ति बहाल करने में जुटी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ जगहों पर जलजमाव की स्थिति भी बन गई। वहीं अमथुआ में ठनका से एक भैंस की मौत हो गई। तापमान में आई 8 डिग्री की कमी बता दे की झमाझम बारिश से तापमान में 8 डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना के अनुसार अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। जिसके कारण से दिन के साथ रात में भी उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली।

## पार्षदों ने चक्रवर्ती पर प्राथमिकी करने की मांग की

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर** । बक्सर नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के चुनाव के बाद शुरू हुआ राजनीतिक विवाद गहरा गया है। चुनाव में हार के बाद वार्ड पार्षद चक्रवर्ती चौधरी द्वारा सोशल मीडिया पर दिए गए बयान को लेकर कई जनप्रतिनिधियों ने कड़ा विरोध जताया है। शुक्रवार को नगर परिषद के कई वार्ड पार्षद नगर थाना पहुंचे और चक्रवर्ती चौधरी के खिलाफ प्राथमिकी (FIR) दर्ज करने की मांग की। पार्षदों का आरोप है कि चक्रवर्ती चौधरी ने सशक्त स्थायी समिति के चुनाव को लेकर जो आरोप सार्वजनिक रूप से लगाए हैं, वे पूरी तरह निराधार और भ्रामक हैं। उनका कहना है कि ये आरोप नगर परिषद की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। पार्षदों के अनुसार, बिना किसी ठोस प्रमाण के भ्रष्टाचार और पैसे के लेन-देन जैसे गंभीर आरोप लगाना न केवल निर्वाचित प्रतिनिधियों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि आम जनता के बीच भी गलत संदेश देता है।

**नियमों के अनुरूप संपन्न हुई चुनाव** : नगर थाना में आवेदन देने पहुंचे पार्षदों में राहुल कुमार सिंह, हिटलर कुमार सिंह, राजू राय, दीपक सिंह, विनोद माली और चंदन पाठक सहित कई अन्य वार्ड पार्षद शामिल थे। सभी ने एक स्वर में कहा कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह लोकतांत्रिक, पारदर्शी और निर्धारित नियमों के अनुरूप संपन्न हुई है। पार्षदों ने बताया कि मामले की जांच थाना अध्यक्ष द्वारा की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अगले 48 घंटे के भीतर चक्रवर्ती चौधरी अपने बयान को लेकर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को और तेज किया जाएगा।

**पार्षद प्रतिनिधि ने आरोपों को बताया बेबुनियाद** : इधर, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि नियामतुल्लाह फरीदी ने भी इस पूरे विवाद पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने चक्रवर्ती चौधरी के आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताते हुए कहा कि सशक्त स्थायी समिति का चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता या लेन-देन की बात को सिरे से खारिज किया। फरीदी ने आरोप लगाया कि कुछ लोग नगर परिषद की विकास योजनाओं और जनहित के कार्यों से लोगों का ध्यान भटकाने के उद्देश्य से इस तरह के बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है और इस प्रकार के विवाद विकास कार्यों को प्रभावित नहीं कर सकते। फिलहाल नगर परिषद की राजनीति में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। अब सभी की नजर प्रशासनिक जांच, संभावित कानूनी कार्रवाई और चक्रवर्ती चौधरी की अगली प्रतिक्रिया पर टिकी हुई है।

# 2 जून को जिले में सहयोग शिविर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर** । बक्सर जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 2 जून 2026 (मंगलवार) को जिले की विभिन्न पंचायतों में 'सहयोग शिविर' आयोजित किए जाएंगे। जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, बक्सर ने इन शिविरों के लिए पंचायतवार रोस्टर जारी कर दिया है। इन सहयोग शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही समाधान करना है। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे, जो लोगों की शिकायतों, आवेदनों और जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करने का प्रयास करेंगे।

**प्रखंडों की चयनित पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर** : जारी रोस्टर के अनुसार, शिविर दो पालियों में आयोजित होंगे। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। ये शिविर जिले के सभी प्रखंडों की चयनित पंचायतों में लगाए जाएंगे। प्रशासन ने बताया कि प्रत्येक शिविर में प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। ग्रामीण अपनी समस्याएं सीधे इन अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। इससे लोगों को प्रखंड या जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव हो सकेगा।



सहयोग शिविर – पंचायतवार सूची

| पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक | | अपराह्न 02:00 बजे से पूर्वाह्न 05:00 बजे तक | |
|---|---|---|---|
| प्रखंड | पंचायत | प्रखंड | पंचायत |
| बक्सर | छोटका नुआँव | बक्सर | नदाँव |
| बक्सर | रहसीचक | बक्सर | महदह |
| राजपुर | समहुता | चौसा | सिकरौल |
| राजपुर | मटकीपुर राजपुर | राजपुर | बारूपुर |
| इटाढ़ी | अतरौना | राजपुर | नागपुर |
| इटाढ़ी | बिझौरा | इटाढ़ी | इन्दौर |
| चौसा | डिहरी | डुमराँव | चिलहरी |
| चौसा | पलिया | डुमराँव | कुशलपुर |
| सिमरी | राजपुर कला | चक्की | चक्की |
| डुमराँव | कसियाँ | नावानगर | बेलाँव |
| ब्रह्मपुर | हरनाथपुर | सिमरी | नियाजीपुर खुर्द |
| ब्रह्मपुर | महुआर | सिमरी | ढकाईच |
| नावानगर | सिकरौल | चौगाई | खेवली |
| नावानगर | बाबूगंज ईंग्लिश | केसठ | केसठ |

**आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा** : शिविर के दौरान सरकारी योजनाओं की जानकारी, आवेदन संबंधी सहायता, प्रमाण पत्र, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, जन वितरण प्रणाली, बिजली, पानी, सड़क, आवास और अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर सुनवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर अपने पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं। प्रशासन का मानना है कि जनता की भागीदारी और सक्रिय सहयोग से ही सुशासन की अवधारणा को मजबूत किया जा सकता है।

# जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में आज होगा शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। जिले के सभी 1093 सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में 30 मई को अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) आयोजित की जाएगी। शिक्षा विभाग का मानना है कि विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय से बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। इसे लेकर प्राथमिक शिक्षा निदेशक विक्रम विरकर ने पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसी उद्देश्य से राज्यभर के विद्यालयों में नियमित रूप से पीटीएम आयोजित करने पर जोर दिया जा रहा है। पीटीएम को लेकर सभी विद्यालय प्रधानों, शिक्षकों व संबंधित अधिकारियों को बैठक सफल बनाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश में कहा गया है कि पीटीएम के दौरान शिक्षक अभिभावकों को छात्र-छात्राओं की पढ़ाई, व्यवहार, अनुशासन व विद्यालय में उनकी सहभागिता की जानकारी देंगे। साथ ही कमजोर छात्र-छात्राओं की पहचान कर उन्हें बेहतर शैक्षणिक सहयोग देने की रणनीति पर भी चर्चा होगी। बैठक में छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने, समय पर विद्यालय भेजने, घर पर पढ़ाई का अनुकूल माहौल बनाने को लेकर अभिभावकों को जागरूक किया जाएगा। "मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक कल्याण" है थीम पत्र में कहा गया है कि पीटीएम में अभिभावकों को यह अवगत कराया जाना महत्वपूर्ण है बच्चों के अधिगम व विकास की प्रक्रिया में विद्यालय और अभिभावक दोनों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है।शिक्षक अभिभावक बैठक का थीम "मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक कल्याण" रखा गया है। शिक्षा विभाग की ओर से जारी दिशा-निर्देश के अनुसार बैठक का उद्देश्य बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, सीखने के स्तर व विद्यालय से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी अभिभावकों तक पहुंचाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### गाली देने का विरोध, युवक पर चाकू से हमला, गंभीर रूप से घायल, पटना रेफर

**हाजीपुर।** वैशाली जिले के सराय थाना क्षेत्र के सरसई गांव में आपसी विवाद के दौरान एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। मुखिया को गाली देने का विरोध करने पर हुई इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है। यह घटना शुक्रवार रात की है। घायल युवक की पहचान सरसई गांव निवासी आमोद पासवान के 22 वर्षीय पुत्र अमरजीत कुमार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार की रात कुछ लोग गांव में दरवाजे पर बैठकर रामपुर रत्नाकर पंचायत के मुखिया गणेश पासवान के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे थे। इसी दौरान अमरजीत कुमार ने बेवजह गाली-गलौज करने का विरोध किया। आरोप है कि विरोध करने पर उसके ही पाटीदार हरेंद्र पासवान के पुत्र चंद्रकेत कुमार और चंदन कुमार उससे उलझ गए और मारपीट शुरू कर दी। विवाद बढ़ने के दौरान, आरोपितों में से एक ने जेब से चाकू निकालकर अमरजीत के सीने पर वार कर दिया। चाकू लगते ही वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और आनन-फानन में घायल युवक को इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद सराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच में जुट गई है। सराय थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि चाकू आपसी विवाद में चली है और पुलिस पूरे मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। थाना अध्यक्ष ने यह भी बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। घायल और आरोपी दोनों का घर पास में ही है, जिसके कारण गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और स्थानीय लोग मामले को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

### बिदुपुर घाट पर दिखा घड़ियाल, स्थानीय लोगों में डर का माहौल, वन विभाग को दी गई सूचना



**हाजीपुर।** वैशाली जिले के बिदुपुर प्रखंड के मधुरापुर नया टोला घाट पर तड़के सुबह एक घड़ियाल देखा गया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में कौतूहल और चिंता का माहौल बन गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घड़ियाल घाट के किनारे टहलता हुआ दिखाई दिया। इस दुर्लभ नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग घाट पर उमड़ पड़े और अपने मोबाइल फोन में उसकी तस्वीरें लेने लगे। स्थानीय लोगों ने तुरंत स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की टीम को इसकी सूचना दी। हालांकि, खबर लिखे जाने तक वन विभाग की टीम घड़ियाल को रेस्क्यू करने के लिए घाट पर नहीं पहुंची थी। घड़ियाल देखे जाने के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। स्थानीय लोग बच्चों और अन्य लोगों को घाट के पास जाने से रोक रहे हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि घड़ियाल अक्सर धूप सेंकने या अंडे देने के लिए सूखी रेत पर आते हैं और फिर पानी में लौट जाते हैं।

### ईंट भट्ठा पर गड्ढे में डूबकर दो बच्चों की मौत, दोस्तों के साथ नहाने गया था, गहरे पानी में डूबने से गई जान

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर जिले के तुर्की थाना क्षेत्र अंतर्गत छाजन उत्तरवारी टोला चौर में शनिवार सुबह ईंट भट्ठा के गड्ढे में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ युवक ईंट भट्ठा के गड्ढे में नहाने गए थे। इसी दौरान नहाते समय पैर फिसलने से दोनों लड़के गहरे पानी में जाकर डूबने लगे। साथ मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। मृतकों की पहचान छाजन उत्तरवारी टोला निवासी नीरज कुमार (18 वर्ष), पिता सुधीर सिंह, और सुमन कुमार (16 वर्ष), पिता आलोक सिंह, के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक छा गया। सूचना मिलने पर तुर्की थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने दोनों शवों को गड्ढे से बाहर निकलवाया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच, मुजफ्फरपुर भेजने की कवायदा में जुटी हुई है।



### 29 करोड़ की लागत से बना मॉडल अस्पताल बेहाल, ड्रेनेज सिस्टम फेल, ऑपरेशन थिएटर में घुसा बारिश का पानी

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करीब 29 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए मॉडल अस्पताल की व्यवस्थाओं की शुक्रवार को हुई बारिश ने पोल खोलकर रख दी। महज एक वर्ष पहले शुरू हुए इस अत्याधुनिक अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर (ओटी) में बारिश का पानी घुस जाने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गईं। स्थिति ऐसी हो गई कि ड्रेसिंग के लिए आए मरीजों को इमरजेंसी वार्ड भेजना पड़ा। शुक्रवार सुबह हुई तेज बारिश के दौरान अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में अचानक गंदा पानी भरने लगा। कर्मचारियों के अनुसार छत पर जमा पानी ड्रेनेज सिस्टम फेल होने के कारण बेसिन के पाइप से होते हुए सीधे ओटी में पहुंच गया। पानी प्रवेश करते ही अस्पताल कर्मियों के बीच अफरा-तफरी मच गई और तत्काल उपकरणों को सुरक्षित करने तथा पानी निकालने की कवायद शुरू की गई। ऑपरेशन थिएटर में पानी भरने से वहां लगे लाखों रुपये मूल्य के अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों के खराब होने की आशंका बढ़ गई है। लगातार गंदा पानी आने के कारण ओटी का वातावरण भी प्रभावित हुआ, जिससे स्वास्थ्यकर्मियों को काम करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ओटी विभाग में कार्यरत रीमा कुमारी ने बताया कि बारिश होते ही संभवतः टॉयलेट ओवरफ्लो हो गया, जिसके कारण वॉशरूम का पानी ऑपरेशन थिएटर में भर गया। उन्होंने कहा कि ओटी पूरी तरह स्टेराइल होना चाहिए, लेकिन वहां गंदा पानी जमा हो गया, जिससे काम करना मुश्किल हो गया है। वहीं विभाग की एक अन्य कर्मी ने बताया कि बारिश होने पर अक्सर ऐसी समस्या उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने चिंता जताई कि ओटी में मौजूद महंगे उपकरण इस कारण क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। ओटी में पानी भरने से नियमित चिकित्सा सेवाएं भी प्रभावित हुईं। करीब एक दर्जन मरीजों की ड्रेसिंग ऑपरेशन थिएटर के बजाय इमरजेंसी वार्ड में करानी पड़ी। इससे मरीजों और उनके परिजनों में नाराजगी देखने को मिली। अस्पताल परिसर के अन्य हिस्सों में भी बारिश का असर दिखाई दिया। पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में पानी भर जाने से वहां आने-जाने में लोगों को परेशानी हुई। सफाईकर्मी लगातार पानी निकालने में जुटे रहे। इसके अलावा जिला मलेरिया कार्यालय परिसर में भी जलजमाव की स्थिति बनी रही। गौरतलब है कि 29 करोड़ रुपये की लागत से बने इस मॉडल अस्पताल का उद्घाटन 14 मई 2025 को बड़े स्तर पर किया गया था। भवन निर्माण और रखरखाव की जिम्मेदारी बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमएसआईसीएल) के पास है। ऐसे में महज एक साल के भीतर ड्रेनेज सिस्टम फेल होने और ऑपरेशन थिएटर में पानी भरने की घटना निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। अस्पताल प्रबंधक प्रवीण कुमार ने इस घटना को गंभीर तकनीकी खामी बताते हुए कहा कि मामले की रिपोर्ट विभाग को भेज दी गई है और समस्या के स्थायी समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकारों को किया गया सम्मानित

## कठिन दौर में निष्पक्ष पत्रकारिता को लेकर हुई परिचर्चा

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**डेहरी। रोहतास।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर नीलकोठी स्थित एक कार्यालय में पत्रकार सम्मान समारोह काआयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित करना तथा समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना था। रोहतास जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थितसभी पत्रकारों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने पत्रकारों के कार्यों की सराहना करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कुमार ने कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है। वह निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ जनहित के मुद्दों को सामने लाकर समाज और प्रशासन के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करता है। पत्रकार कमलेश कुमार ने कहा कि वर्तमान दौर में पत्रकारों की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। ऐसे में उनके योगदान को सम्मानित करना समाज का कर्तव्य है। उन्होंने सभी पत्रकारों को हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उपस्थित लोगों ने सभी पत्रकारों को सम्मानित किए जाने की पहल की सराहना की और कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम का माहौल सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण रहा। सम्मानित पत्रकारों ने भी इस सम्मान के लिए आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए निष्पक्ष एवं जनहितकारी पत्रकारिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। वर्तमान समय के कठिन दौर में पत्रकारों के बीच आ रही चुनौतियों पर भी चर्चा की गई। तथा सरकार, शासन व समाज से सहयोग की अपेक्षा की गई। सम्मान समारोह में पत्रकार रवि कुमार, कमलेश कुमार, राम अवतार चौधरी, आलोक मिश्रा, रोहित सिंह, इरफान कुरैशी, सच्चिदानंद उर्फ दीपू, अयान खान, शशांक केतन, शशि कांत ओझा, सोनू प्रताप समेत अन्य शामिल थे।



## बिहार में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता, घबराकर खरीदारी न करें

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**पटना।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों — इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड — ने स्पष्ट किया है कि बिहार में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा इसकी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य रूप से जारी है।

कंपनियों के अनुसार राज्य के सभी पेट्रोल पंप, गैस एजेंसियां, भंडारण केंद्र और वितरण केंद्र सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं। ईंधन आपूर्ति व्यवस्था मजबूत बनी हुई है और सभी भंडारण एवं वितरण केंद्रों पर निर्धारित समय के अनुसार आपूर्ति की जा रही है।

घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं को सिलेंडर की नियमित आपूर्ति मिलती रहेगी। उपभोक्ता अपने गैस वितरक के माध्यम से फोन, मोबाइल एप्लीकेशन या ऑनलाइन माध्यम से सामान्य प्रक्रिया के तहत सिलेंडर भरवाने के लिए बुकिंग करा सकते हैं। इसके लिए उन्हें गैस एजेंसी जाने की आवश्यकता नहीं है। वहीं, राज्य के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

तेल कंपनियां परिवहन, माल ढुलाई और खुदरा वितरण व्यवस्था के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए हैं, ताकि आपूर्ति श्रृंखला के किसी भी स्तर पर कोई बाधा उत्पन्न न हो। साथ ही तीनों कंपनियां ईंधन के भंडार और उपलब्धता की पल-पल निगरानी कर रही हैं।

तेल विपणन कंपनियों ने आम लोगों से अपील की है कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की खरीदारी करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी के आधार पर अनावश्यक भंडारण या घबराहट में खरीदारी न करें। कंपनियों ने कहा है कि ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है और नागरिक केवल सरकारी एजेंसियों एवं तेल कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। साथ ही अपुष्ट खबरों और अफवाहों पर ध्यान न दें।

# पटना में स्वाद और संगीत का अनोखा संगम, शुरू हुआ 'ग्रिल स्ट्रीट फेस्टिवल'

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**पटना** : राजधानी वासियों के लिए पटना में शुक्रवार से बहुप्रतीक्षित "ग्रिल स्ट्रीट फेस्टिवल" का शुभारंभ हो गया। 29 मई से शुरू हुआ यह विशेष फूड फेस्टिवल प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार और रविवार की शाम एक्जीबिशन रोड स्थित पाटलिपुत्र एग्जोटिका में आयोजित किया जाएगा। फेस्टिवल में आने वाले मेहमानों को लजीज व्यंजनों के साथ लाइव संगीत का भी आनंद लेने का अवसर मिलेगा। होटल प्रबंधन के अनुसार यह आयोजन भोजन और मनोरंजन प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा।

फेस्टिवल के दौरान अतिथियों के लिए अनलिमिटेड कबाब, विभिन्न प्रकार के स्ट्रीट फूड, आकर्षक लाइव काउंटर, स्वादिष्ट मुख्य व्यंजन और ताजगी से भरपूर पेय पदार्थों की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके अलावा लाइव म्यूजिक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां पूरे माहौल को संगीतमय और मनोरंजक बना रही हैं। होटल प्रबंधन का मानना है कि स्वादिष्ट भोजन और संगीत का यह संयोजन परिवारों एवं मित्रों के लिए बेहतरीन शाम का अनुभव प्रदान करेगा।

होटल के महाप्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि पाटलिपुत्र एग्जोटिका हमेशा अपने अतिथियों को उत्कृष्ट आतिथ्य, बेहतरीन भोजन और यादगार अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। वहीं सेल्स मैनेजर संगीता कुमारी ने कहा कि ग्रिल स्ट्रीट फेस्टिवल को सभी आयु वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, ताकि परिवार और मित्र एक साथ गुणवत्तापूर्ण समय व्यतीत कर सकें। उन्होंने पटना के नागरिकों से इस विशेष आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की।

होटल के शेफ रजनीकांत ने बताया कि फेस्टिवल के लिए विशेष मेन्यू तैयार किया गया है, जिसमें पारंपरिक और आधुनिक स्वाद का बेहतरीन समावेश देखने को मिलेगा। मेहमानों के लिए 3-4 प्रकार के वेज कबाब और कई प्रकार के नॉनवेज कबाब अनलिमिटेड उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ सलाद बार, 3-4 वेज और नॉनवेज मुख्य व्यंजन तथा अनलिमिटेड डेजर्ट भी परोसे जाएंगे। उन्होंने कहा कि व्यंजनों की गुणवत्ता और विविधता फेस्टिवल की सबसे बड़ी विशेषता होगी। फेस्टिवल का बुफे शुल्क 999 रुपये प्रति व्यक्ति (जीएसटी अतिरिक्त) रखा गया है। होटल प्रबंधन ने सभी भोजन एवं संगीत प्रेमियों को सपरिवार इस आयोजन में शामिल होकर स्वाद और मनोरंजन से भरपूर शाम का आनंद लेने के लिए आमंत्रित किया है।

# पीडीएस उपभोक्ताओं को डिजिटल करेंसी नहीं अनाज चाहिए: भाकपा

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**पटना।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को केंद्र सरकार द्वारा अनाज के बजाय डिजिटल करेंसी देने के फैसले की कड़ी निंदा की है और इस फैसले को वापस लेने की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने की घोषणा सिर्फ बहाना है। सरकार का मुख्य उद्देश्य जन वितरण प्रणाली को बंद करना हैं। योजना लागू होने से पहले ही बिहार में 35 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने अब जन वितरण प्रणाली में डिजिटल करेंसी (ई-रूपी/डिजिटल वाउचर) का इस्तेमाल करने का निर्णय लिया है। यह डिजिटल करेंसी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जायेगी। इस निर्णय के लागू होने से गरीबों की पहुँच से अनाज दूर हो जाएगा और देश में फिर से भूखमरी का संकट पैदा हो जायेगा।





भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि संयुक्त मोर्चे की सरकार ने 1997 में एपीएल और बीपीएल योजना लागू की थी। ,उस समय लाभार्थियों को दो रुपये किलों गेहूं और तीन रुपये किलो की दर से चावल की आपूर्ति की जाती थी। फिर आगे चलकर वामपंथी दलों के दबाव में आकर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना 2013 में लागू की गई। लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार अब पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले मुफ्त अनाज को बंद कर लाभार्थियों के खाते में सीधे डिजटल करेंसी भेजने का फैसला लिया है। यह फैसला गरीब और जन विरोधी है। यह योजना लागू होने के बाद अनाज गरीबों से दूर हो जाएगा। सरकार किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदना बंद कर देगी। इसके अलावे देश में लाखों पीडीएस दुकानदार बेरोजगार हो जायेंगे।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी केंद्र सरकार के अनाज के बदले डिजिटल करेंसी देने के फैसले का कड़ा विरोध करती है और इस फैसले के खिलाफ आमलोगों से संघर्ष तेज करने का आह्वान किया है।

# पटना के उज्ज्वल राज ने इसरो के कार्यक्रम में हिस्सा लिया

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**पटना,** पटना से एकमात्र चयनित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय,बिक्रम के छात्र उज्ज्वल राज ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम (युविका) में भाग लेकर अपने विद्यालय एवं राज्य का नाम रौशन किया है।

11-22 मई 2026 तक देशभर के चयनित विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान,प्रौद्योगिकी और अनुसंधान से परिचित कराने उदेश्य से यह कार्यक्रम यू.आर.एस.सी बेंगलुरु मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उज्ज्वल राज को इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों से संवाद का अवसर मिला, जिनमें इसरो अध्यक्ष एवं अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ.वी.नारायणन,

यू आर एस सी निदेशक डॉ.एम. शंकरण,एच एस एफ सी निदेशक श्री डी. के. सिंह तथा भारतीय वायुसेना के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला प्रमुख रहे। विद्यार्थियों ने उपग्रह प्रौद्योगिकी, रॉकेट विज्ञान,रिमोट सेंसिंग एवं अन्य अंतरिक्ष विज्ञान विषयों की जानकारी प्राप्त की तथा मॉडल रॉकेट्री और मून रोवर जैसी गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उज्ज्वल राज ने इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्ग. ऑर्गनाइजेशन की ISITE ,ISTRAC और LEOS सुविधाओं को देखने तथा उपग्रह निर्माण एवं मिशन संचालन की प्रक्रियाओं को समझने का अवसर मिला।

आज बेलवरगंज,पटना सिटी स्थित उज्ज्वल राज के आवास पर पटना की उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, रंगकर्मी आलोक चोपड़ा,समाज सेवी कमलनयन श्रीवास्तव,राजेश राय सहित अनेक गण मान्य लोगो ने मिलकर बधाई और प्रतीक चिहं देकर बधाई दी और आशीष दिये और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

उज्ज्वल राज ने बताया कि यह अनुभव उनके जीवन का सबसे प्रेरणादायक और यादगार अनुभव रहा, जिसने अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति उनकी रुचि को और अधिक मजबूत किया। कार्यक्रम के समापन पर उन्हें URSC निदेशक द्वारा प्रशंसा प्राप्त हुई तथा ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का ऑटोग्राफ भी मिला, जिसे उन्होंने अपनी अमूल्य उपलब्धि बताया। इसके अलावा उन्हें इसरो की अत्याधुनिक सुविधाओं जैसे ISITE, ISTRAC और LEOS का अवलोकन करने का अवसर मिला, जहां उन्होंने उपग्रह निर्माण,मिशन नियंत्रण और अंतरिक्ष उपकरणों से जुड़ी प्रक्रियाओं को करीब से समझा। इस अवसर पर उज्ज्वल के माता पिता,ऋतु राज और राजेश राज,मीणा देवी मोहित कुमार, प्रिन्स राज, युवराज, निशु चन्द्रवंशी नैतिक राज , संतोष कुमार, डौली देवी , स्वेता राज आदि उपस्थित रहे ।



## पर्यावरण संरक्षण के लिए गांधी मैदान में निकली जागरूकता पदयात्रा

### 600 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा





सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**पटना।** पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को गांधी मैदान में भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने बिहार ओलंपिक संघ के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास कराया।

यह पदयात्रा गांधी मैदान के गेट संख्या-1 से शुरू होकर आयकर गोलंबर तक पहुंची और वहां से वापस गांधी मैदान लौटकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के करीब 600 छात्र-छात्राओं, युवाओं तथा अन्य प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पदयात्रा के दौरान पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने, प्रदूषण कम करने और प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।

प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के अध्यक्ष डॉ. डी.के. शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने लोगों से छोटी दूरी तय करने के लिए पैदल चलने और साइकिल का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि ऐसी छोटी-छोटी पहलें पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकती हैं।

बिहार ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित यह पदयात्रा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए जनसहभागिता बेहद आवश्यक है।

पर्षद के सदस्य-सचिव नीरज नारायण (भारतीय वन सेवा) ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरणीय चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में सतत विकास के लक्ष्य को हासिल करने के लिए आम लोगों की भागीदारी और जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्य वन संरक्षक एस. चंद्रशेखर (भारतीय वन सेवा) ने कहा कि स्वस्थ और बेहतर जीवन के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्रदूषणमुक्त पर्यावरण आवश्यक है। वहीं उत्तर बिहार विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार (भारतीय प्रशासनिक सेवा) ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा भी देते हैं।

पदयात्रा में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलावा बिहार ओलंपिक संघ, बिहारी रनर्स, पटना सांस्कृतिक कार्यक्रम समूह तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

# बिहार में खनन माफियाओं पर सख्ती की तैयारी

सोन वर्षा वाणी। संवाददाता

**पटना।** बिहार में अवैध खनन और बिना वैध कागजात के खनिज परिवहन पर रोक लगाने के लिए खान एवं भूतत्व विभाग बड़े स्तर पर तकनीकी बदलाव की तैयारी में है। विभाग अगस्त महीने से एक नई डिजिटल निगरानी और कार्रवाई प्रणाली लागू करने की योजना बना रही है, जिसके तहत जिलों में तैनात खान निरीक्षकों को हैंडहेल्ड डिजिटल मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी। इन मशीनों की मदद से निरीक्षक मौके पर ही जांच कर सकेंगे। चालान काट सकेंगे और जुर्माने की राशि भी तत्काल वसूल कर सकेंगे। विभाग का मानना है कि इस नई व्यवस्था से अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना चालान खनिज परिवहन जैसी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। साथ ही कार्रवाई की प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और जवाबदेह बनेगी।

**अवैध खनन पर सख्ती की तैयारी:** राज्य सरकार लंबे समय से अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन को रोकने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसके बावजूद कई इलाकों में बिना अनुमति खनन और नियमों की अनदेखी कर खनिज ढुलाई की शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे मामलों में कार्रवाई तो होती है, लेकिन कई बार प्रक्रिया लंबी होने के कारण उसका प्रभाव अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाता। इसी चुनौती को देखते हुए खान एवं भूतत्व विभाग ने कार्रवाई को पूरी तरह डिजिटल बनाने का फैसला किया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस व्यवस्था को लेकर उच्च स्तर पर चर्चा हो चुकी है और अंतिम मंजूरी मिलने के बाद इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।



**मौके पर ही होगी वाहन और दस्तावेजों की जांच:** नई प्रणाली लागू होने के बाद खान निरीक्षक खनिज लदे वाहनों की जांच के दौरान हैंडहेल्ड मशीन का उपयोग करेंगे।

मशीन के माध्यम से वाहन संख्या, खनिज की मात्रा, परिवहन चालान, परमिट और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जा सकेगा। यदि जांच के दौरान किसी वाहन के पास वैध कागजात नहीं पाए जाते हैं या खनिज परिवहन नियमों का उल्लंघन सामने आता है, तो निरीक्षक तुरंत डिजिटल चालान जारी कर सकेंगे। इससे कार्रवाई के लिए अलग से कागजी प्रक्रिया पूरी करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**ओवरलोडिंग और बिना चालान परिवहन पर रहेगा विशेष फोकस:** खनन विभाग की नजर खास तौर पर उन वाहनों पर रहेगी जो निर्धारित सीमा से अधिक खनिज लेकर चल रहे हैं या बिना वैध चालान के खनिज परिवहन कर रहे हैं। विभाग का मानना है कि ऐसे मामलों से सरकार को राजस्व का नुकसान होता है और खनन नियमों की भी अनदेखी होती है। नई डिजिटल व्यवस्था के जरिए ऐसे वाहनों की पहचान तुरंत हो सकेगी और उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी। इससे नियमों का पालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

**जुर्माने की राशि भी मौके पर होगी जमा:** नई व्यवस्था की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि नियम उल्लंघन करने वालों को जुर्माना जमा कराने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। डिजिटल मशीन के माध्यम से मौके पर ही जुर्माने की राशि जमा कराई जा सकेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनेगी। नकद लेन-देन की संभावना कम होगी और सभी भुगतान का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डीडीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के खूंटपानी प्रखंड मुख्यालय से शनिवार को महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' जागरूकता रथ (वाहन) को रवाना किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पश्चिमी सिंहभूम के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) उत्कर्ष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर डीडीसी उत्कर्ष कुमार ने कहा कि अभियान का उद्देश्य किशोरियों और महिलाओं को माहवारी से जुड़ी सही एवं वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराना, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना तथा समाज में व्याप्त भ्रांतियों और मिथकों को दूर करना है। उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर नुक्कड़ नाटक, प्रचार सामग्री और उद्घोषणाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खूंटपानी प्रमुख सिद्धार्थ होनहागा ने कहा कि मासिक धर्म महिलाओं के जीवन की एक प्राकृतिक प्रक्रिया है, लेकिन आज भी इसे लेकर समाज में संकोच और गलत धारणाएं मौजूद हैं। इन भ्रांतियों को दूर करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। जिला परिषद सदस्य यमुना तियू ने कहा कि प्रत्येक किशोरी और महिला को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक वातावरण मिलना चाहिए। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी धनंजय ने कहा कि सभी किशोरियों को स्वच्छ सेनेटरी पैड, साफ पानी, शौचालय और आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खूंटपानी के प्रभारी डॉ. आलोक रंजन महतो ने कहा कि मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ी है, लेकिन अब भी इस विषय पर खुलकर चर्चा नहीं होती। ऐसे अभियान इस चुप्पी को तोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्वास्थ्यकर्मी, जनप्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहियाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं किशोरियां उपस्थित थीं।

### पुलिस ने नाइट चेकिंग अभियान में 49 स्थानों पर की छापेमारी, 172 लोगों का सत्यापन



**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से शुक्रवार देर रात व्यापक पुलिस अभियान चलाया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय के निर्देश पर जिले के सभी शहरी थाना क्षेत्रों में एक साथ विशेष छापेमारी और चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान का मुख्य फोकस अड्डेबाजी, संदिग्ध गतिविधियों और सार्वजनिक स्थलों पर अनावश्यक जमावड़ों पर नियंत्रण रखना था। इस कार्रवाई के तहत पुलिस की अलग-अलग टीमों ने पहले से चिन्हित 49 संवेदनशील स्थानों पर एक साथ दबिश दी। इनमें चौक-चौराहे, सुनसान इलाके, बाजार क्षेत्र और वे स्थान शामिल थे जहां अक्सर असामाजिक तत्वों के एकत्र होने की सूचना मिलती रही है। अचानक हुई इस कार्रवाई से कई इलाकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लोग मौके से भागते नजर आए। अभियान के दौरान कुल 172 लोगों का सत्यापन किया गया। पुलिस ने उनकी पहचान, गतिविधियों और मौजूदगी के उद्देश्य की गहन जांच की ताकि किसी भी संभावित आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। इसके साथ ही यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी कार्रवाई की गई और तीन वाहनों का चालान काटा गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगा। सिटी एसपी ललित मीणा ने कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और किसी भी स्थिति में कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा।

### झारखंड में मतदाता मैपिंग अभियान को मिली रफ्तार, 75.19 फीसदी कार्य पूरा, 15 जून तक चलेगा अभियान



**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की तैयारी के तहत मतदाताओं की मैपिंग प्रक्रिया तेजी से जारी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि 23 मई से अन-मैप्ड मतदाताओं की सूची सभी मतदान केंद्रों तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाइट पर सर्चेबल फॉर्मेट में प्रकाशित किए जाने के बाद इस अभियान को और गति मिली है। शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि राज्य में अब तक कुल 75.19 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी की जा चुकी है। वर्तमान में 1 करोड़ 99 लाख 15 हजार 463 मतदाताओं का सफलतापूर्वक मैपिंग कार्य किया गया है। 15 जून तक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के माध्यम से यह अभियान जारी रहेगा। अन-मैप्ड मतदाताओं की सूची के प्रकाशन के बाद पिछले एक सप्ताह में ही 5 लाख 14 हजार 546 मतदाताओं की मैपिंग की गई है, जो अभियान की प्रगति को दर्शाता है। के. रवि कुमार ने कहा कि अन-मैप्ड मतदाताओं की संख्या को तेजी से कम करने और उन क्षेत्रों में कार्य में सुधार लाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं, जहां मैपिंग की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इसी उद्देश्य से आगामी मंगलवार को सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उम्मीद जताई कि प्रशासनिक सहयोग और बीएलओ के प्रयासों से निर्धारित समयसीमा के भीतर अधिकाधिक मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने मतदाताओं से भी अपील की कि यदि उनका नाम अन-मैप्ड सूची में है तो वे शीघ्र अपने बीएलओ से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें, ताकि आगामी मतदाता सूची पूरी तरह सटीक और अद्यतन बनाई जा सके।

### खरकई नदी से शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस



**पूर्वी सिंहभूम।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के बड़ौदा घाट के समीप शनिवार सुबह खरकई नदी से एक अज्ञात किशोर का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की उम्र लगभग 16 वर्ष बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई और पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह कुछ लोग खरकई नदी में स्नान करने पहुंचे थे। इसी दौरान उनकी नजर नदी के पानी में बहते एक किशोर पर पड़ी। स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे बाहर निकालकर किनारे लाया और उसकी जान बचाने का प्रयास किया। लोगों का कहना है कि जब किशोर को नदी से निकाला गया, तब उसमें जीवन के कुछ संकेत दिखाई दे रहे थे। हालांकि काफी प्रयासों के बावजूद उसकी हालत बिगड़ती चली गई और कुछ ही देर बाद उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद बागबेड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि किशोर किस क्षेत्र का रहने वाला था और किन परिस्थितियों में वह नदी तक पहुंचा। फिलहाल मामले को लेकर कई पहलुओं पर जांच की जा रही है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# झारखंड के 11 जिलों में रविवार को भारी बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में मौसम का मिजाज लगातार बदला हुआ है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने राज्य के 11 जिलों में रविवार को गर्जन के साथ बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, रांची, बोकारो, लोहरदगा, गुमला, धनबाद, कोडरमा, गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़, खूंटी और सिमडेगा जिलों में रविवार को गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं तथा कई स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी है। विभाग ने राज्य के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों को छोड़कर अधिकांश क्षेत्रों में पांच जून तक मौसम के सक्रिय बने रहने का अनुमान व्यक्त किया है। इस अवधि के दौरान कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले तीन से चार दिनों में राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में अधिकतम तापमान में लगभग 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। तापमान में आई इस कमी से लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली है। मौसम में बदलाव के कारण वातावरण सुहावना बना हुआ है। शनिवार सुबह रांची और आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई। बारिश के कारण तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, दोपहर बाद मौसम में सुधार हुआ और आसमान साफ हो गया। इसके बावजूद दिनभर बीच-बीच में आंशिक बादल छाए रहे। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 34.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान रांची के नामकुम में 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शनिवार को रांची का अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 32 डिग्री और न्यूनतम 23.4 डिग्री सेल्सियस, डाल्टनगंज में अधिकतम 34.5 डिग्री और न्यूनतम 23.6 डिग्री सेल्सियस, बोकारो में अधिकतम 34.2 डिग्री और न्यूनतम 21.5 डिग्री सेल्सियस तथा चाईबासा में अधिकतम 33.4 डिग्री और न्यूनतम 22.6 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान खुले मैदानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने तथा सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की सलाह दी है। विशेष रूप से किसानों और खुले में कार्य करने वाले लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

## क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी बनेंगे स्वास्थ्य विभाग के ब्रांड एंबेसडर : इरफान






**एजेंसी। रांची**

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने भारतीय युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को सम्मानित करने और झारखंड स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। अंसारी की ओर से शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि डॉ. अंसारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग वैभव सूर्यवंशी के साथ मिलकर युवाओं के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाने का काम करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि वैभव भविष्य में भारतीय क्रिकेट के साथ स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे और देश को उन पर लंबे समय तक गर्व रहेगा। मंत्री ने कहा कि कम उम्र में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी और असाधारण प्रतिभा से वैभव ने पूरे देश को प्रभावित किया है। अब स्वास्थ्य विभाग का ब्रांड अंबेसडर बनना राज्यवासियों के लिए अति गर्व कि बात होगी। nडॉ. अंसारी ने कहा कि भले ही उनकी टीम मैच नहीं जीत सकी, लेकिन वैभव ने करोड़ों भारतीयों का दिल जीत लिया है।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण, सुरक्षा और रख-रखाव व्यवस्था की समीक्षा

**एजेंसी। रांची**



रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने शनिवार को नगड़ी स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव और तकनीकी प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और विश्वसनीयता बनी रहे। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, नगड़ी के अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी नगड़ी सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने उपायुक्त को वेयरहाउस की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा इंतजामों और रख-रखाव संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित अंतराल पर ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया जाता है। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा, रख-रखाव, सीसीटीवी निगरानी, तकनीकी उपकरणों की कार्यशीलता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का आकलन किया जाता है। इसके बाद तैयार की गई रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को भेजी जाती है। इसी प्रक्रिया के तहत शनिवार को उपायुक्त ने वेयरहाउस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन का कहना है कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए ईवीएम वेयरहाउस की नियमित निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## समर कैंप में बच्चों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**एजेंसी। रांची**



अग्रवाल सभा महिला समिति की ओर से अग्रसेन भवन में आयोजित 23 वें समर कैंप के दूसरे दिन शनिवार को विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों ने आत्मरक्षा करने के गुर और व्यक्तित्व विकास निर्माण के बारे जानकारी ली। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने पूजा-अर्चना के साथ की। समर कैंप में बच्चों को आत्मरक्षा के लिए जूडो-कराटे, स्वास्थ्य जागरूकता के लिए योग, रचनात्मकता बढ़ाने के लिए चित्रकला और हस्तकला एवं व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की ओर से दिया गया। इसके अलावा संगीत और नृत्य के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। मौके पर महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने बताया कि अनुसार समर कैंप का उद्देश्य बच्चों में विभिन्न कलाओं और कौशलों के प्रति रुचि विकसित करना और उन्हें आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने बताया कि अग्रवाल सभा के समर कैंप से जुड़े कई प्रशिक्षक पिछले 25 वर्षों से लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। योग प्रशिक्षक नंददुलाल दत्ता ने बच्चों को विभिन्न योगासनों का प्रशिक्षण दिया। चित्रकला और हस्तकला विशेषज्ञ मो साबिर हुसैन, नृत्य प्रशिक्षक दीपक सिन्हा, जूडो-कराटे विशेषज्ञ सुनील किस्पोट्टा, परफॉर्मिंग आर्ट प्रशिक्षक सुबोध कुमार और संगीत प्रशिक्षक अजय कुमार गोस्वामी ने भी प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल, रीना सुरेका, मंजू केडिया, पद्मा बंका, सुनैना लोयलका, बबीता नारसरिया, प्रीति बंका, बीना मोदी, सीमा टांटिया, पुष्पा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में बच्चे और अन्य लोग मौजूद थे।

## पुलिस ने बालू लदे तीन ट्रैक्टर को किया जब्त



**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**

पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुवा थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस ने शनिवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए बालू से लदे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। कार्रवाई के दौरान वाहन चालक पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनुवा थाना प्रभारी शशिबाला भेंगरा को शनिवार तड़के सूचना मिली थी कि गुदड़ी क्षेत्र की नदी से अवैध रूप से बालू का उत्खनन कर ट्रैक्टरों के माध्यम से सोनुवा की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ गोइलकेरा-चक्रधरपुर मुख्य मार्ग पर राघोई गांव के समीप घेराबंदी कर दी। पुलिस की मौजूदगी देखते ही ट्रैक्टर चालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए, जबकि पुलिस ने मौके से बालू से लदे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर लिए। सभी जब्त वाहनों को सोनुवा थाना लाया गया है। थाना प्रभारी शशिबाला भेंगरा ने कहा कि अवैध खनन और बालू तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## प्रबंधन उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सहयोगात्मक नेतृत्व और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति आवश्यकः चैतन्य भानु

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**




जमशेदपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन (जेएमए) का वार्षिक सम्मेलन शनिवार को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न उद्योगों के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद, प्रबंधन विशेषज्ञ तथा विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सम्मेलन का उद्देश्य कॉर्पोरेट और शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों और संगठनों को सम्मानित करना तथा आपसी सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेएमए के अध्यक्ष एवं टाटा स्टील जमशेदपुर के वाइस प्रेसिडेंट (ऑपरेशंस) चैतन्य भानु ने कहा कि बदलते समय में प्रबंधन उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सहयोगात्मक नेतृत्व, निरंतर सीखने की प्रवृत्ति और उद्योग तथा शिक्षण संस्थानों के बीच मजबूत सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास ही क्षेत्र के समग्र विकास और भविष्य की नेतृत्व क्षमता को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सम्मेलन के दौरान पिछले वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कॉर्पोरेट और शैक्षणिक संस्थानों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया। कॉर्पोरेट श्रेणी में टाटा स्टील लिमिटेड को 'मोस्ट विनिंग कॉर्पोरेट' का पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल को 'मोस्ट विनिंग कॉर्पोरेट रनर-अप' का सम्मान मिला। वहीं टाटा पावर लिमिटेड को 'मोस्ट पार्टिसिपेटिंग कॉर्पोरेट' के रूप में सम्मानित किया गया। शैक्षणिक संस्थानों की श्रेणी में नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी को 'मोस्ट विनिंग इंस्टीट्यूट' का पुरस्कार दिया गया। आर्का जैन यूनिवर्सिटी को 'मोस्ट कोलैबोरेटिंग इंस्टीट्यूट' और श्रीनाथ यूनिवर्सिटी को 'मोस्ट पार्टिसिपेटिंग इंस्टीट्यूट' के सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबंधन पेशेवरों ने आपस में विचार-विमर्श किया और अनुभव साझा किए। यह सम्मेलन नेटवर्किंग, ज्ञान-विनिमय और पेशेवर सहयोग को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। जेएमए ने इस अवसर पर प्रबंधन उत्कृष्टता, संस्थागत सहयोग और सामाजिक सहभागिता को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। वार्षिक सम्मेलन का समापन सम्मान समारोह और आपसी संवाद के साथ हुआ, जहां उपस्थित सदस्यों ने भविष्य में भी उद्योग और शिक्षा जगत के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## जालसाजी से जुड़े मामले में उमेश साहू और विनय शर्मा साक्ष्य के अभाव में रिहा

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



लगभग 15 वर्ष पुराने एक न्यायिक मामले में शनिवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी सीमा मिज की अदालत ने साकची निवासी उमेश साहू और मानगो निवासी विनय शर्मा को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया है। न्यायालय ने पाया कि शिकायतकर्ता की ओर से लगाए गए आरोपों को साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य और गवाही प्रस्तुत नहीं की गई, जिसके कारण अभियोजन पक्ष आरोप सिद्ध करने में असफल रहा। मामले की शुरुआत वर्ष 2011 में हुई थी, जब साकची निवासी गीतनंदन वार्ष्णेय ने न्यायालय में एक शिकायतवाद दायर किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि एक पूर्व दर्ज मामले में करीब आठ लाख रुपये के कथित गबन और धोखाधड़ी से जुड़े प्रकरण में उमेश साहू और विनय शर्मा ने झारखंड उच्च न्यायालय से जमानत प्राप्त करने के लिए कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों का उपयोग किया था। इसी आधार पर उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, जिनमें झूठे साक्ष्य, मिथ्या घोषणा, जालसाजी और फर्जी दस्तावेजों के उपयोग से संबंधित धाराएं शामिल थीं, के तहत मामला दर्ज कराया गया था। न्यायालय में मामले की सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता पक्ष को अपने आरोपों के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य और गवाह प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया। हालांकि, लंबे समय तक चली न्यायिक प्रक्रिया के दौरान शिकायतकर्ता आरोपों को पुष्ट करने के लिए आवश्यक प्रमाण उपलब्ध नहीं करा सके। अदालत ने पाया कि प्रस्तुत रिकॉर्ड में ऐसा कोई ठोस आधार नहीं है, जिससे आरोपों की पुष्टि हो सके। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू और बबिता जैन ने अदालत में विस्तृत दलीलें पेश कीं। उन्होंने न्यायालय के समक्ष दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 245 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 268 के प्रावधानों का हवाला देते हुए आरोपमुक्त करने का आवेदन दाखिल किया। बचाव पक्ष का तर्क था कि शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों के समर्थन में कोई विश्वसनीय साक्ष्य उपलब्ध नहीं है, इसलिए अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमे को आगे बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं बनता। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और उपलब्ध अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद न्यायालय ने माना कि आरोप सिद्ध करने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद नहीं हैं। इसके बाद अदालत ने उमेश साहू और विनय शर्मा को आरोपों से मुक्त करने का आदेश पारित किया। न्यायालय के इस फैसले के साथ वर्ष 2011 से लंबित यह मामला समाप्त हो गया। फैसले के बाद बचाव पक्ष ने इसे न्याय की जीत बताते हुए कहा कि अदालत ने तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष निर्णय दिया है।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 02/2026-27 (3rd Call)**

पत्रांक– 414 लातेहार/दिनांक– 29.05.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | केना मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार प्रखंड–लातेहार जिला–लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राषि (लाख में) | 24.147 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 03.06.2026 |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 20.06.2026 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि, एवं समय | 20.06.2026 3.00 बजे अपराह्न तक e-procurement portal (jharkhand tenders.gov.in) |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 22.06.2026 5.00 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– (1)केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी
(2) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 381112 (Water Resource)26-27*D

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक में नरसंहार: जमीन विवाद में एक ही परिवार के 6 लोगों की हत्या

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के विजयापुरा जिले में एक लंबे समय से चले आ रहे जमीन विवाद



को लेकर छह लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मृतकों को पहले गोली मारी गई और फिर उनके शवों को कुल्हाड़ी से काटा गया। घटना गोविंदपुर गांव में चडचान पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई। सभी छह पीड़ित गोविंदपुर गांव के निवासी थे। मृतकों में चंदू निराले, दुंदप्पा निराले, शिवपुत्र निराले, राहुल निराले, समर्थ निराले, शब्बीर नदाफ शामिल है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह हत्याएं निराले और गोलागी परिवारों के बीच लंबे समय से चल रहे जमीन विवाद से जुड़ी हुई हैं। पुलिस को संदेह है कि गोलागी परिवार के सदस्यों ने इस हमले को अंजाम दिया। हालांकि, अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है।

### फरीदाबाद में मस्जिद चौक पर अवैध निर्माणों पर होगी आधी रात को कार्रवाई

**फरीदाबाद, एजेंसी।** जिले के एनआईटी के तीन नंबर स्थित मस्जिद चौक पर आधी रात के बाद अवैध निर्माणों पर बड़ी कार्रवाई होगी। इस



दौरान एक मस्जिद को भी ढ़हाया जा सकता है। इलाके में कानून व्यवस्था न बिगड़े इसलिए यह कार्रवाई आधी रात के बाद होगी। इस दौरान आसपास के सभी रूट बंद कर दिए जाएंगे और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया जाएगा। आम वाहन चालकों के लिए इस चौक तक पहुंचने के सारे रास्ते बंद कर दिए जाएंगे। जहां पर अवैध निर्माण है, दरअसल वहां से आरआरटीएस कॉरिडोर और एलिवेटेड मार्ग गुजरेगा।

### आठ वर्षीय निक्षा ने एवरेस्ट के बेस कैंप पर लहराया तिरंगा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात के पालनपुर की आठ वर्षीय निक्षा ने सात दिन में एवरेस्ट बेस




कैंप पर पहुंचकर एक नया कीर्तिमान रच दिया। 17,598 फीट की ऊंचाई पर पहुंचकर निक्षा ने तिरंगा लहराकर देश का नाम रोशन कर दिया। निक्षा, गोविंदा स्कूल पालनपुर से कक्षा दो उत्तीर्ण कर कक्षा तीन में पहुंची है। ग्लोबल वार्मिंग एवं पर्यावरण के प्रति जागरुकता के लिए निक्षा बारोट ने एवरेस्ट के बेस कैंप पर माइनस डिग्री तापमान में योग कर दुनिया को एक संदेश दिया। पिता नीलेश बारोट ने बताया कि दुनिया की सबसे ऊंची चोटी की यात्रा करते हुए 17598 फीट तक बेस कैंप तक पहुंचने में उसने बेहद विपरीत हालात में 130 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण यात्रा को पूर्ण किया।

# डी-लिस्टिंग और मतांतरण पर पीएम मोदी से मिले आदिवासी नेता, उपराष्ट्रपति को भी ज्ञापन सौंपेगा प्रतिनिधिमंडल



**जशपुरनगर, एजेंसी।** जनजातीय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत के नेतृत्व में आदिवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। पीएमओ ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस मुलाकात को सार्थक बताया है। वहीं, मुलाकात के दौरान भी प्रधानमंत्री जनजातीय सुरक्षा मंच की मांगों को लेकर सकारात्मक नजर आए। इससे डी-लिस्टिंग आंदोलन से जुड़े आदिवासी नेता उत्साहित हैं। जनजातीय सुरक्षा मंच का लक्ष्य संसद के मानसून सत्र में इन दोनों मांगों को पूरा करने वाले विधेयक को प्रस्तुत कराने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाना है। जनजातीय सुरक्षा मंच के रामप्रकाश पांडे ने बताया कि पीएम मोदी के सकारात्मक रवैये से जनजातीय सुरक्षा मंच सहित आदिवासी संगठनों के प्रमुख उत्साहित हैं।

उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने आदिवासियों की समस्याओं, डी-लिस्टिंग और मतांतरण के मुद्दों को पूरी गंभीरता से सुना। इससे संकेत मिलता है कि आने वाले दिनों में केंद्र सरकार आदिवासियों की इन दो प्रमुख मांगों को पूरा करने के लिए कदम अवश्य उठाएगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और पीएम मोदी को ज्ञापन सौंपने के बाद अब यह प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उन्हें मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेगा। उल्लेखनीय है कि 24 मई को दिल्ली के लाल किला मैदान में आयोजित जनजातीय सांस्कृतिक समागम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। अपने संबोधन में शाह ने इस समागम को आदिवासियों का कुंभ बताया था। मुलाकात के दौरान डी-लिस्टिंग और मतांतरण रोधी केंद्रीय कानून को लेकर उनके रुख को अहम माना जा रहा है।

## रईसपुर में जीडीए का बड़ा एक्शन, ध्वस्त किए गए अवैध निर्माण



**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देश पर जीडीए की टीम द्वारा अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन- तीन के नेतृत्व में रईसपुर में सूर्या गार्डन के पास खसरा संख्या-1277, 1278 व 1279 पर लगभग 4500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में सतेंद्र सिंह, जयप्रकाश, विजेंद्र व सुमेर सिंह द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा वीरेंद्र चौधरी उर्फ लल्लू , सतेंद्र सिंह, संदीप चौधरी व देवेंद्र एवं संजीव कुमार, अमर, सतपाल, ओम, सुखपाल, रविपाल द्वारा किए गए अनाधिकृत निर्माण को ध्वस्त किया गया है। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, लेकिन प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हें नियंत्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी।

## बंगाल के औद्योगिक विकास को मिलेगी नई रफ्तार, शमिक बोले- टाटा को सिंगुर में वापस लाने के लिए सरकार गंभीर

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने शुक्रवार को कहा कि नई भाजपा सरकार टाटा समूह को हुगली के सिंगुर में वापस लाने के लिए पूरी तरह गंभीर है। भट्टाचार्य ने इसे केवल एक आर्थिक जरूरत नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बेहद मजबूत और सकारात्मक संदेश बताया है कि बंगाल अब निवेश के लिए पूरी तरह तैयार है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि लगभग दो दशक पहले नैनो परियोजना को जिस तरह राज्य से बाहर जाने पर मजबूर किया गया था, उससे निवेशकों के बीच एक गलत संदेश गया था। उन्होंने कहा कि टाटा मोटर्स को सिंगुर वापस लाकर



सरकार उस ऐतिहासिक दाग को धोना चाहती है। भट्टाचार्य ने कहा कि हम चाहते हैं कि टाटा समूह सिंगुर में ही वापसी करे, चाहे वह ऑटोमोबाइल क्षेत्र में हो या किसी अन्य क्षेत्र में। नई नीति के आते ही राज्य में बड़े पैमाने पर औद्योगिकीकरण का रास्ता साफ होगा।भाजपा नेता का दावा है कि चुनाव नतीजों के बाद से ही निवेशकों का नजरिया बदलने लगा है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए बताया कि एक बड़े उद्योगपति, जो अपना कारोबार बंगाल से बाहर ले जाने वाले थे, उन्होंने सरकार बदलने के बाद अपना इरादा बदल दिया है। भौगोलिक लाभ और बंदरगाहों की उपलब्धता के कारण बंगाल को 'गेटवे आफ द ईस्ट' बताते हुए उन्होंने वादा किया कि नई सरकार श्रम-प्रधान और पूंजी-प्रधान दोनों उद्योगों के संतुलन के साथ रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी।

# कुदरत का महातांडव: आंधी-वर्षा से बंगाल समेत कई राज्यों में तबाही, यूपी में 20 तो बिहार में 14 लोगों की मौत

**कोलकाता, लखनऊ, पटना, एजेंसी।** कई दिनों की भीषण गर्मी के बाद गुरुवार को बदला मौसम कहर बनकर बरपा। नए पश्चिमी विक्षोभ के कारण तेज आंधी के साथ हुई वर्षा और ओलावृष्टि ने भारी तबाही मचाई। बिजली के खंभे और पेड़ों के गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई तो रेल परिचालन पर भी असर पड़ा। खराब मौसम के कारण कई विमानों को डायवर्ट करना पड़ा। वर्षा जनित हादसों के कारण सिर्फ उत्तर प्रदेश में 20 लोगों की मौत हो गई। बिहार में 14, उत्तराखंड में दो और झारखंड में दो लोगों की मौत की सूचना है।

उत्तर प्रदेश में गुरुवार देर रात शुरू हुई आंधी-वर्षा और ओलावृष्टि की चपेट में वैसे तो पूरा प्रदेश रहा, लेकिन सबसे ज्यादा असर बुंदेलखंड और पूर्वांचल में दिखा। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल स्थित चौरीचौरा और गौरी बाजार रेलवे स्टेशन के बीच रेल लाइन पर चार पेड़ गिर गए।

इस कारण शुक्रवार को गोरखपुर कैंट से देवरिया के बीच बिजली कट गई, जिससे ट्रेनें जहां थीं, वहीं रुक गईं। उरई और भुआ स्टेशनों के बीच ओवर हेड इलेक्ट्रिक लाइन का खंभा टूटने से झांसी लखनऊ रेलखंड पर ट्रेन संचालन बंद हो गया है। वाराणसी में 75 किमी प्रति घंटा के वेग से आंधी चली। प्रयागराज में मई के महीने में एक दिन में सर्वाधिक वर्षा का 55 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। रात एक बजे से सुबह



पांच बजे के बीच चार घंटों में 61 मिलीमीटर बारिश हुई, इससे पहले 18 मई 1971 में 54 मिलीमीटर बारिश का रिकार्ड था। योगी आदित्यनाथ ने नुकसान का आकलन कर 24 घंटे के भीतर राहत राशि बांटने के निर्देश दिए हैं। बिहार में शुक्रवार को आंधी-पानी और वज्रपात के कारण जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। शुक्रवार को पटना में 107 व गया में 74 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली। प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा मोतिहारी में 116.0 मिमी हुई। उधर, नेपाल में वर्षा से पश्चिमी चंपारण जिले में गंडक का जलस्तर बढ़ने लगा है। पुजहा घाट के समीप नदी का पानी बढ़ने से पीपा पुल तक जाने वाला संपर्क मार्ग डूबकर क्षतिग्रस्त हो गया है। कोडरमा रेलखंड पर करीब तीन घंटे तक रेल परिचालन बाधित रहा। खराब मौसम के कारण पटना एयरपोर्ट पर चार विमानों को डायवर्ट करना पड़ा, जबकि 36 उड़ानें घंटों विलंब से संचालित हुईं। वहीं, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आपदा प्रबंधन विभाग को मृतकों के स्वजन को अविलंब चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान प्रदान करने का निर्देश दिया है। झारखंड के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ हुई हल्की से मध्यम वर्षा से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। रुद्रप्रयाग के तुंगनाथ-चोपता क्षेत्र में शुक्रवार शाम तेज आंधी-तूफान और आकाशीय बिजली गिरने से लखनऊ निवासी दो भाइयों की मौत हो गई। वे तुंगनाथ-चोपता क्षेत्र में ट्रेकिंग के लिए पहुंचे थे। हादसे में तीन अन्य घायल हो गए। प्रतिकूल मौसम में फंसे 50 से अधिक पर्यटकों का प्रशासन और राहत एजेंसियों ने रेस्क्यू किया। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, शुक्रवार शाम 4:17 बजे तुंगनाथ-चोपता क्षेत्र में अचानक मौसम प्रतिकूल होने से कई पर्यटक फंस गए। राहत टीम के पहुंचने से पहले ही आकाशीय बिजली गिरने से लखनऊ निवासी 19 वर्षीय अभिनव वाजपेयी की मौत हो गई। उनके भाई 22 वर्षीय अभिषेक वाजपेयी, उन्नाव निवासी 25 वर्षीय शुभम शुक्ला, आजन मिश्रा और नीव मिश्रा घायल मिले। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ ले जाते समय अभिनव के भाई अभिषेक ने भी दम तोड़ दिया। वहीं, हिमाचल प्रदेश में कही आंधी के साथ भारी ओलावृष्टि हुई तो कुछ स्थानों पर वर्षा के कारण तापमान गिर गया।

## आरआरटीएस कॉरिडोर की बड़ी बाधा दूर, अल सुबह गिराई मस्जिद; कई अवैध निर्माण ध्वस्त

**फरीदाबाद, एजेंसी।** शनिवार अल सुबह करीब तीन बजे जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। मस्जिद चौक स्थित मस्जिद को कई अर्थमूवर की मदद से ढहा दिया गया। कानून व्यवस्था न बिगड़े, इसलिए प्रशासन ने इसकी पहले ही पूरी तैयारी कर ली थी। आधी रात के बाद दो बजे ही चारों ओर नाकेबंदी कर दी गई थी और रूट भी डायवर्ट कर दिया था ताकि कोई वाहन चालक मस्जिद के आसपास तक भी न आ सके। मस्जिद के साथ-साथ यहां और भी कई निर्माणों को ढहाया गया है। बता दें मस्जिद चौक के पास से एलिवेटेड मार्ग प्रस्तावित है। जिसकी राह में कई बड़े अवैध निर्माण आ रहे हैं। इनका तोड़ा जाना जरूरी है। उधर गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा नमो भारत आरआरटीएस कारिडोर भी मस्जिद चौक से होकर गुजरेगा। इसलिए रूट में बाधा न हो, इसके लिए अवैध निर्माण गिराए जाएंगे।



पुलिस ने आधी रात के बाद से ही एनएच-तीन क्षेत्र के कई प्रमुख मार्गों पर पब्लिक यातायात पूरी तरह बंद कर दिया था। मेट्रो मोड से ईएसआई चौक, मस्जिद चौक होते हुए सैनिक कॉलोनी रेड लाइट चौक तक जाने वाला मार्ग अस्थायी तौर पर बंद कर दिया गया। इसी तरह डीसीपी एनआइटी आफिस से मुल्ला होटल को जाने वाली रोड, जो कि नमस्ते चौक से होकर आगे जाती है, वह भी बंद है। शनिवार दोपहर दो बजे तक वाहन चालकों के लिए यह रास्ते बंद रहेंगे।

## ट्रिब्यूनल की कार्यप्रणाली पर कलकत्ता हाई कोर्ट नाराज, राज्य को सुप्रीम कोर्ट जाने की सलाह

**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद गठित ट्रिब्यूनलों की कार्यप्रणाली को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ट्रिब्यूनलों के खिलाफ लगभग हर दिन तीन से चार मामले हाई कोर्ट में पहुंच रहे हैं, जो व्यवस्था में गंभीर खामियों की ओर संकेत करता है। अदालत ने राज्य सरकार से इस स्थिति की समीक्षा करने और आवश्यकता पड़ने पर मामले को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष उठाने की सलाह दी है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति शम्पा दत्त पाल की पीठ में इस संबंध में एक मामला सुनवाई के लिए आया। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और इससे जुड़े विवादों का त्वरित तथा प्रभावी समाधान होना चाहिए। न्यायमूर्ति पाल ने टिप्पणी की कि ट्रिब्यूनलों में जिस प्रकार कामकाज चल रहा है, उस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह मूल रूप से एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, इसलिए इसमें अनावश्यक जटिलताएं नहीं होनी चाहिए।

अदालत ने इस बात पर भी असंतोष व्यक्त किया कि मताधिकार से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए लोगों को ट्रिब्यूनल के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा जा रहा है। न्यायमूर्ति ने सवाल उठाया कि दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले लोग किस प्रकार बार-बार उपस्थित हो पाएंगे, जबकि ऑनलाइन सुनवाई या वर्चुअल उपस्थिति की कोई व्यवस्था नहीं है। अदालत ने राज्य सरकार से इस मुद्दे पर अपना पक्ष स्पष्ट करने को कहा है।

गौरतलब है कि बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया पिछले वर्ष



अक्टूबर में शुरू हुई थी। विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा किए गए सत्यापन और संशोधन अभियान के दौरान 90 लाख से अधिक नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे। इसके अलावा 60 लाख से अधिक नामों को विचाराधीन सूची में रखा गया था।

बाद में चरणबद्ध तरीके से जांच पूरी कर आयोग ने अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की। जिन लोगों के नाम अंतिम सूची में शामिल नहीं किए गए, उन्होंने अपने अधिकारों की बहाली के लिए ट्रिब्यूनलों का दरवाजा खटखटाया। इन मामलों की सुनवाई अभी भी जारी है।

# दादरी से लंबी दूरी की स्पेशल ट्रेन हुई हिट, 200 यात्रियों से हुई शुरुआत; अब आंकड़ा 600 के पार

**दादरी, एजेंसी।** दादरी रेलवे स्टेशन से प्रयागराज के लिए तीन मई से शुरू की गई समर स्पेशल ट्रेन अब सुपरहिट हो गई है। रेलवे ने संगम स्नान और हाई कोर्ट जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए इस अस्थाई ट्रेन का संचालन शुरू किया था। शुरुआत में इसमें करीब 200 यात्री सफर करते थे, लेकिन अब यह आंकड़ा 600 प्रतिदिन के पार पहुंच गया है। दादरी रेलवे अधीक्षक हेमंत कुमार ने बताया कि पहले यह ट्रेन तीन मई से एक जून तक चलाने की योजना थी, लेकिन यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए इसे एक अगस्त तक बढ़ा दिया गया है। शुरुआत में ट्रेन में एक एसी कोच और बाकी स्लीपर कोच थे। अब दो



एसी कोच और जोड़े गए हैं।

भविष्य में इस स्पेशल ट्रेन को फुल एसी करने की योजना है और इसके लिए स्लीपर बोगी हटाई जाएंगी। ट्रेन नंबर 02418 दादरी से रात 10:15 बजे चलकर अगले दिन सुबह नौ बजे प्रयागराज पहुंचती है। वापसी में ट्रेन नंबर 02417 प्रयागराज से रात आठ बजे चलकर दादरी सुबह 1:15 बजे पहुंचती है।

दोनों तरफ से ट्रेन का ठहराव खुर्जा, अलीगढ़, हाथरस, टूंडला, शिकोहाबाद, इटावा, फफूंद, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सिराथू, प्रयागराज है। ट्रेन में एसी, स्लीपर और जनरल सभी श्रेणी के कोच हैं। दादरी स्टेशन पर रिजर्वेशन की सुविधा उपलब्ध है। ट्रेन में कुल 16 बोगी हैं। इनमें एक फर्स्ट एसी, दो सेकंड एसी, चार जनरल और आठ स्लीपर कोच शामिल हैं। यात्रियों की संख्या बढ़ने से रेलवे इस ट्रेन को एसी स्पेशल के रूप में संचालित करने का प्रयास कर रहा है।

## आरएलपी प्रमुख सांसद हनुमान बेनीवाल की सुरक्षा घटी

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजनीति में एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हाल ही में राज्य सरकार ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रमुख और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल की सुरक्षा में कटौती करते हुए जयपुर कमिश्नरेट की ओर से तैनात तीन सुरक्षाकर्मियों को वापस बुला लिया है। इससे पहले निर्दलीय विधायक रविंद्र सिंह भाटी की सुरक्षा में भी कमी की गई थी। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव के समय और परिस्थितियों को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। दरअसल, हनुमान बेनीवाल पिछले कुछ समय से विभिन्न मुद्दों को लेकर लगातार राज्य सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं। हाल ही में जयपुर के निकट भैराणा गांव में आयोजित महापंचायत और आंदोलन के दौरान उन्होंने सरकार पर जमकर निशाना साधा था। उनके जयपुर कूच के आह्वान के बाद सरकार को किसानों की मांगों पर बातचीत के लिए आगे आना पड़ा। आंदोलन समाप्त होने के कुछ ही दिनों बाद उनकी सुरक्षा में कटौती किए जाने से राजनीतिक सवाल खड़े हो रहे हैं।

**भैराणा आंदोलन के बाद बढ़ी सियासी तल्खी**–भैराणा महापंचायत के दौरान बेनीवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मंत्रिमंडल के सदस्यों पर तीखे बयान दिए थे। उन्होंने मंत्रियों और मुख्यमंत्री को लेकर विवादित टिप्पणियां की थीं, जिसके बाद भाजपा नेताओं ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम सहित कई नेताओं ने बेनीवाल के बयानों की कड़ी आलोचना की थी। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा भी है कि सरकार के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ लगातार आक्रामक बयानबाजी उनकी सुरक्षा में कटौती के पीछे एक कारण हो सकती है।

**पहले बढ़ाई गई थी सुरक्षा**–हनुमान बेनीवाल की सुरक्षा व्यवस्था पहले भी चर्चा का विषय रही है। वर्ष 2025 में स्द्ध भर्ती परीक्षा-2021 को रद्द करने की मांग को लेकर उन्होंने जयपुर में लंबा आंदोलन किया था। करीब तीन महीने तक शहीद स्मारक पर धरना देने के बाद मानसरोवर में विशाल रैली आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए थे।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### त्विषा शर्मा मामला- एफआईआर में देरी, सबूतों पर सवाल और न्याय की प्रक्रिया पर उठे गंभीर प्रश्न

त्विषा का पति वकील है और उनकी सास जिला न्यायाधीश रह चुकी हैं। शायद इन्हीं वजहों से मामले में त्वरित कार्रवाई से बचने और आरोपियों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगे। गुरुवार को आखिरकर सीबीआई ने त्विषा की सास को गिरफ्तार कर लिया था। यानी यह धारणा बनी कि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है और आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है।इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी आपराधिक घटना की निष्पक्ष और गहन जांच-पड़ताल के बाद ही कोई निष्कर्ष सामने आता है तथा उसी आधार पर कानूनी प्रक्रिया न्याय के निष्कर्ष तक पहुंचती है। इस बीच अगर आरोप और कार्रवाई के दौरान न्याय की मांग बाधित होती दिखती है, तो उसके लिए जिम्मेदार कारकों पर बहस होती है। मध्य प्रदेश के भोपाल में त्विषा शर्मा की मौत के मामले में कानूनी कार्रवाई को लेकर जैसी स्थितियां देखी गईं, उसमें कई सवाल उठे। त्विषा के परिवार ने उनकी मौत को दहेज के लिए की गई हत्या बताया और आरोप लगाया कि घटना से संबंधित सबूतों को मिटाने की कोशिश की गई। इसके अलावा, शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तथ्यों की तोड़-मरोड़ करने के आरोप लगे और यह भी कहा गया कि प्रभावशाली लोग मामले की जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, त्विषा की मौत के बाद प्राथमिकी दर्ज करने में तीन दिन तक टालमटोल की गई और घटना से संबंधित सबूतों को संभालकर सुरक्षित रखने में पुलिस नाकाम रही। जाहिर है, यह या तो पुलिस के कामकाज में व्याप्त लापरवाही का ही एक और उदाहरण है या फिर किसी के प्रभाव में ऐसा हुआ। दरअसल, त्विषा का पति वकील है और उनकी सास जिला न्यायाधीश रह चुकी हैं। शायद इन्हीं वजहों से मामले में त्वरित कार्रवाई से बचने और आरोपियों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगे। यानी यह धारणा बनी कि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है और आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। जहां से न्याय की उम्मीद होती है, अगर वहीं के ढांचे पर कोई सवाल उठता है, तो यह समूची न्यायपालिका के लिए एक असुविधाजनक तस्वीर है। शायद इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया। सोमवार को इस पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस विमर्श से व्यथित है कि न्यायपालिका आरोपियों को बचा रही है। इसके साथ ही अदालत ने पीड़ित पक्ष और उनके परिजनों तथा अभियुक्तों से कहा कि वे मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर बयान देने के बजाय अपनी बात जांच एजेंसी के सामने दर्ज कराएं, ताकि जांच पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े। सुप्रीम कोर्ट की यह चिंता वाजिब है कि न्यायपालिका को लेकर आम जनता के बीच नकारात्मक धारणा न बने। मगर सवाल है कि आखिर पीड़ित पक्ष के सामने उचित तरीके से कार्रवाई न करने और आरोपियों को बचाने का आरोप लगाने की नौबत क्यों पैदा हुई? आखिर किन वजहों से सरकार ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने त्विषा के शव का पोस्टमार्टम दोबारा कराने का आदेश क्यों दिया? कायदे से घटना के सामने आने के बाद पुलिस अपनी ओर से खुद सबूतों को संभालने से लेकर जांच-पड़ताल और आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी प्रक्रिया शुरू करने को लेकर तुरंत सक्रिय होती। मगर इसमें जिस तरह की टालमटोल की गई, उससे स्वाभाविक ही पीड़ित पक्ष के भीतर निराशा पैदा हुई। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट को भी मामले में दखल देने की जरूरत पड़ी। अब जरूरत इस बात की है कि त्विषा की मौत और उसके बाद उनके परिवार की ओर से दहेज के लिए हत्या कर देने के आरोपों की निष्पक्ष तरीके से जांच सुनिश्चित हो। विडंबना यह है कि दहेज से लेकर घरेलू हिंसा तक के विरुद्ध बने तमाम सख्त कानूनों के बावजूद आज भी महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम संभव नहीं हो सकी है।

*भारत के लिए यह विषय और अधिक महत्वपूर्ण है। भारत युवा शक्ति, विशाल जनसंख्या और तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था वाला देश है। यदि एआई को बिना स्पष्ट नीति और नियंत्रण के बढ़ने दिया गया तो रोजगार, शिक्षा और सामाजिक संरचना पर व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। भारत को विकास और नियंत्रण दोनों के बीच संतुलन बनाना होगा। एआई को रोकना समाधान नहीं है।*

# क्या एआई मानवता के महाविनाश का कारण बनेगी?

**(ललित गर्ग)**

निश्चित रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बैंकिंग, व्यापार, प्रशासन और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। रोगों के निदान से लेकर वित्तीय प्रबंधन तक और शिक्षा से लेकर अनुसंधान तक, इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ संकट भी लाती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई आज केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं रह गई है, बल्कि वह मानव सभ्यता के भविष्य का निर्णायक मोड़ बनती जा रही है। जिस गति से यह तकनीक विकसित हुई है, उसने दुनिया को आश्चर्यचकित भी किया है और चिंतित भी। अभी तक विज्ञान और तकनीक मनुष्य के हाथों में उपकरण थे, किंतु कृत्रिम बुद्धिमत्ता पहली ऐसी शक्ति है जो निर्णय लेने, सीखने, विश्लेषण करने और सृजन करने की क्षमता के साथ स्वयं को निरंतर विकसित कर रही है। यही कारण है कि विश्व के प्रमुख धर्मगुरु, वैज्ञानिक और नीति-निर्माता इसके खतरों को लेकर गंभीर चेतावनियां दे रहे हैं। हाल ही में वर्तमान पोप लियो चौदहवें द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में व्यक्त की गई चिंताएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि युद्ध को नैतिक नहीं बनाया जा सकता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित युद्ध प्रणाली मानवता के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टि नहीं, बल्कि मानवीय अस्तित्व की रक्षा का प्रश्न है। दुनिया को इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। पोप ने सामाजिक और वैश्विक मुद्दों पर जारी अपने आधिकारिक संदेश में एआई को मानवता के समक्ष उभरती सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बताया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर चिंता व्यक्त की कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल तकनीकी परिवर्तन का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि यह युद्ध, राजनीति, अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना को प्रभावित करने वाली शक्ति बनती जा रही है। उन्होंने दुनिया को चेताया कि तकनीक का उद्देश्य मनुष्य पर प्रभुत्व स्थापित करना नहीं, बल्कि उसकी सेवा करना होना चाहिए। उनका संदेश मानव-केंद्रित विकास की अवधारणा को बल देता है, जिसमें विज्ञान और तकनीक को नैतिकता, मानवीय गरिमा और करुणा के अधीन रखा जाए। पोप की यह चेतावनी केवल धार्मिक दृष्टिकोण नहीं है, बल्कि एक वैश्विक मानवीय आह्वान है कि एआई की अंधी दौड़ में मानवता, संवेदना और नैतिकता का क्षरण न होने दिया जाए। आज जब महाशक्तियां एआई के माध्यम से प्रभाव और नियंत्रण की प्रतिस्पर्धा में लगी हैं, तब पोप का यह संदेश विश्व समुदाय को संयम, उत्तरदायित्व और मानवीय मूल्यों की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है। पोप ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एल्गोरिद्म युद्ध को नैतिक नहीं बना सकता और तकनीक को मानव विवेक का विकल्प नहीं बनने दिया जा सकता। पोप ने चर्च के सामाजिक सरोकारों से जुड़े अपने इस आधिकारिक पत्र में पहली बार एआई को प्रमुख विषय बनाया, जो इस बात का संकेत है कि इसका प्रभाव केवल तकनीकी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मानव जीवन, समाज और वैश्विक व्यवस्था को व्यापक रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से एआई आधारित स्वायत्त हथियार प्रणालियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इस तकनीक को पूर्णतः मानवीय नियंत्रण में नहीं रखा गया तो यह युद्ध, शोषण और दासता के नए रूपों को जन्म दे सकती है। पोप ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को निरस्त्र करने का आह्वान करते हुए उसका आशय तकनीक का विरोध नहीं, बल्कि उसके अनियंत्रित और अमानवीय उपयोग पर रोक लगाना बताया। उनका कहना था कि युद्ध और शांति से जुड़े निर्णय अंततः नैतिकता, करुणा और विवेक पर आधारित होने चाहिए, उन्हें मशीनों के हवाले नहीं किया जा सकता। आज जब अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हैं और युद्ध तकनीकों में इसका उपयोग बढ़ रहा है, तब पोप का यह संदेश मानवता के लिए एक नैतिक दिशा-सूचक के रूप में सामने आया है कि तकनीक मनुष्य की सेवक बने, स्वामी नहीं; और विकास का केंद्र मानव गरिमा, संवेदना तथा विश्वशांति ही रहे। निश्चित रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, बैंकिंग, व्यापार, प्रशासन और संचार के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किए हैं। रोगों के निदान से लेकर वित्तीय प्रबंधन तक और शिक्षा से लेकर अनुसंधान तक, इसकी उपयोगिता निर्विवाद है। लेकिन हर तकनीकी क्रांति अपने साथ संकट भी लाती है। आज वही संकट स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। सबसे बड़ा संकट रोजगार का है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने लाखों लोगों के कार्यों को प्रतिस्थापित करना शुरू कर दिया है। ग्राहक सेवा, लेखन, अनुवाद, लेखांकन, सूचना प्रबंधन, प्रोग्रामिंग और कार्यालयी कार्यों में मनुष्य की आवश्यकता तेजी से घट रही है। मशीनें कम लागत, अधिक गति और निरंतर कार्य क्षमता के कारण मनुष्य का स्थान ले रही हैं। इससे केवल बेरोजगारी नहीं बढ़ेगी, बल्कि सामाजिक असंतुलन और आर्थिक विषमता भी गहराएगी। जिन देशों और कंपनियों के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता का नियंत्रण होगा, आर्थिक शक्ति भी उन्हीं के हाथों में केंद्रित हो जाएगी। इससे विश्व व्यवस्था में असमानता का नया स्वरूप उभरेगा। इससे भी अधिक गंभीर प्रश्न वैश्विक सुरक्षा का है। आज अमेरिका, चीन और अन्य महाशक्तियां कृत्रिम बुद्धिमत्ता की होड़ में लगी हुई हैं। यह प्रतिस्पर्धा केवल तकनीकी श्रेष्ठता तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक प्रभुत्व का नया संघर्ष बन चुकी है। जैसे कभी परमाणु हथियारों और घातक अस्त्र-शस्त्रों के माध्यम से शक्ति संतुलन स्थापित हुआ था, वैसे ही अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की सामरिक शक्ति बन रही है। स्वायत्त हथियार प्रणाली, बुद्धिमान ड्रोन और बिना मानवीय हस्तक्षेप के निर्णय लेने वाली युद्ध तकनीकें मानवता के लिए भयावह संकेत हैं। यदि युद्ध का निर्णय मशीनों के हाथों में चला गया तो संवेदना, विवेक और नैतिकता समाप्त हो जाएगी। मशीनों के लिए मानव जीवन केवल आंकड़े होंगे। ऐसी स्थिति महाविनाश की संभावना को जन्म दे सकती है। पोप की यह चेतावनी इसी संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है कि युद्ध का अंतिम निर्णय मानव विवेक के अधीन रहना चाहिए। साइबर सुरक्षा भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कारण नई चुनौतियों से घिर गई है। बैंकिंग व्यवस्था, विद्युत तंत्र, रक्षा नेटवर्क और संचार प्रणाली आज डिजिटल माध्यमों पर निर्भर हैं। एआई आधारित साइबर हमले किसी भी राष्ट्र को कुछ घंटों में अस्थिर कर सकते हैं। झूठे संदेश, भ्रामक वीडियो, कृत्रिम चित्र और आवाजों के माध्यम से सामाजिक तनाव उत्पन्न किए जा सकते हैं। सत्य और असत्य का अंतर मिटने लगा है। यह सूचना तंत्र और लोकतंत्र दोनों के लिए गंभीर संकट है। एआई का एक और चिंताजनक पक्ष है-मानवीय नियंत्रण का कमजोर पड़ना। वैज्ञानिक समुदाय का एक वर्ग मानता है कि भविष्य में ऐसी बुद्धिमत्ता विकसित हो सकती है जो मनुष्य की क्षमता से कई गुना आगे निकल जाए। यदि ऐसा हुआ तो नियंत्रण का प्रश्न सबसे बड़ा संकट बनेगा। यह केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व का प्रश्न होगा।

# कांग्रेस ने मुख्यमंत्री बदलकर कर्नाटक का धर्मसंकट टला! क्या सीएम बदलकर से हल निकलेगा?

**(कमलेश पांडे)**

ऐसे में सुलगता सवाल है कि आखिर दोनों नेताओं के बीच का संतुलन कैसे बदला और क्या मुख्यमंत्री बदलने से इसका हल निकल सकता है? तो जवाब होगा कि सैद्धांतिक रूप से नेतृत्व परिवर्तन से असंतोष कम किया जा सकता है, लेकिन व्यवहारिक राजनीति में ऐसा प्रयोग हमेशा सफल नहीं होता। कर्नाटक में कांग्रेस इस समय एक गहरे राजनीतिक धर्मसंकट में दिखाई दे रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री बदलकर उसने इसका भी तोड़ निकाल लिया है। जिस तरह से आलाकमान के निर्देश पर सिद्धारमैया की जगह डी के शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है, वह दूरदर्शिता का परिचायक है। लेकिन सवाल है कि क्या मुख्यमंत्री बदलने से समस्या का स्थायी हल निकल चुका है? या फिर कोई और नई समस्या पनपेगी! कांग्रेस का अतीत इसी बात की चुगली करता है। चूंकि कांग्रेस के लिए जहां एक ओर सत्ता संतुलन मायने रखता है, तो वहीं दूसरी ओर एक स्थिर और टिकाऊ सरकार की चुनौती उसके समक्ष मौजूद है, जो चुनावी मुद्दा भी 2028 के विधानसभा चुनाव में बनेगा। और इसी बीच मुख्यमंत्री बदलने की लगातार चल रही चर्चाओं को सही साबित करके और अपना नया मुख्यमंत्री घोषित करके उसने कर्नाटक के राजनीतिक तापमान बढ़ा चुकी है। सवाल यह है कि क्या नेतृत्व परिवर्तन वास्तव में समाधान बन सकता है, या फिर यह कांग्रेस के लिए कोई नया संकट खड़ा कर देगा? इसलिए आइए पहले कर्नाटक कांग्रेस के मौजूदा समीकरण को समझते हैं। वह यह कि वर्तमान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया राज्य में जनाधार और प्रशासनिक अनुभव वाले नेता माने जाते हैं, जबकि उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार संगठन, संसाधन और रणनीतिक राजनीति के मजबूत स्तंभ हैं। चूँकि गत 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत में दोनों की बड़ी भूमिका रही थी। इसलिए सत्ता संतुलन शुरू से ही संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है। उम्मीद है कि अब डी के शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। यही वजह है कि मुख्यमंत्री बदलना केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि राजनीतिक संतुलन का प्रश्न बन चुका था, जो अब जाकर पूरा हुआ। ऐसे में सुलगता सवाल है कि आखिर दोनों नेताओं के बीच का संतुलन कैसे बदला और क्या मुख्यमंत्री बदलने से इसका हल निकल सकता है? तो जवाब होगा कि सैद्धांतिक रूप से नेतृत्व परिवर्तन से असंतोष कम किया जा सकता है, लेकिन व्यवहारिक राजनीति में ऐसा प्रयोग हमेशा सफल नहीं होता। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि बदलाव सहमति से हुई या दबाव में, सत्ता हस्तांतरण सम्मानजनक हुआ या टकरावपूर्ण, संगठन और विधायकों का समर्थन किसके साथ रहे और जनता इसे स्थिरता माने या आंतरिक संघर्ष। क्योंकि यदि बदलाव समझौते की तरह दिखाई दिया है, तो कांग्रेस इसे संतुलन की राजनीति कह सकती है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6108

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 4 | | 6 | |
| 3 | | | | 6 | 8 | 2 | | |
| 4 | 6 | | | 9 | | | | 1 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 3 | 4 | | 5 | | 7 | 2 | |
| | 9 | | 2 | | | | | |
| 6 | | | | 8 | | | 7 | 9 |
| | | 9 | 3 | 2 | | | | 8 |
| | 7 | | 9 | | | | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6107

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 7 | 9 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 |
| 7 | 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 6 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 4 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 2 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 | 6 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज फाइनेंशियल प्लानिंग और बचत के प्रयासों को पूरा सपोर्ट कर रही है। आज आपको कम्युनिकेशन, बिजनेस मार्केटिंग या नेटवर्किंग से जुड़े कामों में अच्छा मुनाफा हो सकता है। राहु आपके ग्यारहवें घर में बैठे हैं, जो अचानक धन लाभ के शानदार अवसर ला सकते हैं। ध्यान रहे, आज बिना सोचे-समझे किसी को भी पैसा उधार देने से आपको बचना चाहिए।

### वृष
आज आपकी आर्थिक योजनाओं को बेहतरीन मजबूती दे रहे हैं। बिजनेस, नेटवर्किंग या बातचीत के माध्यम से आज आपकी इनकम के सोर्स बेहतर हो सकते हैं। अचानक होने वाले खर्चों के प्रति सचेत करते हैं। जल्दबाजी में आकर पैसे खर्च करने से बचें। आज जरूरत से ज्यादा लग्जरी की चीजों पर धन बर्बाद न करें। पेशेवर मोर्चे पर आज का दिन आपके लिए काफी प्रोडक्टिव रहने की उम्मीद है।

### कर्क
आज व्यावहारिक तरीके से चलेंगे, तो आपकी आर्थिक स्थिति काफी मजबूत और स्थिर बनी रहेगी। आज के दिन फिजूल की विलासिता और दिखावे की चीजों पर पैसा खर्च करने से बचें। आज का दिन नई चीजें सीखने, प्लानिंग करने और अपने रचनात्मक विचारों को आगे बढ़ाने के लिए बेहद शानदार है।

### सिंह
आज आपको धन से जुड़े मामलों में थोड़ी ज्यादा सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज पैसों को लेकर किसी से भी तीखी बहस न करें। बिना सोचे-समझे किए गए खर्चे आपको परेशानी में डाल सकते हैं, इसलिए आज पैसों का लेन-देन बहुत ही समझदारी से करें। कार्यक्षेत्र में आज आपकी प्रगति की रफ्तार थोड़ी धीमी लेकिन बेहद मजबूत रहने वाली है।

### मिथुन
आर्थिक मामलों में आज का दिन आपके लिए औसत रहने के संकेत दे रहा है। किसी भी जोखिम भरे निवेश या गुप्त पैसों के लेन-देन से पूरी तरह दूर रहें। आज घर या परिवार की जरूरतों पर अचानक कुछ अनपेक्षित खर्चे सामने आ सकते हैं।

### कन्या
आज आपका दिन सोशल कॉन्टैक्ट्स और टीमवर्क के जरिए अच्छे आर्थिक लाभ की ओर इशारा कर रही है। बातचीत और मीडिया से जुड़े कामों से जुड़े लोगों को आज बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। आपके धन प्रबंधन को व्यावहारिक बनाएगा।

### तुला
आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन सामान्य लेकिन स्थिर बना रहने वाला है। बुधदेव और बृहस्पतिदेव आपकी ही राशि यानी पहले भाव में मौजूद हैं। यह स्थिति आपको धन के मामलों में बहुत ही व्यावहारिक और सटीक फैसले लेने में मदद करेगी। बिजनेस, राइटिंग या नेटवर्किंग से जुड़े कामों में लाभ के योग हैं।

### वृश्चिक
आज आपको ग्रुप एक्टिविटीज, नेटवर्किंग या सही बातचीत के माध्यम से आर्थिक लाभ मिल सकता है। धन के मामलों में आपकी व्यावहारिक सोच को मजबूत कर रहे हैं। करियर में स्टेबिलिटी के साथ-साथ अच्छे फाइनेंशियल इनफ्लो का संकेत देते हैं। किसी भी तरह का आर्थिक रिस्क लेने या किसी के अस्पष्ट वादों पर भरोसा करने से आज आपको बचना चाहिए।

### मकर
आज आपके आर्थिक मामलों में बहुत ही सोच-समझकर कदम उठाने की जरूरत है। भावुक होकर धन का कोई फैसला न लें। आपकी नॉलेज-बेस्ड इनकम और यात्रा से जुड़े लाभ के योग बना रहे हैं। इसलिए पैसों का मैनेजमेंट बहुत ही व्यावहारिक तरीके से करें। कार्यक्षेत्र में आज आपकी कूटनीतिक क्षमता और शानदार कम्युनिकेशन स्किल्स बहुत काम आने वाले हैं।

### कुंभ
आर्थिक तौर पर आज का दिन स्थिर रहेगा, लेकिन आपको पैसों के मैनेजमेंट में थोड़ी सावधानी रखनी होगी। राहु आपके दूसरे भाव में बैठे हैं, जो अचानक कुछ बड़े और अनचाहे खर्चे सामने ला सकते हैं। आज किसी भी तरह की जल्दबाजी में आकर की जाने वाली शॉपिंग या जोखिम भरे वादों से खुद को दूर रखना ही आपके लिए बेहतर होगा। आज आपका पूरा ध्यान अपने करियर और काम की जिम्मेदारियों पर ही केंद्रित रहने वाला है।

### धनु
आर्थिक मामलों को लेकर आज का दिन काफी महत्वपूर्ण रहने वाला है। एक सटीक बजट बनाने और लॉन्ग टर्म प्लानिंग करने के लिए प्रेरित करेगा। करियर के माध्यम से धन लाभ के बेहतरीन अवसर ला सकती है। किसी भी तरह के सट्टेबाजी, जोखिम भरे निवेश या बेवजह का कर्ज लेने से बिल्कुल दूर रहें। आज काफी एक्टिव और प्रोग्रेसिव नजर आ रहा है।

### मीन
आज के दिन आपको अपने आर्थिक मामलों पर बहुत बारीकी से नजर रखने की जरूरत होगी। टैक्स, लोन या पुराने निवेश से जुड़ी बातचीत को बढ़ा सकती है। भावनाओं में बहकर पैसों से जुड़ा कोई भी बड़ा निर्णय न लें। आज कुछ छिपे हुए खर्चे अचानक सामने आ सकते हैं। एक ठोस और व्यावहारिक बजट बनाकर चलना ही आज आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत रखेगा।

## वर्ग पहेली 6108

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | ■ | 4 | ■ |
| 5 | | | ■ | 6 | | | 7 |
| | ■ | 8 | | | ■ | 9 | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | | | ■ |
| ■ | 13 | | 14 | | ■ | 15 | 16 |
| 17 | | ■ | | ■ | 18 | | |
| | ■ | ■ | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | | ■ | | ■ | ■ |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. हिंदी और उर्दू के भारतीय लेखकों में अद्वितीय लेखक (मूल नाम धनपत राय श्रीवास्तव ने 8 अक्टूबर 1936 को इस दुनिया से अलविदा कहा) (4)
5. पदक, मैडल (3)
6. सहसा, अकस्मात, यकायक (4)
8. चाप, धनुष, प्रबंधालय, डी (3)
9. सारा के सारा, समस्त, पूरा (2)
10. अंतरात्मा, मन, कानशंस, हृदय (3)
12. बर्फ शब्द का अपभ्रंश (3)
13. लगातारघंटा बजने से होने वाला टन-टन शब्द (4)
15. स्याही को अंग्रेजी में यह कहते हैं (2)
17. पदार्थ का मुख्य और मूल अंश, सत, यथार्थ बात (2)
18. न टलने वाला, अटल, स्थाई (3)
19. हवा, समीर, समीर (3)
20. नामकरण करना, नाम कर्म करना, नाम देना (4)

**ऊपर से नीचे**
1. प्रेत का स्वामी होने के कारण यमराज को यह भी कहते है (4)
2. मेरा या मेरी (2)
3. स्वस्थ्य करना, नीरोग करना (5)
4. 1962 की निर्देशक मेहबूब खान की फिल्म जिसमें मास्टर साजिद, और कुमकुम आदि की भूमिकाऐं थी (7)
6. बिगाड़, झगड़ा, झंझट (4)
7. अव्यक्त मधुर ध्वनि, बीता या आने वाला दिन (2)
11. लंबाई नापने हेतु दार्शनिक प्रणाली की एक ईकाई (3)
14. छूकर पता लगाना, तलाश करना, मन की थाह लेना (4)
16. किनाने पर, पास, समीप, मेड (3)
17. तमस्या, पुरानी फिल्मों की एक दिवंगत अभिनेत्री (3)
18. स्त्री, नारी (3)

### वर्ग पहेली 6107 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | ग | म | अ | ख्त | र | ■ | स |
| गु | म | ना | म | ■ | त | ब | ला |
| ना | क | ■ | र | ट | ना | ■ | मी |
| ह | ■ | शा | ना | ■ | र | दी | ■ |
| ■ | श | प | थ | ■ | ■ | ना | ता |
| ओ | ह | दा | ■ | य | ■ | पा | ना |
| ■ | ना | ता | क | ती | ■ | ठ | ■ |
| रा | ई | ■ | ला | म | ■ | क | र्म |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# 15 साल की नौशीन नाज ने दो गोल दाग भारत को दिलाई जीत




● **नौशीन बनीं प्लेयर ऑफ द मैच** – दो शानदार गोल करने वाली नौशीन नाज को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। 15 साल की इस युवा खिलाड़ी ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया और भारत की जीत में सबसे बड़ी भूमिका निभाई।

**काकामिगाहारा (जापान) (एजेंसी)।** 15 वर्षीय नौशीन नाज के शानदार दो गोलों की बदौलत भारतीय टीम ने अंडर-18 महिला एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप में विजयी शुरुआत की। पूल-ए के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 2-1 से हराकर टूर्नामेंट में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

● **पहले क्वार्टर में नहीं हुआ कोई गोल** – मुकाबले के शुरुआती क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। दोनों पक्षों ने मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी और पहला क्वार्टर गोलरहित समाप्त हुआ।

● **मलेशिया ने की वापसी की कोशिश** – तीसरे क्वार्टर में मलेशिया ने वापसी करने का प्रयास किया। 41वें मिनट में नूर अजली ने गोल दागकर स्कोर 2-1 कर दिया, जिससे मुकाबला रोमांचक हो गया। हालांकि भारतीय रक्षापंक्ति ने अंतिम क्वार्टर में शानदार प्रदर्शन किया और मलेशिया को कोई अन्य गोल करने का मौका नहीं दिया। इसके साथ ही भारत ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए मुकाबला जीत लिया।

● **नौशीन नाज ने दिलाई बढ़त** – दूसरे क्वार्टर में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे नौशीन नाज ने 19वें मिनट में शानदार तरीके से गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद नौशीन ने 28वें मिनट में एक और शानदार गोल दागा। उन्होंने मलेशियाई गोलकीपर को चकमा देते हुए सटीक शॉट लगाया और भारत की बढ़त 2-0 कर दी। मध्यांतर तक भारतीय टीम पूरी तरह मुकाबले पर हावी रही।

### अंक तालिका में दूसरे स्थान पर भारत

इस जीत के साथ भारत पूल-ए में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारत और कोरिया दोनों के तीन-तीन अंक हैं, लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण कोरिया शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। भारतीय टीम अब रविवार को कोरिया के खिलाफ अपना अगला मुकाबला खेलेगी। पूल में शीर्ष स्थान तय करने के लिहाज से यह मैच बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# विनेश एशियन गेम्स ट्रायल के सेमीफाइनल में पहुंचीं

● लगातार दो बाउट जीतीं

## दूसरा गेम हंगामे के बाद रुका, पति की रेफरी से कहासुनी



**पानीपत (एजेंसी)।** पेरिस ओलिंपिक 2024 के बाद मैट पर उतरीं ओलिंपियन रेसलर विनेश फोगाट एशियन गेम्स के लिए ट्रायल दे रही हैं। 53 किलो भार वर्ग में उन्होंने लगातार दो बाउट जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब उनका मुकाबला जींद की मीनाक्षी गोयत से होगा। मीनाक्षी ने पिछले महीने सीनियर एशियन चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता था। विनेश का पहला मुकाबला हिसार की ज्योति सिहाग से हुआ, जिसमें उन्होंने ज्योति को 7-1 से हराया। ज्योति जूनियर वर्ल्ड कप की गोल्ड मेडलिस्ट रह चुकी हैं। विनेश का दूसरा मुकाबला जींद की नीशू से हुआ, जिसे उन्होंने 7-6 से जीता। दूसरा मुकाबला दो बार रुका। शुरूआत में नीशू ने विनेश को पटखनी देकर पांच पॉइंट हासिल किए। इसके बाद वापसी करते हुए विनेश ने नीशू को पटखनी देकर चार पॉइंट बटोरे। इस दौरान रेफरी से विनेश और उनके पति सोमबीर राठी की कहासुनी हो गई। आपत्ति के बाद मैच थोड़ी देर के लिए रोका गया। इसके बाद शुरू हुए मुकाबले में विनेश ने शानदार पटकनी देते हुए बढ़त बनाई। विनेश के 6 और नीशू के 5 पॉइंट हो गए थे। अंतिम 59 सेकेंड में मुकाबला 6-6 की बराबरी पर आ गया, जिसे लेकर हंगामा शुरू हो गया। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष संजय सिंह मैट पर पहुंच गए। आखिरी पॉइंट के लिए नीशू ने चुनौती दी, लेकिन मैट चेयरमैन और जज ने नीशू की चुनौती को खारिज करते हुए लास्ट पॉइंट नहीं दिया। इसके बाद रेफरी ने विनेश को 7-6 से विजेता घोषित किया। इससे नाराज नीशू ने विनेश से हाथ तक नहीं मिलाया।

● **विनेश के ट्रायल का मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा** – विनेश फोगाट को एशियन गेम्स 2026 के ट्रायल में शामिल करने को लेकर विवाद हुआ था। कुश्ती से दूरी बनाए रखने के कारण डब्ल्यूएफआई ने अपनी चयन नीति का हवाला देते हुए विनेश को ट्रायल में खेलने की अनुमति नहीं दी, जिसके बाद विनेश ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने कहा कि मां बनने के कारण किसी खिलाड़ी को अवसर देने से इनकार नहीं किया जा सकता और उन्हें ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दे दी।

# आयरलैंड को हराकर न्यूजीलैंड ने जीता इकलौता टेस्ट

### कीवी टीम एक पारी और 79 रन से जीती; ब्लेयर टिकनर ने पहली बार लिए 5 विकेट




**बेलफास्ट (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने बेलफास्ट टेस्ट में आयरलैंड को पारी और 79 रन से हरा दिया। शुक्रवार को फॉलोऑन खेलने उतरी आयरलैंड की टीम दूसरी पारी में 232 रन पर सिमट गई। तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर ने टेस्ट क्रिकेट में पहली बार 5 विकेट लिए। कीवियों ने तीसरे दिन की शुरुआत 65/2 से की और 232 रन पर ऑलआउट हो गई। पहली पारी में उसने 179 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 490 रन का स्कोर खड़ा किया। टॉम ब्लेंडल और रचिन रवींद्र ने शतकीय पारियां खेलीं। ब्लेंडल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**टिकनर के बाउंसरों के आगे आयरलैंड ने सरेंडर किया** – मैच के तीसरे दिन आयरलैंड 246 रन पीछे थी। पहली पारी में 6 विकेट लेने वाले नाथन स्मिथ ने सुबह के पहले 5 ओवर में नाइटवॉचर थॉमस मेस को स्लिप में कैच आउट कराकर आयरलैंड को पहला झटका दिया। ब्लेयर टिकनर की तेज बाउंसर हैरी टेक्टर के बल्ले के हैंडल पर लगी और वे स्लिप में कैच दे बैठे। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कर्टिस कैंपर टिकनर की उठती गेंद को संभाल नहीं पाए और गेंद उनके बाएं हाथ पर लगी। कैंपर दर्द से कराह उठे और 4 रन पर रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए। उन्हें तुरंत स्कैन के लिए अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज स्टीफन डोहेनी टिकनर की शॉर्ट डिलीवरी पर गल्ली में कैच दे बैठे। आउट होने से पहले डोहेनी ने 51 रन बनाए। लंच तक आयरलैंड ने 131 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे।

**लॉर्कन टकर की फिफ्टी, अडायर की पारी भी काम नहीं आई** – लंच के बाद विकेटकीपर बल्लेबाज लॉर्कन टकर ने काउंटर अटैक शुरू किया और 69 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। हालांकि, फिफ्टी पूरी करते ही वे अगली गेंद पर टिकनर का शिकार बन गए। टकर ने बाउंसर पर पुल शॉट खेलने की कोशिश में विकेटकीपर के ऊपर हवा में शॉट खेला, जिसे स्लिप से भागकर आए डेरिल मिचेल ने लपक लिया। टकर 51 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद नंबर 9 पर आए मार्क एडेयर ने कीवी गेंदबाजों के बाउंसरों का जवाब आक्रामक बल्लेबाजी से दिया। वे लेग स्टंप की तरफ हटकर लगातार क्रॉस-बैट शॉट्स खेलते रहे। एडेयर ने 47 गेंदों में नाबाद 44 रन की तेज पारी खेली, जिसमें उन्होंने मिडविकेट बाउंड्री के ऊपर से बड़े शॉट्स लगाए।

# फ्रेंच ओपन में उलटफेर का दौर

● फोंसेका ने नोवाक जोकोविच हराया ● कोलिंगन ने शेल्टन को हराया ● जानिक सिनर टूर्नामेंट से बाहर

## उलटफेर का शिकार हुए नोवाक जोकोविच, फोंसेका ने रोमांचक मुकाबले में हराया



**पेरिस।** ब्राजील के 19 वर्षीय खिलाड़ी जोआओ फोंसेका ने बड़ा उलटफेर करते हुए तीन बार की चैंपियन नोवाक जोकोविच को तीसरे राउंड में हराकर फ्रेंच ओपन 2026 से बाहर कर दिया। दो सेट से पिछड़ने के बाद फोंसेका ने मुकाबले में जबरदस्त वापसी की और हर किसी को अपने खेल से चौंका दिया। पहले दो सेट के बाद फोंसेका के चेहरे पर निराशा दिख रही थी, जबकि जोकोविच दोनों सेट जीतकर मैच पर पूरी तरह से दबदबा बनाए हुए थे। हालांकि, ब्राजील के खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अगले तीन सेट जीतकर रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच को 4-6, 4-6, 6-3, 7-5, 7-5 से हरा दिया। क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में यह दूसरा सबसे बड़ा उलटफेर है। जोकोविच से पहले जैनिक सिनर भी टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। नतीजतन, पुरुषों के सिंगल्स मुकाबले में अब खिताब जीतने की दौड़ और ज्यादा खुली हो गई है, और कई खिलाड़ियों के पास जीतने का अच्छा मौका है। फोंसेका ने लगभग 4 घंटे 53 मिनट तक चले लंबे और कड़े मैच में जीत दर्ज की। चौथे सेट में 3-4, 15/40 पर सर्व करते समय फोंसेका हार से सिर्फ पांच पॉइंट दूर थे, लेकिन 28वीं वरीयात प्राप्त वाले खिलाड़ी ने उन दो ब्रेक पॉइंट को रोक दिया और उस मोमेंटम का फायदा उठाते हुए जोकोविच को निर्णायक सेट खेलने के लिए मजबूर कर दिया। मैच के दौरान जोकोविच कई बार थके हुए और शारीरिक रूप से परेशान नजर आए। इसके बावजूद 39 वर्षीय खिलाड़ी ने हार नहीं मानी और निर्णायक पांचवें सेट में शुरुआत में ही 3-1 की बढ़त हासिल कर ली। फोंसेका ने फिर से वापसी की। उन्होंने आखिरी आठ में से छह गेम अपने नाम करते हुए एक यादगार जीत हासिल की। 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन में एंड्री रुबलेव को हराने के बाद, यह किसी टॉप-10 खिलाड़ी के खिलाफ उनकी दूसरी जीत है। जोकोविच के खिलाफ अपने पहले टूर-लेवल मुकाबले में जीत हासिल करके फोंसेका ने इतिहास रच दिया। वह ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच को हराने वाले पहले किशोर (टीनेजर) खिलाड़ी बन गए हैं। फोंसेका पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचे हैं।

### जुआन मैनुअल सेरुंडोलो से हारकर जानिक सिनर टूर्नामेंट से बाहर



फ्रेंच ओपन में गुरुवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला था। टूर्नामेंट में एकल खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे इटली के जानिक सिनर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी सिनर को अर्जेंटीना के जुआन मैनुअल सेरुंडोलो ने 3-6, 2-6, 7-5, 6-1, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इस हार के साथ ही सिनर का करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने का सपना टूट गया। पांच सेट तक चले इस मुकाबले में जब सिनर अपने दूसरे राउंड के मैच के तीसरे सेट में 5-1 से आगे चल रहे थे, तब ऐसा लग रहा था कि जीत उनकी ही होगी। लेकिन, अचानक सिनर को मांसपेशियों में खिंचाव की समस्या हुई। 24 साल के सिनर ने दो बार मैच को अपने नाम करने के लिए सर्विस की, लेकिन दोनों बार वह नाकाम रहे। इसके अलावा, 5-4, 0/40 के स्कोर पर उन्हें कोर्ट से बाहर जाकर मेडिकल सुविधा लेनी पड़ी। उसके बाद सिनर कभी फिट नहीं हो पाए।

### कोलिंगन ने शेल्टन को हराया



फ्रेंच ओपन 2026 में उलटफेर का दौर जारी है। मेंस सिंगल्स में राफेल कोलिंगन ने अब पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बेन शेल्टन को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया है। कोलिंगन ने यह मुकाबला सीधे सेटों में 6-4, 7-5, 6-4 से जीता और तीसरे राउंड में जगह बना ली। कोलिंगन की इस जीत के साथ टॉप हाफ ड्रॉ में अब सिर्फ एक टॉप-8 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ही बचा है। दो घंटे, तीन मिनट की इस जीत में कोलिंगन ने 49 में से 43 फर्स्ट-सर्व पॉइंट हासिल किए और उन्हें कभी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। फ्रेंच ओपन की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के 62वें नंबर के खिलाड़ी राफेल कोलिंगन ने एक खास उपलब्धि हासिल की है। वे पिछले 13 सालों में पहले ऐसे बेल्जियन खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने किसी बड़े टूर्नामेंट में टॉप-5 सीड खिलाड़ी को हराया है। इससे पहले यह कारनामा 13 साल पहले कोच डार्सिस ने विंबलडन में राफेल नडाल को हराकर किया था। पिछले साल सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेविस कप मुकाबले में भी राफेल कोलिंगन ने बड़ा उलटफेर किया था, जब उन्होंने एलेक्स डी मिनौर को हरा दिया था। यह उनकी दूसरी बार किसी टॉप-10 खिलाड़ी के खिलाफ जीत थी। इस टूर्नामेंट में चौथे सीड फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ही टॉप हाफ में अकेले बचे हुए टॉप-8 सीड खिलाड़ी रह गए थे, यानी बाकी बड़े खिलाड़ी पहले ही बाहर हो चुके थे। कोलिग्नन का अगला मुकाबला इटली के माटेओ अर्नाल्डी से होगा, जिन्होंने 2021 में फाइनल में पहुंचने वाले स्टेफानोस सितसिपास को 7-6(2), 5-7, 6-3, 6-2 से हराया। दूसरे मुकाबलों में, ऑगर-अलियासिमे ने अर्जेंटीना के रोमन एंड्रेस बुरुचागा को 4-6, 6-0, 7-5, 6-1 से हराया और कोबोली ने वू यिबिंग को 6-4, 6-4, 6-4 से मात दी।

# सैम करन के आईपीएल छोड़ने पर भड़के संगकारा

### कहा- चोट सीजन भर ठीक न होने वाली थी, तो सरे के लिए क्यों खेल रहे




**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करन के आईपीएल से हटने पर सवाल उठाए हैं। संगकारा ने शुक्रवार को कहा- करन ने सीजन खत्म करने वाली चोट का हवाला देकर टूर्नामेंट छोड़ा था, लेकिन बाद में वे इंग्लैंड में सरे के लिए खेलते नजर आए, जो निराशाजनक है। श्रीलंका के पूर्व लेफ्टी बैटर ने गुजरात से क्वालिफायर-2 में हारने के बाद कहा- हमें बताया गया था कि सैम करन की चोट सीजन खत्म करने वाली है, लेकिन अब मैंने उन्हें सरे के लिए खेलते देखा है। यह निराशाजनक है।करन के हटने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने रिप्लेसमेंट के तौर पर श्रीलंका के दासुन शनाका को टीम में शामिल किया था। लेकिन, वे खास प्रदर्शन नहीं कर सके।

**कहा- प्लेयर्स की अवेलेबिलिटी के लिए कड़े नियम जरूरी** – संगकारा ने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धता को लेकर सख्त नियम जरूरी हैं। बीसीसीआई की मौजूदा नीति सही दिशा में है। उन्होंने कहा कि गंभीर चोटों को समझा जा सकता है, लेकिन खिलाड़ियों को अपनी अनुबंध संबंधी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए।

पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन ने भी कहा है कि बीसीसीआई और विदेशी बोर्डों को खिलाड़ियों की उपलब्धता के मामले में बेहतर तालमेल बिठाने की जरूरत है, ताकि टीम के संतुलन पर ज्यादा असर न पड़े।

**बोर्ड का नियम- नीलामी के बाद हटे, तो 2 साल बैन** – बीसीसीआई ने पहले से ही एक नियम बना रखा है, जिसके तहत अगर कोई विदेशी खिलाड़ी नीलामी में खरीदे जाने के बाद आईपीएल से अपना नाम वापस ले लेता है, तो उस पर दो साल का बैन लगा दिया जाता है। आईपीएल में विदेशी खिलाड़ियों की उपलब्धता लंबे समय से चर्चा का विषय रही है। ऐसे में संगकारा का बयान इस बहस को एक बार फिर केंद्र में ले आया है।

# मैं 200 की स्पीड से बॉल करने की कोशिश करूंगा..

### ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले यह क्या बोल गए शाहीन अफरीदी? प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिया ऐसा बयान




**रावलपिंडी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की टीम इस वक्त पाकिस्तान के दौरे पर है। दोनों टीमों के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज 30 मई से शुरू हो गया है। सीरीज का पहला मुकाबला रावलपिंडी के रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि उससे पहले पाकिस्तान की वनडे टीम के कप्तान शाहीन अफरीदी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बयान दिया है।

शाहीन अफरीदी ने अपने बयान में क्या कहा?

दरअसल, रिपोर्टर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान शाहीन अफरीदी से पाकिस्तान टीम के तेज गेंदबाजों की गिरती हुई स्पीड पर सवाल किया। उन्होंने शाहीन से पूछा कि आप इस स्पीड को कैसे बढ़ाएंगे। इसपर शाहीन ने जवाब देते हुए कहा कि, मैं 200 की स्पीड से गेंदबाजी करने की कोशिश करूंगा। यह बात कहकर शाहीन हंसने लगे थे।

पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया सीरीज का शेड्यूल

बता दें कि पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला वनडे मुकाबला 30 मई को रावलपिंडी में खेला जाएगा। वहीं दूसरा मैच 2 जून और तीसरा वनडे 4 जून को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा। पाकिस्तान ने इस सीरीज में अनुभवी पाकिस्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को मौका नहीं दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### पशु चिकित्सकों की संपर्क सूची जारी

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले के पशुपालकों को बेहतर एवं त्वरित पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला पशुपालन कार्यालय, औरंगाबाद द्वारा जिले में कार्यरत पशुपालन विभाग के पदाधिकारियों एवं पशु चिकित्सकों की अद्यतन संपर्क सूची जारी की गई है। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण,उपचार,टीकाकरण, रोग नियंत्रण,आपातकालीन चिकित्सा सहायता तथा अन्य पशुपालन संबंधी सेवाओं के लिए संबंधित चिकित्सकों एवं पदाधिकारियों से सीधे संपर्क स्थापित करने में सुविधा प्रदान करना है। जारी सूची में जिला स्तर से लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक कार्यरत पशुपालन विभाग के पदाधिकारियों एवं पशु चिकित्सकों के नाम एवं मोबाइल नंबर शामिल किए गए हैं। जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने निर्देश दिया है कि सभी पशु चिकित्सक एवं संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पशुपालकों को समय पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पशुओं में किसी प्रकार की बीमारी,संक्रमण अथवा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा पशुपालकों को हर संभव तकनीकी एवं चिकित्सीय सहायता प्रदान की जाए। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. श्याम किशोर ने बताया कि जिला पशुपालन कार्यालय सहित जिले के सभी पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

औरंगाबाद के समग्र विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की हुई व्यापक समीक्षा

# आमजन को योजनाओं का लाभ दिलाना प्रशासन की जिम्मेदारी : रमा निषाद

## प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, नगर विकास और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की प्रगति पर की समीक्षा, अधिकारियों को दिए समयबद्ध निष्पादन के निर्देश

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



समाहरणालय स्थित योजना भवन में शनिवार को जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार की पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री सह औरंगाबाद की प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने की। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, आधारभूत संरचना परियोजनाओं, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा प्रभारी मंत्री को पौधा एवं देव मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किए जाने से हुई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों का भी सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न विभागों की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट, उपलब्धियों एवं चुनौतियों से बैठक को अवगत कराया। कृषि विभाग की समीक्षा में किसानों को बीज, उर्वरक, कृषि यंत्रों पर अनुदान, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से दिए जा रहे लाभ की जानकारी दी गई। फसल विविधीकरण, जल संरक्षण एवं कृषि उत्पादन वृद्धि से संबंधित कार्यक्रमों की प्रगति पर भी चर्चा हुई। प्रभारी मंत्री ने किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा बताया गया कि अमृत योजना के अंतर्गत चयनित वार्डों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। अमृत 2.0 के तहत छह ओवरहेड टैंक का निर्माण पूर्ण कर लगभग 13 हजार घरों तक पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अधिकांश स्वीकृत आवासों का निर्माण पूरा कर लाभुकों को उपलब्ध कराया जा चुका है। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि जिले में विभिन्न योजनाओं के तहत 299 सड़क एवं पुल परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इनमें कई योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं जबकि शेष परियोजनाओं का कार्य तेजी से जारी है। राष्ट्रीय उच्च पथ-139 के अनुरक्षण एवं रखरखाव कार्यों की भी समीक्षा की गई। उद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत युवाओं एवं कारीगरों को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी गई। बैठक में अधिक से अधिक पात्र युवाओं को इन योजनाओं से लाभान्वित करने पर बल दिया गया।

### विवाह योजना के लाभार्थियों की संख्या में भी निरंतर वृद्धि

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में संचालित 2,660 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित परवरिश एवं स्पॉन्सरशिप योजनाओं के माध्यम से सैकड़ों बच्चों को सहायता प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लाभार्थियों की संख्या में भी निरंतर वृद्धि हुई है।

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभुकों को नियमित भुगतान सुनिश्चित किए जाने की जानकारी दी गई। वहीं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड निर्गत करने और जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। पशुपालन विभाग ने बताया कि पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाने के लिए बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। एफएमडी, ब्रुसेलोसिस एवं पीपीआर टीकाकरण कार्यक्रमों के तहत लाखों पशुओं को आच्छादित किया गया है। शिक्षा विभाग की समीक्षा में छात्रवृत्ति, पोशाक, साइकिल एवं प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुंचाने, पाठ्य-पुस्तकों का शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने तथा विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की जानकारी दी गई। साथ ही जिले के सभी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना के सफल संचालन पर संतोष व्यक्त किया गया।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा में दाखिल-खारिज एवं अन्य राजस्व मामलों के निष्पादन की प्रगति संतोषजनक पाई गई। प्रभारी मंत्री ने लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा नागरिकों को पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समिति सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं, विकास कार्यों एवं जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। प्रभारी मंत्री ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के अंत में प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता, नियमित अनुश्रवण तथा विभागीय समन्वय सुनिश्चित करते हुए सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया, ताकि आमजन को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।

### नियमित टीकाकरण को बढ़ावा देने का निर्देश

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 246 स्वास्थ्य उपकेंद्र, 59 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तीन रेफरल अस्पताल, एक जिला अस्पताल तथा एक अनुमंडलीय अस्पताल संचालित हैं। जननी बाल सुरक्षा योजना के तहत बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया गया है तथा जिला अस्पताल में 424 प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं। प्रभारी मंत्री ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने, नियमित टीकाकरण तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने का निर्देश दिया।

# दो जून को औरंगाबाद पहुंचेंगे सीएम जनसभा को करेंगे संबोधित

- मुख्यमंत्री बनने के बाद सम्राट चौधरी का यह पहला औरंगाबाद दौरा होगा।
- घेउरा पंचायत में प्रस्तावित सहयोग शिविर को स्थानांतरित कर बभंडीह खेल मैदान में आयोजित करने का निर्णय।
- दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल।
- बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर विशेष फोकस।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का आगामी 2 जून को औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड स्थित बभंडीह खेल मैदान में आगमन प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है और कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक महकमे में उत्साह के साथ-साथ सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। शुक्रवार की देर शाम जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल ने बभंडीह खेल मैदान पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने स्थल चयन के बाद संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, हेलीपैड निर्माण, मंच निर्माण तथा सहयोग शिविर के लिए लगाए जाने वाले स्टॉलों की व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई।

शनिवार की सुबह से ही मुख्यमंत्री कके प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां और तेज हो गईं। जिले के कई वरीय अधिकारी तथा प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी बभंडीह खेल मैदान पहुंचे और विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर हेलीपैड निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान चिह्नित किया तथा मंच, वीआईपी बैठक व्यवस्था, वाहन पार्किंग और आम लोगों के लिए आवश्यक सुविधाओं की रूपरेखा तय की।

जानकारी के अनुसार 2 जून को घेउरा पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन होना है। इस शिविर की तैयारी पहले से चल रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए आयोजन स्थल में बदलाव करते हुए इसे बभंडीह खेल मैदान में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहयोग शिविर का अवलोकन करेंगे और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे तथा सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद सम्राट चौधरी का यह पहला औरंगाबाद दौरा होगा। ऐसे में जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और स्थानीय लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रशासन को बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की उम्मीद है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# बरसात में डूब जाता है चौरसिया नगर, जल निकासी के लिए बृहत ड्रेनेज व्यवस्था की मांग

**विशेष संवाददाता | देव (औरंगाबाद)**

देव नगर पंचायत अंतर्गत चौरसिया नगर क्षेत्र में हर वर्ष बरसात के मौसम में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि राजबांध से तेज गति से आने वाला पानी पूरे इलाके में फैल जाता है, जिससे किसानों की खेती प्रभावित होती है और आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो जाता है। जलजमाव के कारण किसानों की जमीन लंबे समय तक डूबी रहती है, जिससे फसल उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। स्थानीय लोगों के अनुसार सराबीघा जाने वाले मार्ग पर भी बरसात के दिनों में आवागमन मुश्किल हो जाता है। वहीं चौरसिया नगर के समीप स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बुढ़वा महादेव मंदिर जाने वाला रास्ता भी जलमग्न हो जाता है। श्रावण माह में यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं, लेकिन जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। देव संस्कृति परिषद के सदस्यों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। विभिन्न स्तरों पर निरीक्षण भी हुए, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। परिषद के सदस्यों ने मांग की है कि क्षेत्र में अविलंब बृहत ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कराया जाए, ताकि बरसात के पानी की समुचित निकासी हो सके और किसानों की खेती तथा आम लोगों की आवाजाही सुरक्षित रह सके।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले राजबांध के पानी को देव सूर्यकुंड और रुद्रकुंड की ओर मोड़ने की व्यवस्था थी, जिससे चौरसिया नगर क्षेत्र में जलजमाव की समस्या नहीं होती थी। लेकिन समय के साथ यह व्यवस्था समाप्त हो गई, जिसके कारण बरसात का पानी सीधे आबादी वाले इलाके और बुढ़वा महादेव मार्ग पर जमा होने लगा है। लोगों ने चिंता जताई कि देव को नगर पंचायत का दर्जा मिले लगभग चार वर्ष बीत चुके हैं, इसके बावजूद क्षेत्र की इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं हो सका है। उनका कहना है कि राज्य में सरकारें बदलीं, विकास योजनाएं बनीं, लेकिन ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगरी देव की मूलभूत समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं। स्थानीय नागरिकों और देव संस्कृति परिषद ने मांग की है कि देव सूर्यकुंड से सटे चौरसिया नगर क्षेत्र को मास्टर प्लान के तहत विकसित किया जाए तथा स्थायी जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उनका मानना है कि इससे न केवल स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि धार्मिक और पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र का समुचित विकास भी संभव हो सकेगा।

# उपभोक्ता फोरम के हस्तक्षेप से निवेशक दंपती को मिली राहत, सात साल बाद मिला 6.41 लाख रुपये का चेक

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने निवेशकों को बड़ी राहत देते हुए देव थाना क्षेत्र के खेमचंद बीघा निवासी रविशंकर कुमार एवं उनकी पत्नी को वेलफेयर कंपनी में फंसी राशि की पहली किश्त दिलवाई है। आयोग के हस्तक्षेप के बाद दंपती को 6 लाख 41 हजार रुपये का चेक सौंपा गया। इस मामले को निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता के रूप में देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार रविशंकर कुमार और उनकी पत्नी ने वर्ष 2016 में वेलफेयर कंपनी की एक निवेश योजना में कुल 10 लाख 45 हजार रुपये जमा किए थे। कंपनी द्वारा निवेश की परिपक्वता अवधि वर्ष 2023 निर्धारित की गई थी। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद जब दंपती ने अपनी जमा राशि वापस मांगी तो कंपनी ने भुगतान करने से इनकार कर दिया। कई बार कंपनी से संपर्क करने और नोटिस भेजने के बावजूद उन्हें कोई राहत नहीं मिली।

कंपनी के रवैये से परेशान होकर रविशंकर कुमार ने औरंगाबाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परिवाद दायर किया। मामले की सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि कंपनी ने निवेशकों के साथ सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार किया है। इसके बाद आयोग ने कंपनी को निवेश की पूरी राशि ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया।

आयोग के सख्त रुख के बाद कंपनी ने पहली किश्त के रूप में 6 लाख 41 हजार रुपये का चेक आयोग के समक्ष जमा किया। शुक्रवार को आयोग ने यह चेक रविशंकर कुमार और उनकी पत्नी को सौंप दिया। आयोग के आदेश के अनुसार शेष बकाया राशि का भुगतान भी आगामी तिथियों में किश्तों के माध्यम से किया जाएगा। यदि कंपनी आदेश का पालन नहीं करती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें संपत्ति कुर्की जैसी कार्रवाई भी शामिल हो सकती है।

इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष ने निवेशकों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी निवेश से पहले संबंधित कंपनी की विश्वसनीयता की जांच अवश्य कर लें। उन्होंने सलाह दी कि निवेश केवल भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) या भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) से अधिकृत संस्थानों में ही किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि कोई कंपनी परिपक्वता के बाद भुगतान नहीं करती है तो उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराकर न्याय प्राप्त किया जा सकता है, जहां सुनवाई अपेक्षाकृत तेज और कम खर्चीली होती है। उन्होंने निवेशकों को अपने सभी दस्तावेज जैसे जमा रसीद, बॉन्ड और एग्रीमेंट सुरक्षित रखने की भी सलाह दी तथा भुगतान की शर्तों को हमेशा लिखित रूप में प्राप्त करने पर जोर दिया। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के इस फैसले से उन हजारों निवेशकों में नई उम्मीद जगी है, जिनकी रकम विभिन्न चिटफंड और निवेश कंपनियों में फंसी हुई है। आयोग के अनुसार वर्ष 2025-26 के दौरान अब तक 3.2 करोड़ रुपये से अधिक की राशि निवेशकों को वापस दिलाई जा चुकी है।

# व्यवसायियों की समस्याओं और विकास के मुद्दों को लेकर प्रभारी मंत्री रमा निषाद से मिला चैंबर्स ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



औरंगाबाद जिला चैंबर्स ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को जिले की प्रभारी मंत्री सह बिहार सरकार की मंत्री रमा निषाद से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने जिले के व्यवसायियों, आम नागरिकों तथा विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा और उनसे विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी मंत्री को बताया कि औरंगाबाद में व्यापारिक गतिविधियों को सुचारु, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए कई बुनियादी समस्याओं के समाधान की आवश्यकता है। व्यवसायियों ने कहा कि यदि इन समस्याओं का समय रहते निराकरण किया जाता है तो जिले में व्यापारिक वातावरण और बेहतर होगा तथा आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

चैंबर्स ऑफ कॉमर्स द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में शहर और बाजार क्षेत्रों की सड़कों की मरम्मत, लगातार बढ़ रही ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने, बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार तथा बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की गई। इसके अलावा प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का विस्तार, पुलिस गश्ती बढ़ाने तथा अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाने की भी आवश्यकता बताई गई।

प्रतिनिधिमंडल ने जिले में आधुनिक कोल्ड स्टोरेज की स्थापना, उद्योगों के विकास के लिए भूमि आवंटन की व्यवस्था तथा व्यवसायियों के शस्त्र लाइसेंस संबंधी प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की मांग भी रखी। उनका कहना था कि इन सुविधाओं के अभाव में व्यापार और उद्योग दोनों प्रभावित हो रहे हैं। प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि व्यवसायियों की समस्याओं के समाधान और जिले के समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है तथा जनहित से जुड़े मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर पहल की जाएगी। इस अवसर पर चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उम्मीद जताई कि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई होने से जिले में व्यापारिक माहौल और अधिक सुदृढ़ होगा तथा रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

## जिले का नाम देव करने के लिए गृह मंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन

**औरंगाबाद(एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर 'देव' किए जाने की मांग एक बार फिर उठी है। जिले की सामाजिक संस्था जनेश्वर विकास केंद्र के सचिव, वरीय अधिवक्ता एवं महोत्सव पुरुष के नाम से चर्चित सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा से मुलाकात कर इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने अनुरोध किया कि इसे जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तक पहुंचाया जाए, ताकि इस मांग पर सकारात्मक पहल हो सके। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर 'देव' किए जाने से क्षेत्र को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी तथा पर्यटन, संस्कृति और विकास को बढ़ावा मिलेगा। सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा कि देव सूर्य मंदिर त्रेता युग से जुड़ा विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का केंद्र है। यह देश के प्रमुख सूर्य मंदिरों में शामिल है, जहां कार्तिक और चैती छठ के अवसर पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूर्ण होने पर एक सामयिक संवाद कार्यक्रम आयोजित

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दवीणा के तत्वावधान में एक सामयिक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास, उसकी भूमिका और वर्तमान चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर रश्मि प्रियदर्शनी तथा औरंगाबाद जिला संरक्षक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा के आह्वान पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता सह जिलाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि 30 मई 1826 को हिंदी भाषा के प्रथम समाचार पत्र उदंत मार्तण्ड का प्रकाशन शुरू हुआ था। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति में प्रतिवर्ष 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है।




उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजी, फारसी, उर्दू और बांग्ला भाषाओं के समाचार पत्रों का वर्चस्व था। ऐसे समय में महान साहित्यकार और पत्रकार पंडित युगल किशोर शुक्ला ने कोलकाता से उदंत मार्तण्ड का प्रकाशन प्रारंभ कर हिंदी पत्रकारिता की नींव रखी। यह केवल एक समाचार पत्र नहीं था, बल्कि हिंदी भाषा और भारतीय जनमानस की आवाज बनकर उभरा। सीमित संसाधनों और अंग्रेजी हुकूमत की प्रतिकूल नीतियों के बावजूद इस पत्र ने राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने और स्वतंत्रता आंदोलन को बल प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुरेश विद्यार्थी ने कहा कि उस दौर में अंग्रेज सरकार ने हिंदी समाचार पत्रों को मिलने वाली सुविधाएं और सब्सिडियां भी बंद कर रखी थीं, फिर भी उदंत मार्तण्ड ने हिंदी पत्रकारिता को नई पहचान दी। अनेक क्रांतिकारियों ने इस माध्यम का उपयोग जनजागरण और स्वतंत्रता की भावना को मजबूत करने के लिए किया। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाने का उद्देश्य केवल इतिहास को याद करना नहीं, बल्कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और सशक्त पत्रकारिता की नींव रखने वाले पत्रकारों को सम्मान देना भी है। साथ ही बदलते मीडिया परिदृश्य पर विचार करना और हिंदी पत्रकारिता की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। वर्तमान समय की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में हिंदी समाचार पत्र, पत्रिकाएं और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नई तकनीकों के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि बदलते दौर में पत्रकारिता ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं और आज विश्वसनीयता बनाए रखना सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। ऐसे समय में पत्रकारिता की गरिमा, निष्पक्षता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बनाए रखना प्रत्येक पत्रकार का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होना केवल एक ऐतिहासिक उपलब्धि नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर भी है। इसी भावना को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, 'पत्रकारिता के हुए 200 साल, शब्दवीणा ने पूछा क्या है हाल।' यह पंक्ति वर्तमान पत्रकारिता की स्थिति और उसकी चुनौतियों पर गंभीर चिंतन का संदेश देती है।

विराट क्लासेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# सुरक्षित बचपन ही उन्नत और खुशहाल राष्ट्र की मजबूत नींव : पैनल अधिवक्ता




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में औरंगाबाद शहर के शाहपुर स्थित विराट क्लासेज में पॉक्सो अधिनियम के तहत एक वृहद जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माननीय बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देशानुसार नालसा (जागृति) योजना, 2025 के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देना, हाशिए पर खड़े समुदायों को सशक्त बनाना तथा बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता स्नेहलता, सतीश कुमार स्नेही, कानूनी प्रतिरक्षा प्रणाली के उपमुख्य बचाव अधिवक्ता अभिनंदन कुमार तथा पारा विधिक स्वयंसेवक विकास कुमार पाठक ने भाग लिया। वहीं विराट क्लासेज के निदेशक अमित कुमार के सहयोग की भी सराहना की गई।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सुरक्षित बचपन ही एक उन्नत, विकसित और खुशहाल राष्ट्र की मजबूत नींव रखता है। जब बच्चों को भयमुक्त, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण मिलता है, तभी एक सशक्त समाज और समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं और बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए उनका सुरक्षित एवं खुशहाल होना अत्यंत आवश्यक है। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार किसी मजबूत इमारत के लिए उसकी नींव का मजबूत होना जरूरी होता है, उसी प्रकार एक प्रगतिशील समाज के लिए सुरक्षित बचपन अनिवार्य है। सुरक्षित बचपन का अर्थ केवल भोजन और आश्रय उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि बच्चों को भयमुक्त वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, उचित पोषण तथा शोषण और उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करना भी इसमें शामिल है। पैनल अधिवक्ताओं ने पॉक्सो अधिनियम की जानकारी देते हुए बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम और कानूनी संरक्षण के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

**निज संवाददाता | अंबा (औरंगाबाद)**

अंबा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में शनिवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान 20 वर्षीय काजल कुमारी के रूप में हुई है, जो गांव निवासी रंजन यादव की पत्नी थी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। काजल अपने पीछे दो वर्षीय पुत्र सूर्या को छोड़ गई है। जानकारी के अनुसार काजल की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व रंजन यादव के साथ हुई थी। शनिवार सुबह उसके मायके वालों को देवर पंकज द्वारा सूचना दी गई कि काजल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही मदनपुर थाना क्षेत्र के कुशहा गांव निवासी उसके पिता रमेश यादव एवं अन्य परिजन रामपुर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि जब वे ससुराल पहुंचे तो काजल का शव घर के आंगन में पड़ा हुआ था।



मृतका के मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही काजल को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था, जिसके कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहती थी। उनका कहना है कि लगातार प्रताड़ना के चलते उसने यह कदम उठाया। वहीं ससुराल पक्ष ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि लहंगा खरीदने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद काजल ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया और कथित रूप से फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलने पर अंबा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। इस दौरान मायके और ससुराल पक्ष के बीच काफी देर तक बातचीत और समझौते का प्रयास चलता रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा रिश्तेदारों के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्ष पोस्टमार्टम कराने पर सहमत हुए, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल में भी दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। मायके वालों ने मृतका के दो वर्षीय पुत्र सूर्या के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग उठाई।